सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 20 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 136, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



सेंसेक्स में 114 अंकों की गिरावट

कारोबार के अंतिम समय में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 114 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की गिरावट आई। } 10

देश से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा बलों की वीरता, साहस और सर्वोच्च बलिदान के कारण 31 मार्च की समय सीमा से पहले ही देश से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया। } 12

प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर, बांदा में 48 डिग्री

44 पर उबल रहा लखनऊ ❍ बुंदेलखंड समेत 21 जिलों में लू का ऑरेंज अलर्ट ❍ रातें भी गर्म

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बुंदेलखंड और दक्षिणी यूपी के कई जिलों में सोमवार को भीषण लू और झुलसाने वाली गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के थपेड़ों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की है। बांदा प्रदेश ही नहीं बल्कि देश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश में लगातार बांदा में अधिकतम तापमान सर्वाधिक दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी से जहां बांदा

जल रहा है वहीं, राजधानी लखनऊ के लोग 43.8 डिग्री के अधिकतम तापमान के साथ उबल रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बांदा प्रदेश का सबसे गर्म जिला दर्ज किया गया, जहां अधिकतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। प्रयागराज, झांसी और ...शेष पृष्ठ 10 पर

लू व गर्मी से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह तैयार : पाठक

लखनऊ। प्रदेश में कुछ दिनों तक भीषण गर्मी और लू चलने की मौसम विभाग की चेतावनी के बाद स्वास्थ विभाग अलर्ट हो गया है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने, धूप में बिना जरूरत न निकलने की अपील की है। इसके मद्देनजर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रदेश के सभी मंडलीय, जिला, संयुक्त, शहरी एवं ग्रामीण चिकित्सालयों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वास्थ्य उपकेंद्र, मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा संस्थानों में गर्मी से पीड़ितों को इलाज मुहैया कराने ...शेष पृष्ठ 10 पर

गृहमंत्री ने राज्यों के बीच समन्वय पर दिया जोर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का किया स्वागत

विशेष संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पहली बार हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने हाथ जोड़कर एक-दूसरे को नमस्कार किया। सीएम योगी ने इस पूरे मूवमेंट की तस्वीर खुद अपने पर शेयर किया। योगी ने लिखा- आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी का अभिनंदन किया।

बस्तर में हो रही इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की। इस हाई प्रोफाइल बैठक में यूपी, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड



के मुख्यमंत्री मौजूद हैं। बैठक में राज्यों के विकास के साथ गंभीर सामाजिक और सुरक्षा के मुद्दों पर कड़े फैसले लिए गए। चारों राज्यों में अपराध नियंत्रण, विशेषकर महिलाओं के उत्पीड़न और रेप जैसे मामलों पर जल्द फैसले लेने पर चर्चा की गई। बैठक में राज्यों के बीच आपसी समन्वय, कानून व्यवस्था, सीमा विवाद, परिवहन, बिजली और जल संसाधन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। नक्सल प्रभावित रहे इलाकों में संयुक्त रणनीति और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल पर भी फोकस रहा। सूत्रों के मुताबिक, सीएम योगी बैठक में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर यूपी की बदली तस्वीर को सामने रख सकते हैं। वह सोनभद्र, मिजार्पुर और चंदौली जैसे जिलों में नक्सलवाद खत्म करने के प्रयासों और नेपाल सीमा से जुड़े जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी बता सकते हैं। इसके अलावा सीएम योगी आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं और उनके जीवन स्तर में आए बदलाव का भी जिक्र कर सकते हैं। सोनभद्र, बलिया, गोरखपुर, देवरिया और गाजीपुर में आदिवासी समाज के लिए चलाए जा रहे कार्यों को भी बैठक ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी का निधन

देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चंद्र (बी सी) खंडूरी के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित देश और प्रदेश के नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। राजनीति में सशक्त पहचान रखने वाले 91 वर्षीय खंडूरी का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद यहां के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। खंडूरी के निधन की खबर फैलते ही देश-प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गयी तथा उनके समर्थक और शुभचिंतक अस्पताल और उनके आवास पहुंचे।

बरेली में गिरी टंकी दो अभियंता बर्खास्त

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बरेली में निर्माणाधीन टंकी ढहने की घटना के बाद निर्माण एवं निरीक्षण में शामिल एजेंसियों को काली सूची में डालते हुए तीन अभियंताओं को निलंबित कर दिया है और पूरे राज्य में पानी की टंकी से जुड़ीं परियोजनाओं का सुरक्षा ऑडिट कराने का निर्देश दिया है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक चार मई को बरेली के आलमपुर जाफराबाद विकास खंड में एक निर्माणाधीन टंकी ढह जाने के मामले की जांच के लिए गठित समिति की प्राथमिक रिपोर्ट के आधार पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निर्देश का पालन करते हुए निर्माण एजेंसी एनसीसी तथा निरीक्षण एजेंसी बीएलजी कंस्ट्रक्शन को अयोज्ञ घोषित करते हुए काली सूची में डाल दिया गया है।

खतरनाक कुत्तों को दें मौत का इंजेक्शन

सुप्रीम कोर्ट ने रेबीज संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त आवारा कुत्तों को मारने का दिया आदेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में मानव जीवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए रेबीज से संक्रमित, लाइलाज बीमारी से ग्रस्त या खतरनाक आवारा कुत्तों को जान से मारने (यूथेनेशिया) की अनुमति दे दी।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की पीठ ने देश में आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए कई निर्देश जारी किए। पीठ ने स्पष्ट और कड़े शब्दों में कहा कि आवारा कुत्तों को जान से मारने का निर्देश स्थानीय निकायों और संबंधित अधिकारियों को जारी किए गए आदेशों में सबसे महत्वपूर्ण निर्देश है। अदालत ने कहा कि जिन क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई हो और जहां बार-बार कुत्तों के काटने या आक्रामक हमलों से जनसुरक्षा को लगातार खतरा पैदा हो रहा हो, वहां स्थानीय अधिकारी कुत्तों को जान से मारने का निर्णय ले सकते हैं। पीठ ने कहा कि यह कदम और अन्य कानूनी उपाय पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के आकलन के बाद तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960, पशु

जन्म नियंत्रण नियम, 2023 और अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करते हुए उठाए जाएं। शीर्ष अदालत ने यह आदेश पिछले वर्ष 28 जुलाई को स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किए गए मामले की सुनवाई के दौरान पारित किया। इस मामले में राष्ट्रीय राजधानी में, विशेषकर आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों को काटने से रेबीज फैलने की घटनाओं का उल्लेख किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के स्थानांतरण और बंध्याकरण संबंधी अपने पूर्व के आदेशों को वापस लेने की मांग वाली सभी याचिकाएं और आवेदन भी मंगलवार को यह कहते हुए खारिज कर दिए कि सम्मान के साथ जीवन जीने के अधिकार में कुत्तों के हमलों के भय से मुक्त होकर जीने का अधिकार भी शामिल है। पीठ ने पशु अधिकार कार्यकर्ताओं और अन्य याचिकाकर्ताओं की दलीलों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अदालत उन कठोर जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती, जिनमें बच्चे, विदेशी पर्यटक और बुजुर्ग कुत्तों के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। अदालत ने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने संबंधी निर्देश राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और अन्य वैधानिक निकायों को भी जारी किए। शीर्ष अदालत ने पिछले वर्ष सात नवंबर को शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे स्थानों पर कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि पर संज्ञान लेते हुए निर्देश दिया था कि आवारा कुत्तों को बंध्याकरण और टीकाकरण के बाद निर्धारित आश्रय स्थलों में भेजा जाए। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी से निपटने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से बुनियादी ढांचा तैयार करने में निरंतर और व्यवस्थित प्रयासों की स्पष्ट कमी दिखती है। उसने कहा कि पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम का कार्यान्वयन देशभर में अलग-अलग क्षेत्रों में बिखरे हुए, अपर्याप्त वित्तपोषण के साथ और असमान तरीके से हो रहा है। पीठ ने कहा कि सम्मान के साथ जीने के अधिकार में कुत्ते के काटने के खतरे से मुक्त होकर जीने का अधिकार भी शामिल है और अदालत इस कड़वी जमीनी हकीकतों से आंखें नहीं मूंद सकती कि बच्चे, विदेशी पर्यटक और बुजुर्ग कुत्ते के काटने की घटनाओं का शिकार हुए हैं। अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया कि वे आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए मिलकर बुनियादी ढांचा मजबूत करें। शीर्ष अदालत ...शेष पृष्ठ 10 पर

शीर्ष न्यायालय ने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा : मेनका गांधी

नयी दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पशु अधिकार कार्यकर्ता मेनका गांधी ने मंगलवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के मुद्दे परे पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने दलील दी कि न्यायालय के पिछले निर्देश देशभर में लागू नहीं हुए और उन्हें पूरा करना तकनीकी रूप ...शेष पृष्ठ 10 पर

पेट्रोल, डीजल के दाम 90 पैसे बढ़े

नयी दिल्ली। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मंगलवार को लगभग 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई। एक सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं। उद्योग सूत्रों के अनुसार, ईंधन के दाम बढ़ने के बाद नयी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 98.64 रुपये प्रति लीटर हो गई जो पहले 97.77 रुपये प्रति लीटर थी। वहीं डीजल की कीमत 90.67 रुपये से बढ़कर 91.58 रुपये हो गई।

बीते शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में चार साल से अधिक समय में पहली बार तीन-तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर किए गए हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक तेल की आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के बावजूद, खुदरा ईंधन की दरों को स्थिर रखा गया था। सरकार का कहना है कि यह कदम उपभोक्ताओं को बढ़ती वैश्विक ऊर्जा लागत से बचाने के लिए उठाया गया। हालांकि विपक्षी दलों ने कहा कि सरकार ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत के नार्डिक देशों से मजबूत होंगे रिश्ते

पीएम मोदी ने आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के प्रधानमंत्रियों के साथ किये समझौते

एजेंसी

ओस्लो। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग बैठकों के दौरान स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार, सतत विकास और डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने ये बैठकें तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से पहले कीं। आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रन फ्रॉस्टडॉटिर, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ अपनी बातचीत के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और तीनों नॉर्डिक देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की समग्र दिशा पर

चर्चा की। मोदी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रन फ्रॉस्टडॉटिर के साथ मेरी एक शानदार मुलाकात हुई। भारत आइसलैंड के साथ अपनी मित्रता को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, मत्स्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

फाल्टा चुनाव : तृणमूल कांग्रेस का प्रत्याशी मैदान से पीछे हटा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के फाल्टा विधानसभा क्षेत्र में 21 मई को पुर्नमतदान से पहले मंगलवार को एक नाटकीय मोड़ के तहत तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनाव मैदान से पीछे हटने की घोषणा कर दी। उनके इस कदम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को फाल्टा में एकतरफा जीत मिलने की संभावना है। जहां एक ओर विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस ने खान के निर्णय से दूरी बनाते हुए इसे उनका निजी फैसला करार दिया और आरोप लगाया कि चुनाव के बाद फाल्टा में भय का माहौल है। वहीं, दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि खान को कोई मतदान एजेंट नहीं मिल पाया, जिसके कारण वह चुनाव मैदान से भाग गए। खान ...शेष पृष्ठ 10 पर

कुंभ के सफल आयोजन के लिए केंद्र-राज्य समन्वय जरूरी

सांस्कृतिक आस्था, सुरक्षा व्यवस्था और विकास दृष्टिकोण पर सीएम धामी ने रखे विचार

प्रमुख संवाददाता

देहरादून/बस्तर (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में आयोजित मध्य क्षेत्रीय परिषद् की 26वीं बैठक में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाला कुंभ और मां नंदा राजजात यात्रा देश के बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में शामिल हैं। इन आयोजनों को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए केंद्र तथा राज्यों के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने की। बैठक में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत विभिन्न राज्यों

के मुख्यमंत्री, मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मां नंदा राजजात यात्रा उत्तराखंड की लोकपरंपरा, संस्कृति और आस्था का महत्वपूर्ण प्रतीक है, जबकि कुंभ विश्वभर में भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की पहचान के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए राज्य सरकार व्यवस्थाओं को आधुनिक और प्रभावी बनाने में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सड़क नेटवर्क, चिकित्सा सुविधाओं, यातायात संचालन, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, डिजिटल मॉनिटरिंग और आपदा प्रबंधन तंत्र को मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में विशाल आयोजनों का संचालन चुनौतीपूर्ण होता है, इसलिए विभिन्न एजेंसियों के बीच निरंतर समन्वय बेहद जरूरी है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर भी अपने सुझाव रखे। उन्होंने सीमावर्ती ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को नाका हिण्डोला तिकोना पार्क में लगा विशाल भंडारा

आम जनता की सेवा ही सच्चा धर्म : विराज सागर दास

फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को नाका हिण्डोला तिकोना पार्क लखनऊ में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन व यू.पी. ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने भंडारे में भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

इस मौके पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास, मनोज रस्तोगी मंडल अध्यक्ष, गिरीश गुप्ता पार्षद/पूर्व उपसभापति नगर निगम एवं श्रीमती शशि गुप्ता पूर्व पार्षद, पूर्व पार्षद राजीव बाजपेयी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

भण्डारे में प्रसाद वितरण करते हुए विराज सागर दास ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न सिर्फ मन को शांति मिलती है बल्कि धर्म के प्रति आस्था और अधिक प्रगाढ़ होती है। इस पावन माह में लोगों को प्रसाद वितरण कर बहुत खुशी मिलती है। यह पुण्य कमाने ...शेष पृष्ठ 10 पर

पारंपरिक व्यंजनों का बनेगा स्टैंडर्ड रेसिपी मैन्युअल

न्यूट्रीशन लेबलिंग से बढ़ेगा बाजार, एक जनपद एक व्यंजन से वैश्विक पहचान की ओर बढ़ेगा पारंपरिक स्वाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार अब प्रदेश की समृद्ध पाक परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाने जा रही है। एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का चिन्हांकन कर उन्हें संगठित, सुरक्षित, ब्रांडेड और बाजारोन्मुख बनाया जाएगा। इसका उद्देश्य केवल स्वाद और परंपरा को संरक्षित करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय उद्यमिता, रोजगार और निर्यात को भी बढ़ावा देना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में योगी कैबिनेट ने योजना को स्वीकृति दी है।

योजना के तहत जिलाधिकारियों, संबंधित विभागों, प्रतिष्ठित संस्थानों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और जिला उद्योग केंद्रों से प्राप्त सुझावों के आधार पर जनपदवार व्यंजनों की पहचान की गई है। सरकार इन व्यंजनों को आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। पारंपरिक व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान और राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से जनपदवार और व्यंजनवार स्टैंडर्ड रेसिपी मैन्युअल तैयार किए जाएंगे। इससे व्यंजनों का स्वाद और गुणवत्ता एक समान बनी रहेगी तथा उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। साथ ही इन व्यंजनों के नए वैरिएंट विकसित करने पर भी विशेष बल दिया जाएगा। सरकार व्यंजनों को एक्सपोर्ट रेडी बनाने के लिए आधुनिक पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर भी फोकस कर रही है। भारतीय पैकेजिंग संस्थान जैसे संस्थानों के सहयोग से स्मार्ट पैकेजिंग, इको-फ्रेंडली पैक, क्यूआर कोड, बारकोड और न्यूट्रीशन लेबलिंग जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे उपभोक्ताओं को उत्पाद की गुणवत्ता और पोषण संबंधी पूरी जानकारी मिल सकेगी तथा प्रदेश के पारंपरिक व्यंजन बड़े बाजारों तक पहुंच पाएंगे। योजना के तहत स्थानीय उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। पैकेजिंग, डिजाइनिंग, गुणवत्ता सुधार और फूड प्रोसेसिंग के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इससे ग्रामीण और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा पारंपरिक व्यंजन स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती देंगे। एक जनपद एक व्यंजन की अवधारणा का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांड निर्माण भी करेगी। प्रदेश के प्रमुख आयोजनों में स्वाद यूपी का थीम के अंतर्गत व्यंजनों की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

यूपी में 1900 किलोमीटर से अधिक हुआ एक्सप्रेसवे नेटवर्क

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज देश में इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित विकास का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर उभरा है। कभी पिछड़ेपन और विकास की धीमी रफ्तार के लिए पहचाने जाने वाला यूपी आज एक्सप्रेसवे स्टेट के रूप में नई पहचान बना चुका है। गत 9 वर्षों में यूपी में एक्सप्रेस-वे नेटवर्क 1900 किलोमीटर से अधिक हो गया है। यह आर्थिक बदलाव की नई कहानी को दर्शा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे और निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने प्रदेश की तस्वीर बदल दी है। गाजीपुर से दिल्ली तक का सफर अब लगभग 10 घंटे में सिमट गया है। मेरठ से प्रयागराज तक गंगा एक्सप्रेसवे ने यात्रा समय को लगभग आधा कर दिया है। योगी सरकार ने खुद को केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं रखा, बल्कि एक्सप्रेसवे के साथ औद्योगिक विकास का मजबूत मॉडल तैयार किया है। सरकार सिक्योरिटी, स्टेबिलिटी और स्पीड के ट्रिपल-एस मॉडल के तहत एक्सप्रेसवे के किनारे विभिन्न औद्योगिक पार्क और क्लस्टर विकसित कर रही है, जो आने वाले समय में प्रदेश में औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखेंगे, जिससे लाखों नए रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे आज डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की रीढ़ बन चुका है। झांसी और चित्रकूट जैसे क्षेत्रों में रक्षा उत्पादन इकाइयों की स्थापना से रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। वहीं वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट योजना को भी इन एक्सप्रेसवे का बड़ा लाभ मिला है। कन्नौज का इत्र, कानपुर का चर्म उद्योग और पूर्वांचल के हस्तशिल्प अब तेज परिवहन व्यवस्था के जरिए राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों तक आसानी से पहुंच रहे हैं। योगी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह मानी जा रही है कि एक्सप्रेसवे का लाभ केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा। संपर्क मार्गों और ग्रामीण सड़कों के जरिए छोटे कस्बों और गांवों को भी इससे जोड़ा गया है। किसान अब अपने कृषि और दुग्ध उत्पाद कम समय में शहरों तक पहुंचा पा रहे हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। प्रदेश का सकल घरेलू उत्पाद करीब 36 लाख करोड़ रुपये हो गया है। लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के संभावित निवेश प्रस्ताव यूपी को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की दिशा में मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

औद्योगिक प्लॉटों के आगे हरियाली को बढ़ावा दिया जाये

भ्रष्टाचार, अवैध निर्माण और लापरवाही बर्दाश्त नहीं : नंदी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने मंगलवार को पिकप भवन में आयोजित नोएडा प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उनकी निष्पक्ष जांच कर दोषी एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी होने के बावजूद कई मामलों में उसका सही मिलान नहीं हो पा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में पूरी पारदर्शिता के साथ जांच की जाए तथा जहां कहीं भी गड़बड़ी सामने आए, वहां तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध निर्माण जहां कहीं भी हुआ हो, उसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों एवं व्यक्तियों की जवाबदेही तय की जाए। मंत्री ने कहा कि किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्शा न जाय और संबंधित व्यक्ति के सेवानिवृत्त होने से पूर्व ही आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाए। मंत्री ने आपत्ति जताते हुए कहा कि औद्यागिक सेक्टर के आस-पास की सड़के बहुत खराब हैं और उन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि विशेष ध्यान देते हुए प्राथमिकता पर सड़के व्यवस्थित की जायं। उन्होंने कहा कि एक-एक जोन पर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए जिम्मेदारी निर्धारित की जाय और जिसके द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उस पर जुमार्ना लगाया जाय, ताकि अन्य भी उससे प्रेरणा लेते हुए अपने कार्य को सही ढंग और समय से पूरा करें। उन्होंने पार्क के अनुरक्षण और साफ-सफाई पर ध्यान आकृष्ट करते हुए निर्देश दिए कि पार्कों को सुन्दर और व्यवस्थित बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। औद्योगिक प्लॉटों के आगे हरियाली को बढ़ावा दिया जाय और साफ सफाई कराई जाय। जिससे औद्योगिक क्षेत्रों को सुन्दर, साफ और आकर्षक दिखे।

बैठक में प्राधिकरण क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं यथा सफाई, जल आपूर्ति, सीवरेज, बेस्ट डिस्पोजर पार्क आदि पर विगत चार वर्ष में विभिन्न विकास परियोजनाओं, आधारभूत संरचना, जनसुविधाओं तथा निवेश संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन के प्रति प्रतिबद्ध है तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

प्रशासन की तत्परता से सुरक्षित हुआ दो बेटियों का भविष्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर सरकार की सख्ती और प्रशासनिक सक्रियता का असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। औरैया जिले में प्रशासन, पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और बाल कल्याण समिति की संयुक्त कार्रवाई से दो बहनों का बाल विवाह समय रहते रुकवाया गया। इस कार्रवाई ने न सिर्फ दो बेटियों के जीवन और शिक्षा को सुरक्षित किया, बल्कि समाज में कानून के प्रति बढ़ती जागरूकता का भी संदेश दिया।

यह मामला औरैया जिले के थाना ऐरवाकटरा क्षेत्र के एक गांव का है। जहां संरक्षण अधिकारी रीना चौहान को 1098 हेल्पलाइन के जरिए सूचना मिली कि दो नाबालिगों का विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान पता चला कि एक बहन की उम्र अभिलेखों में 18 वर्ष दर्ज है, लेकिन जिस लड़के से उसका विवाह तय था, उसकी उम्र मात्र 17 वर्ष 4 माह पाई गई। वहीं दूसरी की उम्र केवल 14 वर्ष 11 दिन निकली। इस प्रकार दोनों विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत अवैध पाए गए। रेस्क्यू टीम ने परिजनों को कानून की जानकारी देते हुए बताया कि विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होना अनिवार्य है। योगी सरकार लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले भी अधिकारियों को निर्देश दे चुके हैं कि बाल विवाह, महिला उत्पीड़न और बाल श्रम जैसी घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए। इसी का परिणाम है कि प्रशासनिक टीमें संवेदनशील मामलों में तत्काल हस्तक्षेप कर रही हैं।

बाल विवाह रोकने की ऐसी घटनाएं समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत हैं। इससे न केवल बेटियों को शिक्षा जारी रखने का अवसर मिलता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और भविष्य को भी मजबूती मिलती है। महिला कल्याण निदेशालय की निदेशक सी. इंदुमती ने बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलते ही औरैया जिला प्रशासन, पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और बाल कल्याण समिति की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

50 प्रतिशत अनुदान पर बीज प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर आवेदन करें किसान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खरीफ-2026 के अंतर्गत किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सामान्य, प्रदर्शन और मिनीकिट योजना के तहत कुल 1,99,910 कुंतल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस विषय पर आज कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने अपने राजकीय आवास पर कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को सही समय पर और उचित मात्रा में बीज उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में 31 मई तक सभी विक्रय केंद्रों तक बीज पहुंच जाने चाहिए। इस निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से 75,429 कुंतल बीज उपलब्ध कराये जा चुके हैं और वर्तमान प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के किसानों को 2,636 कुंतल प्रमाणित बीजों का वितरण भी किया जा चुका है। खरीफ सीजन की प्रमुख फसलों के लिए निर्धारित लक्ष्यों के तहत धान के लिए 80,000 कुंतल का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें से 64,228 कुंतल उपलब्ध हो गया है और सर्वाधिक 2,634 कुंतल इसी फसल के बीजों का वितरण हुआ है। इसके अतिरिक्त, तिलहन और दलहन फसलों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, जिसके तहत मूंगफली का लक्ष्य 57,446 कुंतल, उर्द का 23,958 कुंतल, अरहर का 21,225 कुंतल, मूंग का 3,946 कुंतल, तिल का 3,827 कुंतल और सोयाबीन का 2,999 कुंतल निर्धारित किया गया है। मोटे अनाजों (श्री अन्न) में ज्वार, बाजरा, सावा, कोदो, मडुआ (रागी), काकुन और कुटकी के लिए भी बीजों का लक्ष्य तय किया गया है, जिसमें बाजरा के लिए 1,972 कुंतल और रागी के लिए 1,500 कुंतल का प्रमुख लक्ष्य शामिल है।

प्रदेश में बीज वितरण का यह कार्य कृषि विभाग के साथ-साथ सहकारिता, आईएफएफडीसी, एचआईएल और बीबीएसएसएल के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। इसमें सर्वाधिक 1,89,990 कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य अकेले कृषि विभाग का है, जिसके सापेक्ष विभाग ने 74,204 कुंतल बीज उपलब्ध कराकर 2,636 कुंतल का वितरण कर दिया है। यह सभी प्रमाणित बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वह अनुदान पर बीज प्राप्त करने के लिए जल्दी से जल्दी agriculture.up.gov.in पोर्टल पर अपना आवेदन करें, जिससे बुवाई का कार्य सुगमता और समयबद्धता के साथ संपन्न हो सके। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश बीज निगम के एमडी टीएम त्रिपाठी तथा अपर निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र अनिल पाठक उपस्थित रहे।

यूपीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मंगलवार को यूपी पीएससी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट कर उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की परीक्षा प्रणाली में सुधार और अभ्यर्थियों की समस्याओं के समाधान के सम्बंध में एक ज्ञापन सौंपा। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर अपना समर्थन दिया और आश्वासन दिया कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में अभ्यर्थियों के समक्ष प्रमुख समस्याएं हैं परीक्षा कैलेंडर एवं परिणामों में विलम्ब। प्रत्येक वर्ष प्रारम्भिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों में 10-12 प्रश्नों की गलती का होना। मुख्य परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा के अलावा अन्य परीक्षाएं जैसे लोअर पीसीएस आदि परीक्षा की परिणाम समय पर न आना है। अभ्यर्थियों ने अपनी मांग रखी है कि एक वर्ष एक परीक्षा की समयबद्ध व्यवस्था लागू हो। प्रश्नपत्र बनाने की प्रक्रिया में सुधार हो। प्रारम्भिक और मुख्य परीक्षा के अंक पत्र के साथ प्रारम्भिक परीक्षा की उत्तर कुंजी और फाइनल आंसर की जारी की जाए और मुख्य परीक्षा के मॉडल उत्तर और अभ्यर्थियों की कापी स्टूडेंट पोर्टल पर उपलब्ध करायी जाए। मुख्य परीक्षा की कापी और नम्बर फाइनल रिजल्ट के एक माह के अंदर जारी किया जाए। प्रत्येक प्रारम्भिक परीक्षा पास किये हुए अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाए। साथ ही पुरानी योजना बेरोजगारी भत्ता के तर्ज पर प्रोत्साहन भत्ता के तहत 5 हजार रुपये आगामी 3 वर्ष तक दिया जाए। प्रत्येक साक्षात्कार दिये हुए अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश निकाय और भारत सरकार के संस्थानों में नियुक्ति के लिए उनकी योग्यता को ध्यान में रखकर वरियता दी जाये। साथ ही इच्छुक अभ्यर्थियो को अपना उद्यम और व्यापार करने के लिये ब्याज रहित धन उपलब्ध कराया जाय। प्रतिनिधिमंडल में मुकेश यादव, नीतीश कुमार सिंह, पीयूष वर्मा, दुर्गेश यादव, अखिलेश, माधव सिंह, राघवेन्द्र सिंह, विशाल सिंह, विकास यादव, वीरेन्द्र सिंह आदि शामिल थे।

जल सारथी ऐप से हर घर में लगी टोटी की हो रही मॉनिटरिंग

प्लंबर से लेकर अधिकारियों तक का नंबर ऑनलाइन उपलब्ध

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के अभियान को डिजिटल और पारदर्शी बना रही है। इसमें 'जल सारथी' मोबाइल ऐप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण और राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की डिजिटल पहल ग्रामीणों को कई स्तर पर योजनाओं का सीधा और सरल अपडेट उपलब्ध करा रही है।

विशेष सचिव एवं एग्जिटिव डायरेक्टर एसडब्ल्यूएसडी, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग प्रभास कुमार ने बताया कि जल सारथी ऐप के जरिए हर व्यक्ति सभी परियोजनाओं का लाइव अपडेट चेक कर सकता है। मल्टी लेवल डैशबोर्ड के जरिए राज्य से लेकर गांव तक हो रहे काम की जानकारी एक क्लिक पर मिल रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 75 जिलों में लगभग 58 हजार ग्राम पंचायतें हैं। यहां करीब 40 हजार परियोजनाओं के जरिए हर घर में जलापूर्ति होनी है। इन सभी परियोजनाओं को ऐप के जरिए ऑनलाइन जोड़ा जा रहा है, ताकि इनकी लाइव स्थिति का सबको पता चलती रहे।

ऐप में राज्य से लेकर गांव स्तर पर अलग-अलग डैशबोर्ड हैं। जैसे ही किसी गांव या लोकेशन पर किसी पानी की टंकी, पाइपलाइन या घरेलू नल कनेक्शन का काम पूरा होता है, उसकी जानकारी ऐप पर अपडेट हो रही है। इनको जियो टैगिंग के जरिए जोड़ा जा रहा है। इससे कोई भी नागरिक किसी भी गांव में चल रही योजना की लाइव स्थिति देख सकता है। इससे विभाग भी पानी के सोर्स से लेकर हर घर में लगी टोटी तक मॉनिटरिंग कर पा रहा है। साथ ही संपत्ति (पाइप लाइन, मोटर, टंकी) का भी संचालन सुनिश्चित हो पा रहा है। इस ऐप के जरिए ही ग्रामीण अपने नल कनेक्शन के लिए आवेदन कर पा रहे है। साथ ही कनेक्शन के बाद जल आपूर्ति में कोई भी समस्या आने पर शिकायत करने की भी सुविधा है। ग्रामीणों को प्लंबर से लेकर ग्राम प्रधान और जल निगम के अधिकारियों के नंबर भी यहीं पर उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वह विभागों के चक्कर काटने के जगह आसानी से अपनी परेशानी दर्ज करा पाएं। इसके जरिए पाइनलाइन बिछने के बाद सड़क मरम्मत का अपडेट भी जाना जा सकता है। जैसे कि ऐप पर मौजूद डाटा के मुताबिक प्रदेश में मिशन के दौरान पाइपलाइन बिछाने के लिए 2 लाख किलोमीटर की विभिन्न सड़कों को तोड़ना पड़ा, जिसके साक्षेप 1.94 लाख किमी से अधिक सड़क का निर्माण पूरा कर लिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी एक बड़ी समस्या रही है। सिर्फ नल से हर घर में पानी पहुंचाना ही नहीं, बल्कि उसकी अच्छी गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी विभाग के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए फील्ड टेस्ट किट प्राथमिक चरण है। ग्राम स्तर पर पानी की गुणवत्ता की जांच करने की जिम्मेदारी स्थानीय महिलाओं को दी गई है। इनकी भी जानकारी ऐप पर उपलब्ध है, ताकि उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित हो सके। साथ ही ग्रामीण अपने क्षेत्र में चयनित इन महिलाओं की पुष्टि भी ऐप से कर सकते हैं।

मौसमी आपदा से प्रभावित फसलों की क्षतिपूर्ति में तेजी लायी जाये

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को उद्यान निदेशालय, लखनऊ में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल तथा शासन एवं निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भौतिक रूप से समीक्षा बैठक की। बैठक विभिन्न मौसमीय घटकों से औद्यानिक फसलों को हुए नुकसान की आपदा राहत प्रबंधन के अंतर्गत क्षतिपूर्ति कराए जाने के संबंध में आयोजित की गई। बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि मौसमीय घटकों से प्रभावित औद्यानिक फसलों एवं बागों का शीघ्र आकलन करते हुए आपदा राहत प्रबंधन से संबंधित शासनादेशों के अंतर्गत जिला अधिकारियों के माध्यम से कृषकों को क्षतिपूर्ति दिलाने हेतु आवश्यक प्रस्ताव तत्काल प्रेषित किए जाएं। उन्होंने जनपदीय उद्यान अधिकारियों को इस संबंध में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन मामलों में क्षतिपूर्ति के नियम स्पष्ट नहीं हैं अथवा निर्धारित धनराशि पर्याप्त नहीं है, उन प्रकरणों में राहत आयुक्त को प्रस्ताव भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि प्रभावित कृषकों को समय पर राहत उपलब्ध कराई जा सके। उद्यान मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र कृषकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए जनपद स्तर पर प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आगरा में स्थापित हो रहे इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने परियोजना से संबंधित लंबित कार्यों एवं अन्य आवश्यक परियोजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

बिठूर के कुम्हार बना रहे नये दौर की मिट्टी की गुल्लकें

विशेष संवाददाता (vol)

- आईआईटी व प्रशासन के प्रयासों से माटीकला को मिल रही नई पहचान

लखनऊ/कानपुर। कानपुर के बिठूर की पारंपरिक माटीकला को नया स्वरूप देने की पहल शुरू हुई है, जहां अब मिट्टी की गुल्लकें आधुनिक डिजाइन और आकर्षक रंगों के साथ तैयार की जा रही हैं।

इस अभियान में जिला प्रशासन के साथ आईआईटी कानपुर का भी सहयोग मिल रहा है। कभी दादी-नानी के दिए सिक्कों की रखवाली करने वाली मिट्टी की गुल्लक अब नए दौर में बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। जिला प्रशासन ने इसे केवल बचत का साधन नहीं, बल्कि संस्कार, परिवार और स्थानीय कला से जुड़े भावनात्मक अभियान के रूप में विकसित करने की पहल की है। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुल्लक बच्चों में बचत की आदत विकसित करने का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम रही है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बढ़ते अनावश्यक खर्चों के बीच बच्चों को आर्थिक अनुशासन और बचत का संस्कार देना समय की आवश्यकता है।

मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जे. जैन ने बताया कि योगी सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है। बिठूर की माटीकला को आधुनिक बाजार से जोड़ने के लिए डिजाइन, पैकेजिंग और मार्केटिंग पर विशेष कार्य हो रहा है ताकि कारीगरों को बेहतर आय और व्यापक पहचान मिल सके। आईआईटी कानपुर के रंजीत सिंह रोजी शिक्षा केन्द्र प्रोजेक्ट के तहत कारीगरों को तकनीकी सहयोग दिया जा रहा है। परियोजना की कॉर्डिनेटर रीता सिंह ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल उत्पाद निर्माण नहीं, बल्कि पारंपरिक कला और नई पीढ़ी के बीच भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करना भी है। वहीं प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर शिखा तिवारी ने बताया कि कारीगरों को आधुनिक बाजार की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है। सिरामिक डिजाइनर शैली संगल बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए कार्टून, पशु-पक्षी और पारंपरिक आकृतियों वाली आकर्षक गुल्लकें डिजाइन कर रही हैं। बिठूर के कुम्हार राम रतन ने बताया कि पहले मिट्टी की गुल्लकों की मांग लगातार घट रही थी, लेकिन नए डिजाइन आने के बाद लोगों की रुचि फिर बढ़ने लगी है। इससे स्थानीय कारीगरों में नई उम्मीद जगी है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन गुल्लकों को सरकारी कार्यक्रमों में स्मृति-चिह्न और उपहार के रूप में भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे स्थानीय कारीगरों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे और बिठूर की पारंपरिक माटीकला को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान प्राप्त होगी।

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ताकत बनेंगी गोशालाएं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश में गो संरक्षण को अब केवल धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार क्रांति से जोड़ने की तैयारी तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संरक्षित गोमाता की कृपा से प्रदेश में माइक्रो-आंत्रप्रेन्योरशिप आधारित एक नई कृषि क्रांति का मॉडल विकसित किया जा रहा है, जिसमें आईआईटी कानपुर की उन्नत तकनीक अहम भूमिका निभाने जा रही है। आईआईटी कानपुर की उन्नत तकनीक के जरिए उत्तर प्रदेश अब देश को नई दिशा दिखाएगा।

गोशालाओं को अब केवल संरक्षण केंद्र तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि उन्हें जैविक खेती, ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ताकत के रूप में विकसित किया जाएगा। गोबर और गोमूत्र आधारित हाई-क्वालिटी जैविक उर्वरक तैयार करने की आधुनिक तकनीक आईआईटी कानपुर के स्कॉलर ने विकसित की है, जिससे खेती अधिक प्राकृतिक, टिकाऊ और किसानों के लिए लाभकारी बन सकेगी। आईआईटी कानपुर के बायोलॉजिकल साइंसेज एंड बायोइंजीनियरिंग विभाग के पीएचडी स्कॉलर अक्षय श्रीवास्तव ने यह उन्नत कृषि तकनीक विकसित की है। इस शोध एवं तकनीकी विकास का नेतृत्व प्रोफेसर डॉ. अमिताभ बंद्योपाध्याय कर रहे हैं।

इस तकनीक के माध्यम से गोबर और गोमूत्र से वैज्ञानिक तरीके से हाई-क्वालिटी ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर तैयार किया जाएगा। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटेगी और खेती अधिक प्राकृतिक एवं पर्यावरण अनुकूल बन सकेगी। योगी सरकार इस पूरी व्यवस्था को माइक्रो-आंत्रप्रेन्योरशिप मॉडल से जोड़ने की तैयारी में है। इसके तहत ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों को छोटे स्तर पर फर्टिलाइजर यूनिट्स से जोड़ा जाएगा, जिससे गांवों में बड़े पैमाने पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह मॉडल केवल कृषि उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में नई आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा। योगी सरकार की योजना है कि गोशालाओं के माध्यम से तैयार होने वाले जैविक उत्पाद किसानों तक सीधे पहुंचें और गांव स्तर पर ही उत्पादन से आय का मजबूत चक्र तैयार हो। प्रदेश की गोशालाएं अब केवल पशु संरक्षण केंद्र नहीं रहेंगी, बल्कि जैविक कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के नए विकास मॉडल का आधार बनेंगी। गो आधारित अर्थव्यवस्था को वैज्ञानिक तकनीक और आधुनिक कृषि प्रणाली से जोड़कर उत्तर प्रदेश देश के सामने एक नई दिशा प्रस्तुत करने जा रहा है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता का कहना है कि यदि यह मॉडल बड़े स्तर पर सफल हुआ तो उत्तर प्रदेश देश में गो आधारित वैज्ञानिक खेती और ऑर्गेनिक फर्टिलाइजर टेक्नोलॉजी का सबसे बड़ा केंद्र बन सकता है।

भीषण गर्मी को देखते हुए सभी बिजली अधिकारी फील्ड में रहें : प्रबंध निदेशक

दो मुख्य अभियन्ता सहित 4 अधिकारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक ने प्रदेश के वितरण निगमों के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रदेश में इस समय भंयकर गर्मी पड़ रही है। इस समय सभी क्षेत्रों को निर्धारित रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि इसके लिये सभी अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें।

उन्होंने कहाकि इस समय प्रदेश में स्मार्ट मीटर एवं पुराने इलेक्ट्रिकल चेक मीटर की रीडिंग का अभियान चल रहा है। अब तक लगभग 50 हजार मीटर का मापन किया गया हैं। इसमें शतप्रतिशत स्मार्ट मीटर की रीडिंग निर्धारित मानक के अनुरूप है। उन्होंने डिस्कॉम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि चेक मीटर के मापन की जानकारी उपभोक्ताओं को भी प्राप्त हो इसके लिये व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। प्रबन्ध निदेशक ने विद्युत आपूर्ति के बारे में डिस्कॉम के अधिकारियों से व्यापक प

विभूति खण्ड में एलडीए बनायेगा ओडीओसी पार्क

वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन योजना के तहत विकसित किये जाएंगे 40 से अधिक फूड क्यॉस्क

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोमती नगर के विभूति खण्ड में एलडीए ओडीओसी पार्क विकसित करेगा। इसके अंतर्गत पार्क में 40 से अधिक फूड क्यॉस्क निर्मित किये जाएंगे। जहां लोगों को प्रदेश के विभिन्न जनपदों के प्रसिद्ध एवं पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने को मिलेगा।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को स्थल निरीक्षण करके इसका प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये हैं। इससे प्रदेश सरकार की ओडीओसी (वन डिस्ट्रिक्ट वन क्यूजीन) योजना को बढ़ावा मिलेगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि विभूति खण्ड में नव निर्मित गोमती नगर रेलवे स्टेशन के पास प्राइम लोकेशन पर स्थित लगभग 8,000 वर्गमीटर भूमि पर

ओडीओसी पार्क बनाया जाएगा। इसके अंतर्गत यहां दिल्ली हाट की तर्ज पर 40 से अधिक फूड क्यॉस्क बनाये जाएंगे। जहां अलग-अलग जनपदों के लोकप्रिय व्यंजन उपलब्ध होंगे। साथ ही लोगों के बैठने, सौंदर्यीकरण व साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाएगी। इससे न सिर्फ शहर वासियों को बेहतर फूड डेस्टिनेशन मिलेगा, बल्कि स्थानीय कारीगरों के लिए रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि ओडीओसी पार्क विकसित करने के लिए अधिकारियों को नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण में मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन कुमार शिवहरे, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं मनोज सागर समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

बजट होटल को संचालित करेगा हयात ग्रुप

गोमती नगर के विक्रांत खण्ड में बना बजट होटल जल्द ही 05 स्टार रेटिंग के साथ हयात सेंट्रिक के रूप में संचालित होगा। इसके लिए बिल्डिंग में मरम्मत व री-डिजाइनिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने होटल परिसर का निरीक्षण करके कार्य की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि 06 माह में मरम्मत का कार्य पूर्ण हो जाएगा। जिसके बाद होटल संचालित करने की दिशा में कार्य शुरू हो जाएगा। 10,968 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित इस 08 मंजिला होटल में 186 लग्जरी कमरों के साथ फूड कोर्ट, मीटिंग हॉल, डाइनिंग एरिया व टेरेस गार्डेन आदि की सुविधा मिलेगी। होटल संचालित होने से प्राधिकरण को लगभग 378 करोड़ रुपए की आय होगी, जोकि परियोजना में आयी लागत से कई गुना अधिक है।

कैलाशकुंज कॉम्पलेक्स का होगा पुनर्विकास

अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कैलाशकुंज कॉम्पलेक्स को एलडीए पुनर्विकसित करेगा। इसके लिए प्राधिकरण ने बीते दिनों कॉम्पलेक्स परिसर में मुनादी करवायी थी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को कॉम्पलेक्स का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अवगत कराया कि 74 आवंटियों से सकारात्मक वार्ता हुयी है, जबकि 24 आवंटियों ने री-डेवलपमेंट के लिए सहमति भी जता दी है। इस पर उपाध्यक्ष ने शेष आवंटियों के साथ बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये हैं।

शकुन्तला विवि में पीजी कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। कुलसचिव रोहित सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी 20 मई से 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश सीयूईटी और नॉन-सीयूईटी दोनों माध्यमों से निर्धारित पाठ्यक्रमों में होगा। प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी की ओर से जारी सूचना के अनुसार विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित एमए, एमएससी, एमकॉम, एमबीए, एमसीए, एलएलएम, एमएसडब्ल्यू, एमएड, बीएड विशेष शिक्षा, एमटेक सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वहीं एमपीओ और पीजीडीवीटी जैसे कुछ पाठ्यक्रमों में प्रवेश नॉन-सीयूईटी माध्यम से होगा।

प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कुल 1077 सीटों पर प्रवेश होगा। सबसे अधिक 132 सीटें एमबीए में उपलब्ध हैं। एमए (अर्थशास्त्र, शिक्षा, अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र), एमएससी (रसायन विज्ञान, आईटी, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिकी, सांख्यिकी), एमकॉम, एमएसडब्ल्यू, एमसीए समेत कई पाठ्यक्रमों में 44-44 सीटें निर्धारित की गई हैं। एलएलएम और एमटेक में 22-22 सीटें उपलब्ध हैं। वहीं बीएड विशेष शिक्षा (श्रवण बाधित, बौद्धिक दिव्यांगता और दृष्टिबाधित) में 33-33 सीटें निर्धारित हैं। एमएड विशेष शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रमों में 16 से 22 सीटें तथा ललित कला के पाठ्यक्रमों में 8 से 20 सीटें उपलब्ध हैं।

बीबीएयू में पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित पीजी प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को प्रवेश पुस्तिका एवं हॉस्टल मैनुअल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। पंजीकरण शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए 300 रुपये निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 7 जून 2026 निर्धारित की गई है। वहीं विलंब शुल्क 1000 रुपये के साथ अभ्यर्थी 13 जून 2026 तक पंजीकरण कर सकेंगे। किसी भी प्रकार की जानकारी, दिशा-निर्देश एवं प्रवेश संबंधी अपडेट अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bbau.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त टोल फ्री नंबर 1800-180-5789 अथवा ईमेल admission@bbau.ac.in पर संपर्क कर सकते हैं।

लोहिया संस्थान में गुणवत्ता संवर्धन पर व्याख्यान

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान ने संस्थान में दो दिवसीय नैक बाइनरी एक्रेडिटेशन के लिए अतिथि व्याख्यान और संकाय संवाद सत्र का आयोजन किया गया। यह पहल संस्थान की गुणवत्ता संवर्धन, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नैक एक्रेडिटेशन के लिए संस्थागत तैयारी के प्रति चल रही प्रतिबद्धता के एक हिस्से के रूप में की गई थी। संस्थान की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ और गुणवत्ता प्रकोष्ठ द्वारा किया गया था, जिसमें प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, विशिष्ट शिक्षाविदों, वरिष्ठ संकाय सदस्यों और नैक कोर समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। तुमकुर विश्वविद्यालय के प्रो. एस श्रीनिवास और केएलईएफ डीम्ड विश्वविद्यालय, गुंटूर के डीन (गुणवत्ता) प्रो. के रामकृष्ण द्वारा विशेषज्ञ व्याख्यान दिए गए।

स्कूल भवनों की सुरक्षा जांच जल्द शुरू होगी

विधि संवाददाता, लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से भरोसा दिलाया गया है कि प्रदेश भर के स्कूली भवनों की सुरक्षा जांच जल्द शुरू कर दी जाएगी। वहीं कोर्ट को यह भी जानकारी दी गई कि अधिकारियों और स्कूल प्रबंधनों की बैठक काफी सकारात्मक रही है तथा शीघ्र ही कोर्ट के समक्ष प्रभावी प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। इस पर कोर्ट ने संबंधित मामले की अगली सुनवायी के लिए 16 जुलाई की तिथि नियत की है। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की पीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजिडेंट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकारी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि स्कूल प्रबंधन और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ दो दौर की बैठकें हो चुकी हैं, इन बैठकों में शहर के शैक्षणिक संस्थानों के आसपास बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर कई सुझाव सामने आए हैं। यह भी बताया गया कि प्रदेश के सभी स्कूलों के भवनों की सुरक्षा जांच के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही निरीक्षण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस पर कोर्ट ने मामले में विस्तृत अध्ययन और नए प्रस्ताव पेश करने के लिए अतिरिक्त समय दिया है।

पांच अवैध क्लीनिकों को नोटिस जारी

लखनऊ। काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत दोना गांव में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध क्लीनिकों के खिलाफ अभियान चलाया। कई संचालक क्लीनिक बंद कर फरार हो गए। पांच क्लीनिक को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। काकोरी सीएचसी अधीक्षक डा. केडी मिश्रा ने बताया कि अवैध अस्पताल और क्लीनिकों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। ईएसआई के क्रम में टीम ने मिश्रीलाल क्लीनिक, आसय प्रसाद क्लीनिक, सुख क्लीनिक, संदीप मेडिकल एंड क्लिनिकल सेंटर और जैनब क्लीनिक में छापेमारी की। जांच में इन क्लीनिकों में अप्रशिक्षित लोगों के जरिए मरीजों का इलाज किया जा रहा था, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ सकती है। साथ ही बायो मेडिकल वेस्ट का निस्तारण भी नियमानुसार नहीं हो रहा था। टीम ने क्लीनिक बंद करवाने के साथ ही संचालकों को नोटिस जारी कर पंजीकरण सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

दो माह से संविदा कर्मचारियों को नहीं मिला मानदेय

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिला है। संघ के महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि अधिकारियों से वेतन की मांग की है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस स्थिति के कारण कर्मचारियों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने स्थायी वेतन नीति और सामाजिक सुरक्षा की मांग की है। एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को बीते दो माह से वेतन नहीं मिला है। उन्होंने कर्मचारी मिशन निदेशक, सीएमओ से लेकर अन्य अधिकारियों को पत्र लिखे। लेकिन अधिकारी वेतन दिलाने में पूरी तरह से नाकाम हैं। इससे संविदा और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक नीरज बोरा ने बिजली अधिकारियों से की लिखित शिकायत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विधायक डा. नीरज बोरा ने राजधानी के फैजुल्लागंज क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से जारी अघोषित बिजली कटौती को गंभीरता से लेते हुए विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता और अधिशासी अभियन्ता को तलब कर कड़ी नाराजगी जताई तथा तत्काल विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारु किए जाने के निर्देश दिए। उत्तरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृष्ण लोक कॉलोनी, प्रीति नगर, श्याम विहार कॉलोनी सहित फैजुल्लागंज के विभिन्न इलाकों में लगातार हो रही बिजली कटौती से स्थानीय नागरिकों को भीषण गर्मी के बीच भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों के बाद विधायक डा. नीरज बोरा ने पूरे प्रकरण पर ऊर्जा मंत्री, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का ध्यान आकृष्ट कराया। मंगलवार दोपहर विधायक डा. बोरा ने संबंधित अधिकारियों से स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट कहा कि भीषण गर्मी में आमजन को इस प्रकार की अव्यवस्था का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या का त्वरित एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता आंदोलित है, इसलिए लोगों को यह विश्वास दिलाया जाए कि विद्युत आपूर्ति निर्बाध रूप से संचालित की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्र में विद्युत चोरी की जांच-पड़ताल कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, क्योंकि ऐसी गतिविधियों के कारण भोली-भाली जनता को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। विभागीय अधिकारियों ने विधायक को बताया कि गर्मी के मौसम में अचानक बढ़ी विद्युत मांग के कारण कुछ तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि विद्युत आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने हेतु विभागीय कर्मचारी एवं तकनीकी टीम पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है तथा शीघ्र ही व्यवस्था पूरी तरह सुचारु कर दी जाएगी।

विकास नगर में सुंदरकांड पाठ, भक्तों ने चखा प्रसाद

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार पर विकास नगर स्थित शिवा हॉस्पिटल में भक्तिमय माहौल रहा। डॉ. आरसी उप्रेती और पुष्पा उप्रेती की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा में हिस्सा लिया। परिसर में आयोजित भंडारे में भक्तों ने पूड़ी-सब्जी, हलवा और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से देर शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। इस मौके पर पार्षद उमेश सनवाल, पार्षद राकेश मिश्रा, नामित पार्षद अखिलेश गिरी, डॉ. महेश पाण्डेय, प्रमोद सिंह, द्विजेंद्र त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, डॉ. बिंदिया खेड़ा, डॉ. जीएम खेड़ा समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

अस्पताल में गंदगी मिलने पर एजेंसी को नोटिस

लखनऊ। चिनहट स्थित महात्मा गांधी मदर एंड चाइल्ड विंग का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ डा. एनबी सिंह ने अस्पताल परिसर में गंदगी और जलभराव दिखा। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित एजेंसी को नोटिस जारी की। सीएमओ सुबह महात्मा गांधी अस्पताल की ओपीडी से लेकर वार्ड की सुविधा का हाल देखा। गर्मी से बचाव के इंतजाम देखे। सीएमओ को कई स्थानों पर गंदगी नजर आयी। उन्होंने 24 घंटे के भीतर अस्पताल परिसर में गंदगी हटाने के निर्देश दिए। वार्ड में दिन में दो से तीन बार सफाई के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि सभी डाक्टरों और कर्मचारी समय से ड्यूटी आयें। सुबह आठ बजे से ओपीडी में दोपहर दो बजे तक मरीज देखे जाएं। 24 घंटे इमरजेंसी का संचालन किया जाए। सीएमओ डा. एनबी सिंह ने बताया कि अस्पताल से निकलने वाले कचरे का निस्तारण नियमानुसार किया जाए। किन परिस्थियों में इन सिरिंज का निस्तारण नहीं किया गया। इसकी रिपोर्ट मांगी है।

आयुष्मान मरीजों के इलाज में बरेली नम्बर वन

गोरखपुर दूसरे और मुरादाबाद तीसरे स्थान पर, लाखों परिवारों को मिला मुफ्त इलाज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। गरीबों और जरूरतमंदों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में अब तक 50 लाख 40 हजार 937 आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों ने कुल 91 लाख 87 हजार 418 बार इलाज कराया है। इन मरीजों के इलाज के लिए 15 हजार 140 करोड़ रुपये से अधिक का क्लेम किया गया, जिनमें से अब तक 13 हजार 315 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। यह आंकड़े बताते हैं कि योगी सरकार गरीबों को स्वास्थ्य सुरक्षा देने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि प्रदेश में आयुष्मान योजना के तहत सबसे अधिक भुगतान बरेली जिले के लाभार्थियों के इलाज पर किया गया है।

बरेली जिले में 1 लाख 83 हजार 714 आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों ने

- 682 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान

योजना का लाभ लिया। यहां 3 लाख 72 हजार 319 उपचार क्लेम दर्ज किए गए। इसके लिए 682 करोड़ 99 लाख 77 हजार 778 रुपये का क्लेम किया गया, जबकि 620 करोड़ 81 लाख 64 हजार 359 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ ही बरेली पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर है। गोरखपुर दूसरे स्थान पर है। यहां 1 लाख 71 हजार 492 लाभार्थियों ने योजना के तहत इलाज कराया और कुल 3 लाख 59 हजार 529 क्लेम दर्ज किए गए। इन क्लेमों के लिए 591 करोड़ 25 लाख 5 हजार 428 रुपये की धनराशि स्वीकृत हुई, जबकि 539 करोड़ 56 लाख 47 हजार 285 रुपये का भुगतान किया गया। साचीज की सीईओ ने बताया कि बिजनौर, सहारनपुर, वाराणसी, बुलंदशहर, मेरठ, लखनऊ और कानपुर नगर के आयुष्मान कार्ड धारकों ने योजना का प्रमुखता से लाभ उठाया। इसमें बिजनौर में 486 करोड़ रुपये से अधिक, सहारनपुर में 463 करोड़ रुपये से अधिक और वाराणसी में 449 करोड़ रुपये से अधिक के क्लेम दर्ज किए गए।

वहीं लखनऊ और कानपुर नगर जैसे बड़े शहरों में भी करोड़ों रुपये का भुगतान कर मरीजों को राहत दी गई।

लविवि के आरोपी शिक्षक डॉ. परमजीत सिंह निलंबित

यौन शोषण का आरोप, अनुशासन समिति की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षक पर छात्रा के लिए पेपर आउट करने, अशोभनीय बातचीत और उस पर दबाव बनाने सहित गंभीर आरोप लगे थे। कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कार्यपरिषद की आपातकालीन बैठक में तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय अनुशासन समिति की अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

कार्यपरिषद ने रिपोर्ट के निष्कर्षों को अत्यंत गंभीर मानते हुए आरोपित शिक्षक डा. परमजीत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की संस्तुति पर अपनी आधिकारिक मुहर लगा दी है।

अनुशासन समिति की अंतरिम

- छात्रा के लिए पेपर लीक

रिपोर्ट के अनुसार शिक्षक के विरुद्ध कई आरोप प्रथम दृष्ट्या सही पाए गए। इसमें परीक्षा प्रश्न-पत्र लीक करने का प्रलोभन देकर छात्रा के यौन शोषण का प्रयास एवं शिक्षक आचरण नियमावली का उल्लंघन, गोपनीय परीक्षा सूचना (प्रश्न-पत्र लीक) साझा करने की बात करना एवं आइसीसी के समक्ष इसकी आधिकारिक स्वीकारोक्ति, अनैतिक एवं अमर्यादित कृत्य से विश्वविद्यालय की साख, सामाजिक प्रतिष्ठा एवं अकादमिक निष्ठा को गंभीर क्षति, और विशाखा गाइडलाइंस एवं यूजीसी विनियम 2015 के अंतर्गत कार्यस्थल पर गंभीर यौन व मानसिक उत्पीड़न और अशोभनीय कदाचार शामिल है।

अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर तत्काल निलंबन की कार्रवाई के साथ ही आरोपित शिक्षक के खिलाफ आरोप पत्र भी स्वीकृत कर जारी किया गया है। इस आदेश के तहत निलंबित शिक्षक डा. परमजीत सिंह को आरोप-पत्र निर्गत होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण, सफाई और प्रतिवाद साक्ष्यों के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। यदि आरोपित शिक्षक इस निर्धारित 15 दिनों में संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं, तो सेवा-समाप्ति की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र होगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई के इकाई अध्यक्ष आशुतोष श्रीवास्तव जय ने कहा कि एक प्रतिष्ठित संस्थान में गुरु और शिष्य की पवित्र परंपरा को इस तरह तार-तार करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अक्षम्य है। अभाविप पीड़ित छात्रा को न्याय दिलाने के लिए पूरी दृढ़ता के साथ खड़ी है और दोषी की बर्खास्तगी तक हमारा यह संघर्ष विराम नहीं लेगा।

योग एवं आयुर्वेद जीवन शैली से रोगों से बचाव संभव : डा. हिमांशु

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल के आयुष विभाग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 100 डे काउंट डाउन पर योग एवं आयुर्वेद जीवन शैली का जीवन में महत्व विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, इसमें अस्पताल के सीएमएस डा. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि योग-प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद जीवन शैली के प्रयोग से जीवन शैली संबंधित रोगों डायबिटीज, फैटी लिवर, हाइपरटेंशन एवं हृदय रोगों से बचा जा सकता है। मनोरोग विशेषज्ञ डा. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्राणायाम योगासन एवं ध्यान के नियमित अभ्यास से मेंटल स्ट्रेस, एंजायटी एवं डिप्रेशन पर काबू पाया जा सकता है। योग विशेषज्ञ डा. नन्दलाल यादव ने बताया कि वर्तमान परिवेश में लोगों का आहार एवं दिनचर्या तथा सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस एवं मानसिक रोगों की बढ़ती संख्या को चिकित्सकीय योगाभ्यास से प्रबंधित किया जा सकता है।

सिविल अस्पताल की ओपीडी में लागू होगी टोकन व्यवस्था

लखनऊ। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल की ओपीडी में अब टोकन व्यवस्था लागू की जाएगी। ऐसे में मरीजों को डाक्टर की सलाह के लिए घंटों लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। मरीज अपने टोकन नंबर पर डाक्टर से मिल सकेंगे। इससे अस्पताल में भीड़ कम होगी और व्यवस्था बेहतर होगी। 17 विभागों में यह प्रणाली शुरू की गई है। अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन तीन से चार हजार मरीज आते हैं। सुबह करीब साढ़े सात बजे से पंजीकरण के लिए मरीज लाइन लगाते हैं। इसके बाद ओपीडी में डाक्टर की सलाह के लिए लाइन लगाते हैं। अस्पताल प्रशासन ने अब टोकन सिस्टम लागू किया है। अस्पताल के निदेशक डा. जीपी गुप्ता के अनुसार अभी 17 विभागों में टोकन प्रणाली शुरू की है। मरीजों को अब एक टोकन नंबर दिया जाएगा। इस पहल का मकसद मरीजों की पीड़ा कम करना है।

आवारा कुत्तों को लगायी जायेगी चिप

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में शहर के आवारा कुत्तों में जून के पहले सप्ताह से माइक्रो चिप लगाने का काम शुरू होगा। नगर निगम की योजना हर साल करीब 10 हजार कुत्तों को चिप लगाने की है, जिससे उनकी डिजिटल निगरानी की जाएगी। उनकी पहचान और नसबंदी से जुड़ा पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविन्द कुमार राव के मुताबिक कुत्तों के गले के पास इंजेक्शन की मदद से यह माइक्रो चिप इंसर्ट की जाएगी। आकार में यह चिप चावल के दाने जितनी छोटी होगी। एक कुत्ते में चिप लगाने पर लगभग 300 से 400 रुपये तक का खर्च आएगा। इस चिप में कुत्ते से जुड़ी पूरी जानकारी दर्ज रहेगी। इसमें यह पता चल सकेगा कि संबंधित कुत्ते की नसबंदी हुई है या नहीं, उसे कब पकड़ा गया, किस क्षेत्र से पकड़ा गया और नसबंदी के बाद किस स्थान पर छोड़ा गया। नगर निगम विशेष चिप रीडर मशीन का इस्तेमाल करेगा। यह रीडर करीब 10 मीटर दूर से ही चिप का डेटा स्कैन कर लेगा। इससे अधिकारियों को मौके पर ही कुत्ते की पूरी हिस्ट्री मिल जाएगी और दोबारा पकड़ने या नसबंदी जैसी गड़बड़ियों पर रोक लगेगी। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि जून के पहले सप्ताह से अभियान शुरू कर दिया जाएगा। इससे नसबंदी अभियान की मॉनिटरिंग आसान होगी और शहर में आवारा कुत्तों के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी। राजधानी में आवारा कुत्तों की संख्या करीब 1.10 लाख है, जबकि 8318 पालतु कुत्तों के लाइसेंस बने हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दो दर्जन मोहल्ले और कॉलोनियों में कुत्तों की वजह से डेंजर जोन बन गए हैं। यहां लोग छोटे बच्चों को घर के बाहर भेजने से डरते हैं। पार्कों में बच्चों को खेलने नहीं देते जबकि बुजुर्गों ने सुबह-शाम टहलना तक कम कर दिया है। सबसे ज्यादा संवेदनशील इलाके पुराने लखनऊ के बताए जा रहे हैं। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक वजीरगंज, कैसरबाग, बशीरतगंज, बालागंज, याहियागंज, अमीनाबाद और लालबाग जैसे क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

मध्यांचल एमडी पहुंची तो चालू हुई बिजली, तीन एक्सीएन हटे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जब अफसर जमीन पर कार्य करता है तो उसे कहा कमी है यह साफ नजर आता है। ऐसे में बिजली विभाग के अधिकारी एसी का मोह अभी भी नही छोड़ रहे है। गर्मी में कोई भी उपभोक्ता बाहर नही निकलना चाहता है और ऐसे बिजली कटौती होती है तो फिर घर में रहना मुश्किल हो जाता है।

बीते एक माह से गोमतीनगर, चिनहट, इन्दिरानगर, फैजुल्लागंज, नादरगंज, उतरठिया सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली कटौती घण्टो हो रही है। जब उपभोक्ता 1912 पर फोन करता है तो बिना समस्या समाधान के ही समाधान दिखा दिया जाता है।

नादरगंज के अम्बेडकर पावर हाऊस और शारदानगर के एकता नगर मे 10 से 12 घण्टे बिजली कटौती होने पर उपभोक्ता प्रदर्शन करने लगे। प्रर्दशन होने के बाद मध्यांचल के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और एक्सीएन, एसडीओ को दूसरे जिले भेजने का कार्य किया।

आलमबाग के श्रंगारनगर में रहने वाले शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि दिन भर में कई बार बिजली जाती है शिकायत करने पर कोई भी अधिकारी फोन नही उठाता है। ऐसे में बिजली उपकेन्द्र जाने पर पता चलता है कि आधे घण्टे में बिजली आ जायेगी लेकिन घण्टो बाद तक

हटाये गये

- कृष्णानन्द अधिशासी अभियंता 11 केवी एण्ड एलटी, न्यू आलमबाग, अमौसी क्षेत्र।
- महेन्द्र कुमार एससडीओं 11 केवी एण्ड एलटी, न्यू आलमबाग, अमौसी क्षेत्र।
- विवेक प्रकाश अधिशासी अभियंता पीआर एडमीन एण्ड हेल्पहेस्क, अमौसी क्षेत्र।

नियुक्त

- अनिल कुमार यादव को मुख्य अभियंता वितरण अमौसी क्षेत्र।
- अभिषेककुशवाहा अधिशासी अभियंता को एलटी एण्ड 11 केवी न्यू आलमबाग।

बिजली नही आती है। बिजनौर के मनीष गेट के अन्दर मगंलवार को 10 घण्टे बिजली कटौती रही। जिससे घरो के लोग निकलकर बाहर आ गये और बिजली घर के सामने प्रदर्शन करने लगे। काकोरी के हर्षनगर में बिजली कटौती होने से लोगों में आक्रोश हो गया।

नीलांश ग्रुप को नोटिस, जवाबी हलफनामा दाखिल करने का दिया मौका

विधि संवाददाता। लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नीलांष ग्रुप की ओर से कथित रूप से गोमती नदी के तल (रिवर बेड) की कुछ जमीनों पर अवैध कब्जा करने के आरोपों को लेकर दायर याचिका पर संबंधित तहसीलदार के अतिक्रमित सरकारी जमीन के चिन्हित कर वहां से अवैध कब्जा हटाने की विचाराधीन अर्जी निस्तारित करने का आदेष दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने नीलांश ग्रुप के भी नोटिस जारी कर उनसे 7 जुलाई तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है। यह आदेश चीफ जस्टिस अरूण भंसाली व जस्टिस जसप्रीत सिंह की पीठ ने दीपक शुक्ला की ओर से 2024 में दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। कोर्ट के पूर्व आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार की ओर से हलफनामा दाखिल किया गया था जिसे देखकर कोर्ट ने पाया कि नदी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की स्वीकारोक्ति के बाद भी यूपी राजस्व अधिनियम की धारा 67 के तहत कार्यवाही के केवल लटकाया जा रहा है। यह कहते हुए कोर्ट ने तहसीलदार के अगली सुनवायी तक उक्त कार्यवाही को निस्तारित करने का आदेश दिया है अपितु नीलांश थीम वाटर पार्क, नीलांश प्रॉपर्टीज, नीलांश बिल्डर्स, संतोष श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, राजेश श्री

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

प्रेमी ने ही की थी प्रेमिका की हत्या

- रबर पाइप से घोंटा था गला, चेहरा कूचकर जंगल में फेंका था शव
- दूसरे युवक संग घूमने पर था एतराज सगाई के चार दिन बाद कर दी हत्या

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में युवती का चेहरा कूचकर हत्या के मामले में पुलिस ने उसके ही मंगेतर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि दूसरे युवक के साथ मित्रता और घूमना उसे पसन्द नहीं था, जिसके चलते उसने रबर की पाइप से गला घोंटकर शिवानी सिंह (22) की हत्या कर दी और सीमेंट की ईंट से सिर कूचकर शव को झाड़ियों में फेंक दिया। युवती की हत्या उसकी सगाई के चार दिन बाद की गयी है। आरोपी प्रेम कुमार मांझी (23) पुत्र भगवान मांझी निवासी एल्डिको कालोनी थाना पीजीआई का रहने वाला है। वह मूल रूप से ग्राम मदारपुर पोस्ट शाहजीतपुर मसरख छपरा बिहार का निवासी है।

पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि उसकी 7-8 साल से शिवानी से दोस्ती थी। करीब 6 माह से शिवानी ने अपने ऑफिस के मनीष के साथ घूमना-फिरना शुरू कर दिया था। इस वजह से उसकी हत्या कर दी। उसने बताया कि उसे शिवानी की सगाई होने से कोई आपत्ति नहीं थी। पुलिस ने आरोपी बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। शिवानी एल्डिको उद्यान, रक्षा खंड में किराए के मकान में शिवानी अपने माता-पिता और 19 साल की छोटी बहन के साथ रहती थी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। मां गीता घरों में झाड़ू-पोछा करती है, जबकि दीपू शटरिंग का काम करते हैं। शिवानी रियल एस्टेट कंपनी में काम करती थी।

परिजनों के मुताबिक शिवानी की 14 मई को प्रकाश नाम के युवक से सगाई हुई थी। परिवार शादी की तैयारियां कर रहा था। शिवानी 17 मई को सुबह 10 बजे घर से ऑफिस के लिए निकली थी, लेकिन रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों को चिंता हुई तो तलाश शुरू की। जब कहीं कुछ पता नहीं चला तो सोमवार को पुलिस के पास गए। वहां एक लाश मिलने की बात बताई गई। मां ने तस्वीर देखकर शिवानी की शिनाख्त की। पुलिस ने उन्हें बताया कि सोमवार सुबह 8 बजे उसका शव सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के जंगल में मिला। मृतका शिवानी एमआरएम ग्रुप में चैनल पार्टनर के रूप में कार्यरत थी। ऑफिस वृंदावन गेट नंबर 2 साई काम्प्लेक्स में ऑफिस है। घर से आफिस की दूरी तीन किलोमीटर है। परिजनों को घर से करीब रहने वाले युवक प्रेम कुमार मांझी पर शक हुआ और उन्होंने पुलिस को बताया।

पिता दीपू ने बताया कि वह काम के सिलसिले में प्रयागराज गए थे। मोहल्ले में रहने वाले प्रेम ने बेटी की हत्या की है। सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रानिक सर्विलांस की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की गई। सबूतों के आधार पर पुलिस ने शिवानी के ब्वायफ्रेंड प्रेम कुमार मांझी पुत्र भगवान मांझी को गिरफ्तार कर लिया। वह लखनऊ में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। पूछताछ में आरोपी प्रेम ने बताया कि वह शिवानी से लगभग 7-8 साल से दोस्ती रखता था। इधर 6 महीनों से शिवानी अपने आफिस के दोस्त मनीष के साथ ज्यादा घूमती थी।

रविवार को 9.30 बजे के मोटरसाइकिल पर बैठाकर उसे आवास विकास योजना उतरेटिया रेलवे लाइन के निकट जंगल के पास ले गया, जहां वाटर लेबिलिंग वाले रबर के पाइप से उसका गला घोंटा दिया। सड़क से किनारे झाड़ियों में ले जाकर पास पड़ी सीमेंट की ईंट से उसका सिर कूच दिया। उसका मोबाइल फोन तेलीबाग नहर में ले जाकर फेंक दिया। डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में हत्या करने की बात कुबूल की है। उसके पास से हत्या में प्रयोग किए जाने वाली सीमेंट की ईंट बरामद कर ली गई है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

नशीला पदार्थ पिलाकर किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

लखनऊ। नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को इन्दिरानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि 11 अप्रैल को वादिनी ने सोनू सिंह उर्फ सोनू वर्मा द्वारा उसे कोल्ड ड्रिक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला कर दुष्कर्म करना, दुष्कर्म की रिकार्डिंग सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर 10 लाख रुपए की मांग करना व इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो व वीडियो अपलोड कर देने के संबंध में मुकदमा दर्ज किया था। इसी क्रम में 18 मई को इन्दिरानगर पुलिस ने अभियुक्त सोनू वर्मा उर्फ सोनू सिंह निवासी परदेवनपुर गुरूद्वारा के पीछे लाल बंगला थाना चकेरी कानपुर नगर को नया गंज चौराहा के पास से गिरफ्तार किया।

जर्जर घोषित 100 साल पुराने चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज में पढ़ाई बंद करने के आदेश

- छात्रों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट करने व शिक्षकों के सेवा लाभ जारी रखने के निर्देश

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने हुसैनगंज स्थित करीब 100 वर्ष पुराने चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज भवन को असुरक्षित मानते हुए वहां एक सप्ताह के भीतर सभी शैक्षणिक गतिविधियां बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया है कि स्कूल के छात्रों को अन्य उपयुक्त विद्यालयों में स्थानांतरित कराया जाए और साथ ही षिक्षकों का भी अन्यत्र समायोजन कर उन्हें सेवा लाभ जारी रखना सुनिष्चित किया जाये। यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर व न्यायमूर्ति बी आर सिंह की पीठ ने विजय कुमार पांडेय की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया।

याचिका में कहा गया था कि चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज का भवन जर्जर स्थिति में है और उसके गिरने की आशंका बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने पूर्व में जिला विद्यालय निरीक्षक तथा लोक निर्माण विभागके इंजीनियरों से भवन का निरीक्षण कर रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट में दाखिल निरीक्षण रिपोर्ट में बताया गया कि भवन की अधिकांश दीवारों में शियर फेल्योर क्रैक और स्ट्रक्चरल फेल्योर के स्पष्ट संकेत मिले हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरबीसी छत वाले इस भवन की मरम्मत संभव नहीं है। रिपोर्ट पर विचार करते हुए कोर्ट ने माना कि पूरा भवन असुरक्षित है।

कोर्ट ने यह भी नोट किया कि संस्थान की ओर से कक्ष संख्या 11, 13, 17 और 18 पहले ही बंद किए जा चुके हैं। इसके बाद अदालत ने आदेश दिया कि किसी भी कक्षा का संचालन इस भवन में न किया जाए। कोर्ट ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर स्कूल परिसर में शैक्षणिक कार्य बंद कराए जाएं और छात्रों को अन्य उपयुक्त विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाए। अदालत ने कहा कि छात्र व अभिभावक पसंद के स्कूल में प्रवेश लेने का प्रयास करें, यदि ऐसा संभव न हो तो वे डीआईओएस से संपर्क कर सकते हैं।

सुनवाई के दौरान बताया गया कि संस्थान सहायता प्राप्त विद्यालय है और शिक्षकों व कर्मचारियों का वेतन राज्य सरकार देती है। इस पर कोर्ट ने निर्देश दिया कि शिक्षकों व कर्मचारियों का नियमानुसार अन्यत्र समायोजन किया जाए तथा उनके सेवा लाभ प्रभावित न हों। कोर्ट ने संस्थान की प्रबंध समिति को स्कूल भवन के पुनर्निर्माण के लिए प्रयास करने और अलंकार योजना के तहत राज्य सरकार से सहायता मांगने की छूट भी दी है। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई 2026 को होगी, तब तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है।

उप्र फोटो जर्नलिस्ट एसो. के भण्डारे में शामिल हुए अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को उत्तर प्रदेश फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित हजरतगंज चौराहा स्थित मीडिया प्वाइंट पर लगाये गये भंडारे में शामिल हुए। अखिलेश यादव ने भंडारे में श्री हनुमान जी की पूजा अर्चना की और प्रसाद का वितरण किया। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, लखनऊ मध्य क्षेत्र के विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व ओएसडी आशीष यादव सोनू यादव सहित बड़ी संख्या में फोटो जर्नलिस्ट शामिल होकर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि मंगलवार के दिन सभी लोग हनुमान जी को याद करते हैं उनकी पूजा अर्चना करते हैं। आज लखनऊ में कई जगह भंडारों में मैं शामिल हुआ। भंडारों में हमने बड़ी संख्या में लोगों को जुड़ते देखा। यही हमारी मिलीजुली संस्कृति है। इसके साथ ही अखिलेश यादव राजभवन के सामने स्थित मंदिर परिसर में आयोजित भंडारा में भी शामिल हुए तथा प्रसाद ग्रहण किया।

सीएमएस में भण्डारे का आयोजन

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर मंगलवार को सीएमएस के प्रधान कार्यालय में भण्डारा का आयोजन किया। भण्डारे का शुभारम्भ स्कूल संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी, स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन व इनोवेशन डिपार्टमेन्ट की हेड रीना सोती ने भगवान श्री राम एवं पवनपुत्र श्री हनुमान जी के पूजन व आरती से हुआ। इस अवसर पर डॉ. भारती गांधी ने सभी श्रद्धालुओं को बड़े मंगल की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री हनुमान जी का भंण्डारा सामाजिक समरसता को बनाये रखने के साथ ही वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश भी है। इस अवसर पर लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया।

आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति गिरफ्तार

लखनऊ। दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोपी पति विक्रांत यादव को निगोहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। निगोहां पुलिस को 15 मई को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कांटा करौदी में एक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना प्राप्त होते ही निगोहां पुलिस मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का गहन निरीक्षण एवं जांच की। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतका अमीषा यादव (29) पुत्री देशराज निवासी ग्राम कांटा करौदी थाना निगोहां ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने विक्रान्त यादव पुत्र गजेन्द्र सिंह (पति), गजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. वृद्ध सिंह (ससुर) व कविता पत्नी गजेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम शाहजहांपुर तिशोत्रा उर्फ नवादा थाना बालैनी जनपद बागपत के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्त विक्रान्त यादव को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

बिजली को लेकर एफसीआई पावर हाउस पर किया विरोध प्रदर्शन

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के जनता विहार कॉलोनी में बीते चार दिन से बिलजी संकट बना हुआ हैं कॉलोनी में पूरे दिन में 2 से 3 घण्टे ही बिजली मिल पा रही है लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई भीषण गर्मी के कारण पानी की किल्लत को लेकर आक्रोशित उपभोक्ताओं ने एफसीआई पावर हाउस का किया घेराव किया। काकोरी एफसीआई पावर हाउस पर पहुंच कर विरोध प्रदर्शन किया पावर हाउस के गेट बंद रहा है। कोई भी बिजली कर्मी समस्या सुनने के लिये नही मौजूद मिला। काकोरी पुलिस ने आक्रोशित लोगों को शांत कराया। पुलिस ने बिजली कर्मियों से समस्या के समाधान के लिए बात करने का प्रयास करते रहे बिजली अधिकारियों का भी फोन बंद मिला। एफसीआई पावर हाउस से पोषित जनता विहार में बीते चार दिन से बिजली नही आ रही है। लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। कॉलोनी के निवासी अमित कुमार, रमेश राजपूत, शिवम गौतम, आदित्य कश्यप, रोहित गुप्ता, नितिन गुप्ता, सुनील पांडेय, शिवम यादव ने बताया कि चार दिन से बिजली की समस्या बनी हुई है 24 घन्टे में मात्र दो से तीन घण्टे बिजली मिल पा रही है। कॉलोनी में लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। किसी समय हाईवोल्टेज आ जाती है। कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या दूर नही हो पा रही है लोगो ने बताया कि कॉलोनी में मात्र एक ट्रांसफार्मर है तार की भी समस्या है। द्वारिका पूरी निवासी विकास सिंह, दिनेश मौर्य आधी कॉलोनी की बिजली चालू कर दी है जबकि आधी कॉलोनी की बिजली नही जोड़ी है। पुलिस ने बिजली कर्मियो से बात कर रात दो बजे तक बिजली आपूर्ति बहाल कराने का आश्वासन दिया।

ट्रेन से गिरे युवक की मौत

लखनऊ। परिवार के साथ राप्ती गंगा एक्सप्रेस ट्रेन से मुजफ्फरनगर से देहरादून जा रहे यात्री चंदन कुमार साहनी (40) की मलिहाबाद में ट्रेन से गिरने पर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बिहार सीतामढ़ी के पितौझिया गांव निवासी चंदन कुमार परिवार के साथ देहरादून जा रहा था। मंगलवार सुबह सवा छह बजे राप्ती गंगा एक्सप्रेस की बोगी के गेट पर खड़ा था, तभी मलिहाबाद में पोल संख्या 1099/27 के पास असंतुलित होकर ट्रैक पर गिर गया। सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई।

खेत में अचेत मिले युवक की मौत

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के मऊ में पेंटर मनोज शर्मा अचेत अवस्था में मिला है। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। युवक का भाई अमित मौके पर पहुंचा और उसे सीएचसी मोहनलालगंज ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि वह नशे का आदी था। मऊ में रहने वाला मनोज शर्मा पेंटर था। मंगलवार की दोपहर वह अचेत अवस्था में गांव के मिनी स्टेडियम के पास पड़ा मिला। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि युवक नशे का आदी था।

संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार सुबह पति पत्नी में विवाद के बाद पत्नी ने घर में छत के कुंडे से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। माल थाना अंतर्गत पिपरी निवासी दीपराज लोधी और उसकी पत्नी के बीच मंगलवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जब दीपराज दोपहर बाद घर से कहीं चला गया तो उसकी पत्नी सोनी वर्मा (29) ने घर के अंदर कमरे में कूड़े में साडी के सहारे फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचनामाभर कर लखनऊ पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

सैलून मैनेजर खुदकुशी मामले में आरोपी दो महिलाएं गिरफ्तार

- मुख्य आरोपी की पत्नी मुम्बई व दूसरी राजधानी से दबोची गयी

लखनऊ। शहीद पथ स्थित शालीमार वन वर्ड में सैलून मैनेजर रत्ना सिंह खुदकुशी प्रकरण में पुलिस ने मंगलवार को मुख्य आरोपी कारोबारी की पत्नी और एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया है। दोनों के ऊपर 25-25 हजार का इनाम घोषित था। हालांकि पुलिस मुख्य आरोपी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार करके पहले ही जेल भेज चुकी है। गोरखपुर के जेल बाईपास स्थित मैत्रीपुरम कालोनी निवासी रत्ना सिंह शालीमार वन वर्ड के फ्लैट में रहकर शरद सिंह के मानसून सैलून में मैनेजर थी। 12 मई को उन्होंने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मरने से पहले रत्ना ने 25 सेकेण्ड का एक वीडियो बनाया। जिसमें सैलून मालिक शरद सिंह, उसकी पत्नी पल्लवी जोशी, मंगल यादव, वैशाली और प्रशांत सिंह पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में पिता ने पांच नामजद समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ गोमतीनगर विस्तार में बेटी को खुदकुशी के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी शरद, मंगल और प्रशांत सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पल्लवी और वैशाली फरार थी। उनके ऊपर इनाम घोषित कर दिया गया। पुलिस टीम ने मुम्बई के ओशिवरा वेस्ट से शरद सिंह की पत्नी पल्लवी जोशी को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश करने के बाद 48 घंटे की टांजिक रिमाण्ड पर गोमती नगर विस्तार थाना लाया गया। वहीं, दूसरी आरोपी वैशाली सिंह को एमिटी स्कूल से गिरफ्तार किया गया है।

निर्णय न ले पायें तो हाजिर हों मुख्य सचिव: हाईकोर्ट

लखनऊ, विधि संवाददाता। 900 नई अदालतों के गठन के मामले में राज्य सरकार की सुस्ती पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त नाराजगी जतायी है। न्यायालय ने मामले में राज्य सरकार को अंतिम मौका देते हुए आदेश दिया है कि यदि अगली सुनवायी तक अदालतों के गठन के संबंध में अंतिम निर्णय नहीं लिया जाता तो मुख्य सचिव तथा विधि परामर्शी (एलआर) कोर्ट के समक्ष हाजिर हों। मामले की अगली सुनवायी 8 जुलाई को होगी। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेकर दर्ज की गयी, एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में प्रदेश में 9149 अदालतों के गठन का मुद्दा है। राज्य सरकार की उच्च स्तरीय कमेटी ने अक्टूबर 2024 में ही पहले चरण में 900 अदालतों के गठन की बात सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया था। इनमें 225 एचजेएस स्तर के, 375 सिविल जज सीनियर डिवीजन और 300 सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालतें हैं। न्यायालय ने पाया कि मामले में ठोस निर्णय लेने के बजाय नई-नई व आधारहीन सवाल उठाकर अदालतों के गठन को मात्र लटकाने का प्रयास किया जा रहा है। न्यायालय ने कहा कि ऐसे प्रयासों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। न्यायालय के सख्त रुख को देखते हुए, राज्य सरकार की ओर से एक अंतिम मौके की मांग की गई जिसे न्यायालय ने मंजूर करते हुए, उपरोक्त आदेश पारित किया।

गंभीर आपराधिक आरोप वाला व्यक्ति पुलिस जैसी अनुशासित सेवा के लिए अनुपयुक्त

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा है कि गंभीर अपराधों के मामलों में आरोपित व्यक्ति को पुलिस जैसी अनुशासित बल में नियुक्ति नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने कहा कि पुलिस विभाग सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और कानून-व्यवस्था से जुड़ी संवेदनशील सेवा है। यह निर्णय न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार रायकी एकल पीठ ने शेखर नाम के एक अभ्यर्थी की याचिका खारिज करते हुए पारित किया।

बंद घरों में चोरी करने वाले परिवार के चार लोग गिरफ्तार

लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस और सर्विलांस टीम ने बंद घरों में चोरी करने वाले एक ही परिवार के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर बीते दिनों सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में हुई तीन चोरियों का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 30 लाख रुपये कीमत के चोरी के जेवरात, नकदी, एक बुलेट मोटरसाइकिल, स्कूटी, टीवी और डीवीआर बरामद कर मंगलवार को चारों को जेल भेज दिया है।

सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित बद्री नगर कॉलोनी निवासी फर्नीचर व्यवसाई इबरार अहमद बीती 13 मई को अपने घर में ताला बंद कर एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित अमेठी जिले के अपने पैतृक गांव कनकथौरी गए थे। तभी 15 मई की रात नकाबपोश तीन चोरों ने घर के ताले तोड़कर अलमारी में रखें लाखों रुपए कीमत के गहने उठा ले गए थे। इसी तरह इससे पहले यहां के गंगानगर अमौसी निवासी महिला गायत्री सिंह 20 अप्रैल को अपने घर में ताला बंद कर अपनी नातिन की तबीयत खराब होने के कारण उसे देखने अमेठी के सांगीपुर गई थी। 13 मई को वापस लौटी तो घर का ताला टूटा होने के साथ कीमती ज्वेलरी और नगदी गायब मिली। तब उन्होंने थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके अलावा हिंदू खेड़ा अमौसी निवासी रईस अहमद 6 फरवरी को अपनी पत्नी के साथ पुत्र वधू को लेने उसके मायके फतेहपुर जिले के जहानाबाद गए थे। पुलिस ने बताया कि तभी मंगलवार सुबह सरोजनी नगर के ही नादरगंज स्थित मेहराब ग्राउंड के पास से एक महिला सहित चार लोगों को पकड़ लिया गया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चारों ने अपना नाम बिहार प्रांत के कैमूर जनपद स्थित नुआओ थाना अंतर्गत पंजराओ निवासी सोनू सिंह, यहीं के शक्तिमान सिंह, यहीं की विनीता सिंह और सरोजनी नगर के अमौसी निवासी प्रदुम्न सिंह बताया।

लूट करने वाला गिरफ्तार : निगोहां लालपुर टावर के पास शराब के नशे में वेयरहाउस कर्मी से रायबरेली निवासी तीन बदमाशों ने लूट की थी। मंगलवार को पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गई बाइक और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है।

कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, जनपद-उन्नाव

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

website :-www.ugoonp.in E-mail:-nppmaurava@gmail.com

पत्रांक :- 133/ ई-निविदा सू./ न.पं.ऊगू /2026-27 दिनांक :- 19/05/2026

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों /फर्मों को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना CM-NSY योजनान्तर्गत जारी पत्र संख्या :- 1/1281471 /2026/मु.म.न.सु.यो.ई-2032206 नगर विकास अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 26/03/2026 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव मे निर्माण कार्यो हेतु ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है।

:- निविदा अपलोड एवं तकनीकी वित्तीय बिड खोलने का विवरण:-

(a)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन की तिथि	20/05/2026
(b)	वेबसाइट पर आनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि	20/05/2026 प्रातः 09.00 बजे से
(c)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय	10/06/2026 अपरान्ह 01.00 बजे
(d)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय	10/06/2026 अपरान्ह 02.00 बजे
(e)	ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय	तकनीकी निविदा खोलने के उपरान्त
(f)	ई-निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव

नोट :- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण/नियम व शर्ते वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यावधि तक कार्यालय नगर पंचायत ऊगू, उन्नाव से सम्पर्क करते हुए प्राप्त कर सकते है ।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत ऊगू
उन्नाव

अनीता
अध्यक्ष
नगर पचायत ऊगू, उन्नाव

यूपीआरएनएन के एमडी पर लगे आरोप निराधार

- जांच समिति की रिपोर्ट में किसी भी आरोप की नहीं हुई पुष्टि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के एमडी के खिलाफ सोशल मीडिया में प्रसारित खबर में कतिपय आरोप लगाये गये थे। इस पर तथ्यों की पड़ताल के लिए वॉयस ऑफ लखनऊ टीम ने निर्माण निगम मुख्यालय का दौरा किया तथा लगाये गये आरोपों पर एक-एक कर साक्ष्यों की पड़ताल की गयी। इसमें लगाये गये आरोप पूर्ण रूप से गलत पाये गये और एमडी आरएन सिंह की ओर से सभी आरोपों पर बेबाकी के साथ सबूत उपलब्ध कराये गये। पड़ताल में पाया गया कि राम नाथ सिंह ने 09 जून 2025 को एमडी का कार्यभार संभाला और तत्काल ही सचिवालय प्रशासन की तर्ज पर सुरक्षा व्यवस्था लागू की। उस व्यवस्था के अनुसार केवल पात्र व्यक्तियों को ही नियमानुसार मुख्यालय भवन में प्रवेश दिया जाता है, जिससे दलालों का प्रवेश प्रतिबन्धित हो गया है।

किसी भी कार्य के टेण्डर के लिए पूर्व निर्धारित प्रकिया के अनुसार निविदा समिति जोन स्तर पर जोनल महाप्रबंधक की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय समिति गठित है, जिनके द्वारा निविदाओं का आमंत्रण, तिथि बढ़ाने, कैंसिलेशन का अधिकार है। साथ ही वही टीम निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन करती है तथा उसके बाद और डाली गयी निविदाओं को एनआईसी पोर्टल से एल-1 प्राप्त करने की प्रकिया इसी समिति द्वारा अपनायी जाती है। इस पूरी प्रकिया में एमडी का कोई लेना-देना नहीं होता है।

पिछले 11 महीने के कार्यकाल में किसी भी ठेकेदार द्वारा 02 प्रतिशत अतिरिक्त गुण्डा टैक्स के सम्बन्ध में कोई शिकायत नहीं की गयी और न ही कोई गुण्डा टैक्स मांगा गया है। इसके लिए उप्र ठेकेदार वेलफेयर समिति और राजकीय निर्माण निगम के ठेकेदारों के एसोसिएशन के पत्र 13 मई 2026 द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसी के द्वारा कोई गुण्डा टैक्स की मांग नहीं की जा रही है। साथ ही जीएसटी के सम्बन्ध में एक निर्धारित प्रकिया है जो ठेकेदारों के द्वारा जमा जीएसटी के ऑनलाइन मिलान के बाद बी-2बी जमा करने के बाद नियमानुसार भुगतान की प्रकिया की जाती है। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की लिखित शिकायत ठेकेदारों द्वारा नहीं की गयी है।

मीडिया रिपोर्ट में मंत्री मयंकेशवर शरण सिंह द्वारा की गयी शिकायतों को खूब बढ़ा चढ़ा कर दिखाया गया, जिसमें शिकायतों की तारीख किसी को भी नहीं बतायी गयी। पड़ताल के दौरान देखा गया कि मई-2025 में एमडी बनने के ठीक पहले मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मंत्री बलदेव सिंह औलख, सांसद प्रमोद तिवारी आदि की ओर से की गयी शिकायत फर्जी तथा मनगढ़ंत पाये गये। इन शिकायतों की जांच शासन स्तर से सचिव लोक निर्माण विभाग एवं प्रमुख अभियंता (विकास एवं विभागाध्यक्ष) की समिति से जांच करायी जा चुकी है। खास बात यह रही कि 27.09.2025 में अंकित है जो 07 शिकायती पत्र प्राप्त हुए उनमें से 04 शिकायती पत्रों में तथा 03 शिकायती पत्रों में साक्ष्य / उत्तर शिकायतकर्ता द्वारा नहीं दिये गये। इन्हीं बिन्दुओं पर शिकायतें फर्जी तरीके से अलग-अलग नामों से भेजी गयी उन पर शीर्ष स्तर से जांच की कार्यवाही पहले ही हो चुकी है।

जहां तक विजिलेंस और लोकायुक्त की जांच एमडी आरएनएन के खिलाफ लम्बित बताया जा रहा है। जिसमें एमडी आरएन सिंह आरोपी नहीं हैं, बल्कि अशोक कुमार, अधिशासी अभियंता और अंशुमालिनी, सहायक अभियंता के खिलाफ शिकायत दाखिल करने का मतलब यह नहीं है कि वह दोषी हो गया। इस शिकायत के बारे में एचओडी पीडब्ल्यूडी द्वारा जांच करके अपनी रिपोर्ट शासन को भेजी दी थी तथा शासन द्वारा लोकायुक्त को प्रेषित की जा चुकी है, जिसमें एमडी के विरूद्ध न तो कोई आरोप सिद्ध हुआ है, न ही उप्र अनुशासन एवं अपील नियमावली-1999 के तहत कोई जांच बैठी है। आरएन सिंह द्वारा जब निर्माण निगम में एमडी का कार्यभार ग्रहण किया गया उनके द्वारा कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाये गये। मजेदार बात यह है कि जितनी भी शिकायतें आरएन सिंह एमडी के खिलाफ अलग-अलग नाम एवं पते से की जा रही है सबकी भाषा और कन्टेंट एक जैसा ही है जिससे इस शिकायती गैंग की पुष्टि होती है। एमडी आरएन सिंह का कहना है कि भ्रामक खबरों के विरूद्ध लीगल नोटिस भेजी गयी है तथा एफआईआर दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

तीसरे बड़े मंगल पर अलीगंज हनुमान मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु | भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण | हजरतगंज हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालुगण | फोटो-अमित वर्मा

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर...

ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर राजधानी के हनुमान मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, शहर में जगह-जगह लगे भंडारे

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ज्येष्ठ माह का तीसरा बड़ा मंगल श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया गया। भोर होते ही शहर के सभी हनुमान मंदिरों में जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहु लोक उजागर, जय जय जय हनुमान गुसाईं कृपा करहुं गुरुदेव की नाईं नामक चौपाइयां फिजा में गूंजने लगी। हर कोई सुबह सुबह बजरंगबली के दर्शन के लिए हनुमान मंदिरों की ओर बढ़ चला। शहर भर के मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ बजरंगबली की पूजा श्रद्धा सत्कार के साथ की गयी। रात 12 बजे से ही भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर मारुतिनंदन के दर्शन के लिए कतार में लग गए। अलीगंज हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु आदि बजरंगबली के मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की हुजूम उमड़ पड़ा। भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ कर सुख समृद्धि की कामना की। पूरे दिन भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर हनुमान भक्तों के जयकारे से गूंज उठे।

बजरंगबली का हुआ भव्य श्रृंगार: अलीगंज हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य श्रृंगार हुआ। दिन भर में 11 बार चोला बदला गया। मंगलवार भोर में 12 बजे मंदिर का खुला कपाट मंगलवार रात 12 बजे बंद हुआ। 36 घण्टे लगातार भक्तों ने दर्शन किए।

मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि बजरंगबली को 2.5 कुंतल लड्डू, एक हजार कालाजाम, सब्जी-पूड़ी और हलवा का भोग लगाया गया। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रभु के दरबार पहुंचकर हाजिरी लगाई। मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित भंडारे में तीन तरह की सब्जी-पूड़ी, रायता और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

भोर होते ही लगी भक्तों की लंबी कतार: लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में भोर से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। मंगलाआरती के साथ मंदिर के कपाट खुले, और सुबह और शाम बजरंगबली की भव्य आरती हुई।

भक्तों ने जय श्री राम और पवनसुत हनुमान के जयकारे लगाए। मंदिर के ने कहा कि ज्येष्ठ माह के सभी बड़े मंगल पर बजरंगबली की अपने भक्तों पर खास कृपा होती है। सच्चे मन से प्रभु के दरबार में सिर झुकाने से संकटमोचन भक्तों के सारे संकट हर लेते हैं। मन्दिर की ओर से करीब 75 हजार लड्डू बनवाए गए थे। मन्दिर आने वाले भक्तों को एक-एक लड्डू प्रसाद स्वरूप दिया गया।

कोनेश्वर महादेव मंदिर: चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर में सुबह और शाम बजरंगबली की आरती हुई। सुबह पांच बजे से ही भक्त बजरगंबली के दर्शन के लिए पहुंचने लगे। बजरंगबली को 101 किलो बूंदी का भोग लगाया गया। कोनेश्वर महादेव प्रबंधक कमेटी की ओर से मंदिर के बाहर भण्डारे का आयोजन हुआ। सुबह से लेकर शाम तक सब्जी पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। शाम को भजन मण्डली की ओर से सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ।

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर: हजरतगंज में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सुबह से भक्तों की काफी भीड़ रही। यह सिलसिला दोपहर 12 बजे तक चलता रहा। उधर शाम छह बजे के बाद नरही, लालबाग, हुसैनगंज सहित शहर के दूरदराज से आये भक्तों की लाइन लग गई। मंदिर में सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर के बाहर समाजसेवियों ने भक्तों के लिए भंडारे और प्याऊ की व्यवस्था की।

अमीनाबाद हुनमान मंदिर में सिन्दूर और चांदी के वर्क से हुआ श्रृंगार: अमीनाबाद हनुमान मंदिर बड़े मंगल 4 बजे मंदिर के कपाट खोल दिये गये। सुबह 5:30 बजे मंगला आरती हुई। 11:30 बजे सब्जी-पूड़ी, हलवा, चना, बूंदी और भोग लगाकर आरती उतारी गयी। मंदिर के प्रधान पुजारी श्याम पाठक ने बताया कि बजरंगबली का सिन्दूर, चांदी के वर्क से श्रृंगार किया गया। शाम को सुंदरकाण्ड का पाठ आयोजित किया गया।

हनुमान मंदिरों में हुआ चालीसा का पाठ: इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न हनुमान मंदिरों में आरती, पूजन और फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया, जिसके बाद मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। तेज धूप और गर्मी भी भक्तों की आस्था के आगे रुकावट नहीं बन सकी। भक्त तड़के ही दर्शनों के लिए पहुंचने लगे। इस दौरान मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड आदि पाठ का आयोजन किया गया। मंदिरों में दर्शन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

तीसरे बड़े मंगल पर बांटा भण्डारे का प्रसाद : आलमबाग, जेष्ठ के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर कृष्णा नगर इलाके स्थित न्यू इन्द्रलोक पर व्यापारियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भण्डारे का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे लखनऊ व्यापार मंडल के चेयर मेन राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा पूर्व महापौर संयुक्त भाटिया, पूर्व सदस्य विधान परिषद अरविंद त्रिपाठी उर्फ गुड्डू त्रिपाठी सहित लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ मंत्री मनीष अरोड़ा सहित व्यापारियों प्रशांत वर्मा मानस रस्तोगी कंचन रस्तोगी प्रिया, उदिता आरती सौम्या अभिजीत प्रमिल सोनी वर्मा ने जय श्री राम के नारे लगा भण्डारे का प्रसाद आलू पूरी बूंदी का वितरण किया गया। इस अवसर पर व्यापारियों ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में श्री हनुमान जी की प्रतिमा भेट कर सम्मानित किया।

11 प्रकार के अनाज से हुआ हनुमान जी का श्रृंगार : ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में गेहूँ, जौ, चना, पाँच मेल की दाल, बाजरा, चावल और धान कुल ग्यारह मेल के अनाज से प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी का श्रृंगार किया गया । भोग में श्री हनुमान जी को छप्पन मेल का मीठा, गुड की खीर और 21 किलो का लड्डू चढ़ाया गया । भंडारे में जहाँ समोसा, छोला, खस्ता और इमरती बांटी गई -वहीं गर्मी को देखते हुए ठंडे केवड़े जल के साथ शरबत और आम के पने का भी वितरण हुआ । शाम को बच्चों को टॉफी बाटी गई -वही एक भक्त द्वारा आइसक्रीम का भी वितरण किया गया ।

रात्रि को हनुमान जी की भव्य महाआरती मुख्य सेवादास डॉ विवेक तांगड़ी द्वारा की गई ,तो वही शनि जयंती के अवसर पर रात्रि को काले उड़द की खिचड़ी का भोग लगाकर शनि देव का श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ट्रस्ट के सेवादार डॉ पंकज सिंह भदोरिया ,रिद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, लवलीन खोसला, अखिलेश कुमार, जगदीश श्रीवास्तव, अलकेश सोती, राहुल मल्होत्रा सुरेंद्र अजय मेहरोत्रा, राजेश आनंद, प्रहलाद अग्रवाल सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे ।

भक्तों ने प्रसाद में बांटी पूड़ी-सब्जी, लगे जयकारे: ज्येष्ठ महीने के तीसरे बड़े मंगल पर शहर में हर छोटे-बड़े हनुमान मंदिर पर भक्तों का सुबह से भीड़ लगी रही। हर कोई हाथों में प्रसाद और फूल-माला लेकर बजरंगबली के दर्शनों के लिए व्याकुल था।

इस मौके पर शहर के लगभग हर गली-चौराहे पर प्रसाद वितरण हो रहा था। कहीं पर भंडारा चल रहा था, तो कहीं शरबत पिलाया जा रहा था। मंदिर परिसर में लगी दुकानों पर भीड़ किसी मेले से कम नहीं थी। महिलाएं जहां श्रृंगार का सामान खरीदने में लगी हुई थी। वहीं, छोटे-छोटे बच्चे खिलौने खरीदने के लिए मचल रहे थे। आलमबाग के संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा और हनुमानाष्टक पाठ का चल रहा है।

विकास नगर में भंडारा: ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को डा. आरसी उप्रेती और पुष्पा उप्रेती द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भंडारा आयोजित किया गया। विकास नगर में स्थित शिवा हॉस्पिटल पर आयोजित भंडारे में भक्तों ने पूड़ी सब्जी, हलवा व बूंदी का प्रसाद चखा।

सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ भंडारा: सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में आज दोपहर बी- ब्लॉक सूरज दीप कॉमप्लेक्स, 1 जॉपलिंग रोड, लखनऊ में ज्येष्ठ मास के तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित बड़ा मंगल भंडारे में उपमुख्यमंत्री, परिवाहन मंत्री व पूर्व सांसद शामिल हुए। प्रातःकाल हनुमान जी की पूजा-अर्चना और सुंदरकांड का पाठ हुआ। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री, परिवाहन मंत्री, पूर्व सांसद, जीवन ज्योति सेवा फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति सिंह और उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने हनुमानजी को भोग लगाया और भंडारे में बजरंगबली का प्रसाद पूड़ी, सब्जी, मट्ठा, बूंदी, केला, सेब का वितरण श्रद्धालु भक्तों और जरुरतमंदों में किया।

नेहरु इन्कलेव में भंडारा आयोजित: उप्र विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इन्जी (सेवानिवृत्त) संघ द्वारा आज तीसरे मंगलवार को संघ भवन नेहरु इन्कलेव गोमती नगर पर पांचवे भंडारे का आयोजन किया गया, 108 हनुमान चालीसा के पाठ के साथ आरम्भ भंडारे में लगभग 1500 से 2000 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया, भंडारे में सभापति विधान परिषद कुं मानवेन्द्र सिंह, लखनऊ विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह लखनऊ नगर निगम के मुख्य अभियन्ता महेश वर्मा सभासद संजय सिंह राठौर, राम किशन यादव के साथ प्राधिकरण सेवा के मुख्य अभियन्ता अधीक्षण अभियन्ता अधिशाषी अभियन्ता सहायक अभियन्ता अवर अभियन्ता एवं विभिन्न संघटनों के पदाधिकारियों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।

संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा संग हुआ भंडारा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार के अवसर पर डा. आरसी उप्रेती और पुष्पा उप्रेती द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा और भंडारा आयोजित किया गया। वहीं महिलाओं ने भजनों को प्रस्तुत कर माहौल भक्तिमय कर दिया। विकास नगर स्थित शिवा हॉस्पिटल पर आयोजित भंडारे में भक्तों ने पूड़ी सब्जी, हलवा व बूंदी का प्रसाद चखा। इस मौके पर उमेश सनवाल, राकेश मिश्रा, अखिलेश गिरी, डा. महेश पाण्डेय, प्रमोद सिंह, द्विजेंद्र त्रिपाठी, विनोद मिश्रा, डा. बिंदिया खेड़ा, डा. महेश पाण्डेय, डा. जीएम खेड़ा सहित काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

नर सेवा नारायण सेवा के भंडारे में उमड़ा जन-सैलाब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। परहित सरिस धर्म नहि भाई। परपीड़ा नहि सम अधमाई की युक्ति को चरितार्थ करती हुई ममता की पर्याय बन चुकी नर सेवा नारायण सेवा के लिए संकल्पित गरीबों असहायों बुजुर्गों महिलाओं छात्रों खिलाडियों एवं दिव्यांगों की सेवा के प्रति समर्पित ममता चैरिटेबल ट्रस्ट समाज में सेवा सहायता शांति सद्भाव समरसता एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार कर सशक्त राष्ट्र की स्थापना हेतु विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को प्रातः 10 बजे से रात्रि 12 बजे तक 17वां विशाल भण्डारा एवं आध्यात्मिक चेतना समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ भजन संध्या, भक्तिमय झाकियां, भव्य आरती के साथ-साथ समाज को अभिप्रेरित एवं विभिन्न क्षेत्रों में सेवा के लिए अपना योगदान कर रहे लोकप्रिय एवं महान विभूतियों को सम्मानित भी किया गया।

प्रत्येक वर्ष की भाति प्रातः नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक सुन्दरकाण्ड पाठ तथा हनुमान जी की आरती के साथ भण्डारे का शुभारम्भ किया गया। भण्डारे का उद्घाटन करते हुए हनुमान मंदिर नैमिषारण्य धाम के पीठाधीश्वर पवन जी महाराज ने कहा कि सेवा सहायता समर्पण त्याग एवं सहयोग के साथ-साथ भण्डारे एवं आध्यात्मिक चेतना समागम का कार्यक्रम ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के बहुमुखी उद्देश्यों एवं सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र की सशक्तता के प्रति संकल्प को स्थापित करती है। उद्घाटन सत्र के अवसर पर चीफ ट्रस्टी, राजीव मिश्र ने कहा कि ममता चैरिटेबल ट्रस्ट समाज के वंचितो एवं जरूरतमंदो की सेवा के लिए 247 कृत संकल्प है। आज बजरंगबली की कृपा से रात्रि 12 बजे तक भण्डारे के साथ-साथ भक्ति के विभिन्न आयामों का रसपान करने का अवसर प्राप्त होगा। सभी भक्तजनो का बहुत बहुत स्वागत है। भण्डारे में प्रसाद वितरण के अतिरिक्त भक्तजनो के लिए भजनसंध्या, भक्तिमय झांकियां, संगीतमय प्रस्तुतियां, लोकप्रिय एवं महानविभूतियो का सम्मान एवं भक्तिमय नृत्य का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। लोकप्रिय गायको एवं उनकी पूरी टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आज के इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, जेपीएस राठौर, दिनेश प्रताप सिंह स्वतंत्रदेव सिंह, दयाशंकर सिंह, ददन मिश्रा, भाजपा विधायक श्रीकांत कटियार, पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, विधायक योगेश वर्मा, अभय सिंह वरिष्ठ नेता रमेश तूफानी, उच्च न्यायालय के वरिष्ठ पूर्व न्यायधीश रंगनाथ पाण्डेय, आरएसएस के अखिल भारतीय पदाधिकारी ललित श्रीवास्तव, प्रशांत भाटिया लखनऊ महानगर की महापौर सुषमा खर्कवाल, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, लखनऊ के वरिष्ठ चिकित्सक, जनप्रतिनिधि सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों सहित लाखों की संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद गृहण एवं भक्ति का रसपान किया बंगाल की प्रसिद्ध झालमुडी का स्टॉल भक्तगणों के लिए विशिष्ट आकर्षण का केन्द्र रहा।

वरदा चतुर्थी आज, सुख-शांति के लिए होगी बप्पा की पूजा

- ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 05 मिनट से 04 बजकर 46 मिनट तक
- विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 39 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त – शाम 07 बजकर 06 मिनट से 07 बजकर 27 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त – रात 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 38 मिनट तक
- सूर्यद – सुबह 05 बजकर 28 मिनट पर
- सूर्यास्त – शाम 07 बजकर 08 मिनट पर
- चन्द्रोदय – सुबह 08 बजकर 43 मिनट पर
- चंद्रास्त – रात 11 बजकर 08 मिनट पर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। इस दिन गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही जीवन में आ रही बाधाओं से मुक्ति पाने के लिए व्रत भी किया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ अधिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि की शुरूआत 19 मई को दोपहर 02 बजकर 18 मिनट पर होगी। वहीं, इसका समापन 20 मई को सुबह 11 बजकर 06 मिनट पर होगा। ऐसे में 20 मई को वरदा चतुर्थी मनाई जाएगी।

वरदा चतुर्थी पूजा विधि : वरदा चतुर्थी के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान करने के बाद सूर्यदेव को अर्घ्य दें। घर और मंदिर की सफाई करें। लकड़ी की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर भगवान गणेश की मूर्ति को विराजमान करें। इसके बाद गणेश जी को फूल और धूप समेत आदि चीजें चढ़ाएं। देसी घी का दीपक जलाकर आरती करें। इसके बाद व्रत कथा का पाठ करें। मंत्रों का जप करें। गणेश जी को फल और मोदक का भोग लगाएं। जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करें।

ध्यान रखें ये बातें: वरदा चतुर्थी के दिन भगवान गणेश को तुलसी के पत्ते अर्पित नहीं करने चाहिए। ऐसा करना शुभ नहीं माना जाता है। इसके अलावा तामसिक भोजन का सेवन न करें। किसी के बारे में गलत न सोचें। किसी से वाद-विवाद न करें। घर और मंदिर की साफ-सफाई का ध्यान रखें।

30 हजार वर्गफीट के पंडाल में गूंजेगी श्रीराम कथा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्सव द्वारा आयोजित 01 से 09 जून 2026 तक होने वाली नौ दिवसीय भव्य श्रीराम कथा की तैयारियों को लेकर सेवा अस्पताल परिसर, सीतापुर रोड स्थित आयोजन स्थल पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

कथा प्रतिदिन सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक आयोजित होगी। कथा व्यास पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज जी का सानिध्य आशीर्वाद मिलेगा। बैठक में कथा आयोजन की व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए लगभग 30 हजार वर्गफीट का विशाल पंडाल तैयार कराया जा रहा है, जिससे भक्तजन सहजता एवं श्रद्धा भाव से कथा श्रवण कर सकें। कथा स्थल पर बैठने, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में उत्सव संरक्षक डॉ. नीरज बोरा बताया कि कथा व्यास पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन एवं मंदिर निर्माण के आध्यात्मिक एवं वैचारिक स्तंभों में प्रमुख भूमिका निभाने वाले संतों में से एक हैं। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि विषय पर ऐतिहासिक साक्ष्य एवं सनातन परंपरा के पक्ष को देशभर में मजबूती से प्रस्तुत किया। उनके श्रीमुख से होने वाली श्रीराम कथा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस आध्यात्मिक आयोजन में प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों की उपस्थिति रहने की संभावना है। आयोजन समिति के अनुसार यह कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक समरसता का भी केंद्र बनेगी। कथा के दौरान भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मयार्दा, राष्ट्रधर्म एवं मानव मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। आयोजन स्थल को भव्य धार्मिक स्वरूप दिया जाएगा तथा प्रतिदिन भजन, आरती एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। भक्तों के लिए कथा श्रवण हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पुण्य अवसर का लाभ प्राप्त कर सकें। समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में भारत भूषण गुप्ता, राकेश पाण्डेय, रवि तिवारी, गिरजाशंकर अग्रवाल, पंकज बोरा, रूपेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पंकज मिश्र, धीम अग्रवाल, श्याम जी अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, उपस्थित रहें।

संक्षेप

मकानों को ध्वस्त करने पर डीएम से मिले

जौनपुर । जिले के सरायख्वाजा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 136 के चैड़ीकरण और फोरलेन निर्माण के कारण सैकड़ों परिवारों के मकानों को ध्वस्त किया जा रहा है। इस कार्रवाई के विरोध में दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने उचित मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर जिलाधिकारी से मुलाकात की है। ग्रामीणों का कहना है कि वे पीढ़ियों से आबादी की भूमि पर रह रहे हैं और इस ध्वस्तीकरण का विरोध कर रहे हैं।उन्होंने खुद को गरीब, असहाय और भूमिहीन बताया है, जो लगभग 200 वर्षों से जौनपुर-शाहगंज मार्ग पर स्थित गांव सभा की भूमि पर बसे हुए हैं। सरायख्वाजा बाजार भी लगभग 200 साल पुराना है।अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) और सक्षम प्राधिकारी, जौनपुर द्वारा 30 मार्च को परिसंपत्ति ध्वस्तीकरण के नोटिस जारी किए गए थे।इन नोटिसों को घरों पर चस्पा किया गया था।इसके विरोध में, ग्रामीणों ने 1 अप्रैल को तत्कालीन जिलाधिकारी को एक लिखित आपत्ति और नोटिस वापस लेने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। ग्रामीणों के अनुसार, इस प्रार्थना पत्र का आज तक कोई जवाब या निस्तारण नहीं हुआ है। इसके बाद, 12 मई को अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) कार्यालय द्वारा संरचना के प्रतिकर भुगतान के नोटिस जारी किए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि ये नोटिस गलत तरीके से जारी किए गए हैं और मूल्यांकन मनमाने ढंग से किया गया है, जिससे उनके साथ अन्याय हो रहा है। ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि राष्ट्रीय राजमार्ग अर्जन, पुनर्वासन और स्थापन अधिनियम के तहत भूमि उपलब्ध कराते हुए भूमि अधिग्रहण किया जाए।

सड़क हादसे में जीजा की मौत

जौनपुर । चंदवक थाना क्षेत्र में वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग पर मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा श्री गणेश राय इंटर कॉलेज कर्रा के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी। घटना के बाद शादी वाले घर में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान 39 वर्षीय अखिलेश कुमार पुत्र गोरखनाथ निवासी रामपुर कठरवा, थाना देवगांव, जिला आजमगढ़ के रूप में हुई है। वह अपने ससुर अजय राम के घर ग्राम ब्रह्मानपुर, थाना चंदवक में अपने साले की शादी में शामिल होने आए थे। अखिलेश मंगलवार की सुबह में अपने रिश्तेदार संदीप कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी ब्रह्मानपुर के साथ बाइक से चंदवक बाजार माला लेने जा रहे थे। इसी दौरान आजमगढ़ से वाराणसी की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अखिलेश के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से डोभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं संदीप कुमार के पैर में चोट आई है और उनका इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर ट्रेलर और चालक की पहचान करने में जुटी है।

बच्चे जायेंगे नानी के घर, अध्यापक करेंगे जनगणना

जौनपुर। मंगलवार को विद्यालयों में गर्मी की छुट्टी हो गई। गम्भीर हीट वेव की आशंका के मद्देनजर जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल ने मंगलवार को साढ़े बारह बजे के बजाय ग्यारह बजे ही छुट्टी करने के लिए आदेशित कर दिया। परिषदीय विद्यालयों के साथ-साथ ज्यादातर निजी विद्यालयों में भी मंगलवार से ही छुट्टी हो गई। गर्मी की छुट्टी होते ही स्कूली बच्चों के चेहरे खिल गए हैं और अब नानी के घर जाने की तैयारी में हैं।यू के जी में पढ़ने वाले साहस सिंह कहते हैं कि अब छुट्टी नानी के घर बिताने का इरादा है लेकिन इस बार की छुट्टी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए थोड़ा हटकर है क्योंकि ज्यादातर परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में लगी हुई है ऐसे में स्कूल तो उन्हें प्रतिदिन नहीं जाना होगा होगा लेकिन जनगणना के कार्य के चलते उन्हें भीषण गर्मी में अपने आवंटित मजरे में मकान सूचीकरण करके कुल 34 सूचनाओं की आनलाइन फीडिंग करने का कार्य 22 मई से 20 जून तक करना पड़ेगा। जनगणना 2027 के इस पहले चरण का कार्य पूरा होने से पूर्व ही 16 जून को परिषदीय विद्यालय पुनः खुल जायेंगे।

अवकाश के दिनों में घर पर पढ़ाई के साथ करें इंज्वाय

सोनभद्र। परमहंस पब्लिक स्कूल एवं पंडित विद्याधर इंटर कॉलेज कबरी में प्रबंधक डॉक्टर धर्मवीर तिवारी के दिशा निर्देश पर मंगलवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को अवकाश के दिनों में पढ़ाई के साथ ही इंज्वाय करने का गुर सिखाया गया।

मासिक टेस्ट के उपरांत इस भीषण गर्मी में जब बच्चे एक माह के लिए अवकाश पर घर जा रहे हैं, तब इस गर्मी को समर कैंप के माध्यम से विद्यालय में बच्चों को विविध कार्यक्रमों के जरिए इंज्वाय कराया गया। प्रातः ही छात्र-छात्राएं बड़े उत्साह के साथ विद्यालय पहुंचकर अपने कक्षा-कक्ष को गुब्बारे, हरे पेड़- पौधे एवं सुंदर चित्र के माध्यम से मनमोहक रूप से सजाया था। तदुपरांत बच्चे गीत एवं डांस कर आत्मविभोर हो रहे थे। विद्यालय की तरफ से बच्चों को पॉपकॉर्न, तरबूज, कोल्ड ड्रिंक चॉकलेट इत्यादि खाद्य पदार्थों को खिला-पिलाकर उन्हें एक माह के लिए विदा किया गया। पूरे विद्यालय में उत्सव का माहौल बना रहा। बच्चे और अध्यापक सभी खुश नजर आ रहे थे।

संरक्षक सुरेश तिवारी ने बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के दिशा-निर्देश दिए तो प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा कि ष्इस अवकाश के दिनों को बेकार नहीं जाने देना है ,बल्कि घर पर रहकर शिक्षा ग्रहण करना है। वरिष्ठ अध्यापक श्रवण कुमार पाण्डेय ने कहा कि हम इस धरा को पाकर धन्य हुए हैं, जहां गर्मी, वर्षा और जाड़ा बारी-बारी से आती रहती हैं। हमें इनमें भी उत्सव ढूंढना चाहिए।

छात्र-छात्राओं को स्टार ऑफ द मंथ से किया गया सम्मानित

सोनभद्र। भाषा से संवाद, संस्कृति से पहचान, एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हुए पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां, सोनभद्र में 13 मई 2026 से 19 मई 2026 तक भारतीय भाषा-ग्रीष्मकालीन शिविर (2026) का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को स्टार ऑफ द मंथ से सम्मानित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र मुकुल आनंद पांडेय एवं खंड शिक्षा अधिकारी नगवां धनंजय कुमार सिंह के संरक्षण तथा डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव के कुशल निर्देशन में आयोजित इस शिविर ने बच्चों को शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, भाषाई विविधता एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

सप्ताह भर चले इस विशेष शिविर में बच्चों के लिए दिवसवार रोचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रथम दिवस बच्चों को विभिन्न भारतीय भाषाओं में अभिवादन एवं परिचय देना सिखाया गया। नमस्ते, वणक्कम, नमस्कार, सत श्री अकाल जैसे अभिवादन शब्दों के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारत की भाषाई विविधता को समझा। द्वितीय दिवस शब्द एवं संवाद गतिविधियों के अंतर्गत दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले शब्दों, सरल संवादों एवं भाषा खेलों का अभ्यास कराया गया, जिससे बच्चों में संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास का विकास हुआ। तृतीय दिवस गीत एवं संगीत गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के गीतों, लोकधुनों एवं समूह गायन में सहभाग किया। संगीत की मधुर प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। चतुर्थ दिवस कहानी एवं कविता गतिविधियों में बच्चों ने कविता पाठ, कहानी वाचन एवं चित्र देखकर रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। इससे बच्चों की कल्पनाशक्ति, भाषा समझ एवं मंच प्रस्तुति क्षमता में वृद्धि हुई। पंचम दिवस कला, चित्रकला एवं संस्कृति पर आधारित गतिविधियों में विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा, लोकनृत्य, भोजन एवं त्योहारों की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने पोस्टर, रंगोली एवं चित्रों के माध्यम से हमारी संस्कृति-हमारी धरोहरह्व विषय को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छठवें दिवस इंडियन साइन लैंग्वेज (ैस्) गतिविधि के माध्यम से बच्चों को सांकेतिक भाषा के महत्व से परिचित कराया गया।

इस अवसर पर अनुराग त्रिपाठी, कृष्णदेव पाण्डेय, सगीर खान, राजू प्रसाद, पूजा सिंह, पूजा पाण्डेय, श्वेता सिंह, पूजा भारती, पायल सोनी, प्रीति, श्रेया पाण्डेय इत्यादि अध्यापकध्अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

ब्राह्मणों ने सदैव राष्ट्र को किया मजबूतः विजय

आजमगढ़। गहजी स्थित माँ शारदा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक विद्वत्ब्राह्मणों के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुमुक्षु आश्रम अम्बेडकर नगर के महंत सत्यव्रत ब्रह्मचारी, मौनी बाबा आश्रम के महंत शुभम दास जी महाराज और मुख्य अतिथि एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रबंधक फौजदार सिंह, निदेशक संजय सिंह, सौरभ सिंह, प्राचार्य डा. दिवाकर सिंह और राममिलन सिंह ने मंचासीन अतिथियों सहित सैकड़ों ब्राह्मणों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन और राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय कुमार पांडेय सरस ने फौजदार सिंह को उनके प्रशंसनीय धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान पत्र भेंट किया। इसी क्रम में ब्राह्मण समाज कल्याण परिषद आजमगढ़ के अध्यक्ष ब्रजेश नंदन पांडेय ने भी पुनीत कार्य की सराहना करते हुए आयोजक को पत्र सौंपा। मुख्य अतिथि एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कहा कि ज्ञान और तप का प्रतीक ब्राह्मण कभी अपने मूल से नहीं हटा, यही कारण है कि अपने विरुद्ध अनेक आरोपों को सहते हुए भी वह आज समाज में सर्वोच्च सम्मान पा रहा है। ब्राह्मणों ने सदैव समाज का सही मार्गदर्शन करते हुए राष्ट्र को मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने इस अनूठे आयोजन के लिए प्रबंधक फौजदार सिंह की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वहीं अध्यक्षीय संबोधन में महंत सत्यव्रत ब्रह्मचारी ने कहा कि संस्कृत और संस्कृति की रक्षा करना ब्राह्मणों का परम कर्तव्य है। शास्त्रों में ब्राह्मणों को केवल मनुष्य नहीं, बल्कि पृथ्वी का देवता कहा गया है, इसलिए ब्राह्मणों को अपने इस ब्राह्मणत्व को पहचानना चाहिए। उन्होंने आयोजक फौजदार सिंह के इस कार्य को राजर्षि जैसा महान कार्य बताया। इस अवसर पर भाजपा नेता अखिलेश मिश्र गुड्डू, कवि प्रभुनारायण पांडेय प्रेमी, साहित्यकार सुभाष चंद्र तिवारी कुन्दन, ब्रजेश नंदन पांडेय, कवि संजय कुमार पांडेय सरस, मुन्ना बाबा, डा.दीपक पांडेय, डा. ए.के. मिश्र, डा.शरद कुमार मिश्र और अशोक कुमार पांडेय ने वक्तव्य के माध्यम से सनातन संस्कृति, संस्कार एवं समाज के सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक फौजदार सिंह ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा नेता मनीष मिश्र, बसपा नेता अरूण पाठक, तारकेश्वर मिश्र, अरविंद पाठक, अशोक पाठक, रामबली पांडेय, सत्यम गुरु, हरिनाथ तिवारी शास्त्री, सुभाष शास्त्री, शिवम तिवारी, हरीश तिवारी, जयराम उपाध्याय, मनोज त्रिपाठी, हरीश पाठक, दीनानाथ मिश्र, वेदप्रकाश पाठक, पंचदेव पांडेय सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन दिवाकर सिंह एड. ने किया।

गर्मी बढ़ते ही बेल के शरबत की मांग बढ़ी

जौनपुर। गर्मी का असर तेज ही बाजार में बेल के शरबत की मांग तेजी से बढ़ गई है। बेल न सिर्फ गर्मी से राहत दिलाता है, बल्कि कई स्वास्थ्य समस्याओं से भी मुक्ति दिलाता है। गर्मियों में हर रोज बेल का शरबत पीना सेहत के लिए बेहद फायदेमंद बताया जाता है। ष्हर में कलेक्ट्रेट के भीतर बाहर तथा चैराहों के आस पास बेल का षरबत बेचने वाले ठेलों पर भीड़ लग जाती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि इससे गर्मियों के मौसम में होने वाली तमाम तरह की बीमारियों, जैसे कि दस्त, लू लगना आदि से बचाव हो सकता है। बेल का सेवन इन सभी समस्याओं से आराम दिलाने में बहुत कारगर है। यही वजह है कि शहर में कोर्ट मोड़ के पास इन दिनों कई ठेलों पर बेल के शरबत की बिक्री बढ़ गई है। यहां दुकान लगाने वाले दिनेश कुमार ने बताया कि 15 रुपये में छोटे और 25 रुपये में शरबत का बड़ा गिलास उपलब्ध कराया जा रहा है। बेल का शरबत गर्मियों में पेट को बेहद ठंडक पहुंचाता है। इसके रस को शहद के साथ मिलाकर पीने से पेट की समस्याओं से छुटकारा मिलता है। साथ ही कड़ी धूप में लू से भी बचाव होता है। बेल को हिंदू धर्म में माना गया है पवित्रः बेल आस्था से भी जुड़ा है। बेल और इसके पत्ते हिंदू को धर्म में बेहद पवित्र माना गया है। पूजा में भी बेल के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। बेल को महत्वपूर्ण औषधि माना गया है जो पाचन संबंधी कई बीमारियों में फायदेमंद है। इस फल का हर हिस्सा ही सेहत के लिए के लिए गुणकारी व लाभकारी बताया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के आयुष पदाधिकारी डॉ. शेखर चंद्र ने बताया कि नियमित रूप से बेल का रस पीना स्वास्थ्य के लिए तो लाभकारी है, साथ ही बेल थियामाइन, रिबोफ्वेलिन और बीटा-कैरोटीन का अच्छा स्रोत है। ये सभी तत्व लीवर संबंधी समस्याओं को ठीक करने में मदद करते हैं।

बच्चों के साथ समानता का व्यवहार किया जाये

सोनभद्र। निःशुल्क एवं बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(12)(च) के अन्तर्गत आस-पास (छमपहीइवनतीववक) के गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के चयनित बच्चों को कक्षा-1ध्पूर्व प्राथमिक कक्षा में शत-प्रतिशत नामांकन कराने तथा नामांकन की कार्यवाही पूर्व होने पर वर्तमान में प्रवेशित एवं पूर्व अध्ययनरत बच्चों को यूनिफार्म व पाठ्य पुस्तको हेतु सहायता राशि एवं विद्यालयों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे निजी विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्यो के बैठक की गयी। बैठक के श्री गौड़ ने सर्व प्रथम विकास खण्ड चतरा में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के चयनित बच्चों के प्रवेश की सम्बन्ध में जानकारी ली तो खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि आर0टी0ई0 एक्ट के तहत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के कुल विकास खण्ड चतरा में 92 बच्चों का प्रवेश होना था 79 बच्चों का प्रवेश हो चुका है 13 बच्चों ने विभिन्न कारणों से प्रवेश नहीं लिया। अनन्या मौर्या और प्रिया मौर्या के अभिवावक से मोबाइल के माध्यम से वार्ता किये कि मैं जिलाधिकारी सोनभद्र बोल रहा हू आपने आर0टी0ई0 एक्ट के तहत अपने बच्चें का प्रवेश संगम एके डमी विद्यालय में क्यों नही कराया तो अभिवावक द्वारा बताया गया कि विद्यालय द्वारा परिवहन चार्ज अधिक लिये जाने के कारण बच्चें का प्रवेश नहीं कराया गया। रावर्टसगंज में आर0टी0ई0 एक्ट के तहत कुल बच्चों के प्रवेश के सम्बन्ध में जानकारी ली खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि रावर्टसगंज ब्लॉक में 665 बच्चों का प्रवेश होना था जिसमें से 566 बच्चों का प्रवेश हो चुका है 99 बच्चों ने विभिन्न कारणों से प्रवेश नहीं लिया।

सघन टीबी रोगी खोज अभियान के तहत लगाया शिविर

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ओझा के निर्देशन में १०० दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान के तहत मंगलवार विकास खण्ड लालगंज के ददरी राजा गांव में गांव में स्वास्थ्य विभाग लालगंज ने शिविर लगाकर इस अभियान में हाई रिस्क गांवों में हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन से स्क्रीनिंग कर मरीजों को पहचान कर निः शुल्क इलाज से जोड़ा है।

शिविर में क्षेत्र के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने आशा अंतिमा, देवी एएनएम रंजना देवी, निर्मला देवी और प्रधान रोशन सिंह पटेल के सहयोग से गांव के लोगों को प्रेरित किया गया। शमीम अहमद ने कहा कि दो हफ्ते से खासी आना रात में पसीना आना बलगम के साथ खून आना बुखार आना सीने में दर्द होना लक्षणों के बारे में जानकारी दिया गया तथा सरकारी निः शुल्क सुविधाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए लक्षण और उपचार के बारे में जानकारी दी गई कुल 67 मरीजों का एक्स रे किया गया शिविर में शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुजीत कुमार मिश्रा एक्स रे टेक्निशन अजीत कुमार सिंह, आशा अंतिमा देवी, राजेश कुमार, मिथलेश पटेल, भोला विश्वकर्मा, धर्मराज पटेल, सुजीत आदि लोग मौजूद रहे।

यूपी से बिहार में हो रही थी शराब की तस्करी, पुलिस ने किया खुलासा

जिला संवाददाता

मीरजापुर। बिहार में शराब बंदी को ध्वस्त करते हुए यूपी के रास्ते बिहार में अवैध शराब की तस्करी की जा रही थी इसकी खबर तो सामने आती रही है लेकिन अब शराब तस्करों के गैंग ने तरीका बदलते हुए बिहार के सीमावर्ती इलाकों से शराब तस्करी का रास्ता तैयार कर लिया है। मंगलवार को मीरजापुर जिले की थाना अहरौरा व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम ने बड़ा खुलासा करते हुए 3 कार से 1075 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब (अनुमानित कीमत लगभग 75 लाख रुपए मय वाहन) बरामद करते हुए 3 अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है।

बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा व एसओजी, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम हिनौता स्थित लखनीयादरी मार्ग के पास सघन चेकिंग कर एक साथ आ रही 03 चार पहिया वाहनों पर सवार 3 लोगों सूरज कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी हितनपुर थाना शाहपुर जनपद पटना, बिहार, आकाश कुमार पुत्र भगवान चौरसिया निवासी दिघवारा थाना दिघवारा जनपद सारण, बिहार व विकास कुमार पुत्र रामाशीष राव निवासी अस्ता थाना थरथरी जनपद नालन्दा, बिहार को गिरफ्तार किया। इस दौरान बरामद वाहनों की तलाशी ली गयी तो 3 वाहनों से कुल 1075 बोतल अलग-अलग ब्राण्ड की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। गिरफ्तार शराब तस्करों ने पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा तीनों कारों के नम्बर प्लेट को बदलकर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब को वाहन में छिपाकर बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बिक्री करने का इरादा था। अवैध शराब को तीनों वाहनों में उन लोगों द्वारा छिपाकर ले जा रहे थे कि पुलिस द्वारा उन लोगों को पकड़ लिया।

लू से बचाव के लिए 5 लीटर पानी पीना आवश्यक

जौनपुर। मेडिकल कॉलेज में बढ़ती गर्मी एवं हीटवेव (लू) के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु अस्पताल परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य प्रो० आर० बी० कमल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ० ए० ए० जाफरी के निर्देशन में किया गया। संगोष्ठी का संचालन जनरल मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ० विनोद कुमार द्वारा किया गया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि भीषण गर्मी एवं लू से बचाव के लिए प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में, लगभग 4 से 5 लीटर पानी पीने, धूप में निकलते समय सिर एवं शरीर को ढकने, हल्के एवं सूती वस्त्र पहनने तथा अनावश्यक रूप से तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी। साथ ही घर से बाहर निकलने से पूर्व पर्याप्त मात्रा में पानी अथवा ओआरएस का सेवन करने की भी सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, चक्कर आना, उल्टी, पेट दर्द, अत्यधिक कमजोरी अथवा बेहोशी जैसी समस्या महसूस हो तो तत्काल नजदीकी अस्पताल में संपर्क करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो० ए0 ए0 जाफरी ने बताया कि बच्चो, बुजुर्गो और गर्भवती महिलाओं के लिए यह मौसम अधिक संवेदनशील होता है और समय पर उचित कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय की आवश्यकता हैं और समाज को इससे लाभ मिलता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को हीट वेव के खतरों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सुरक्षात्मक पहलों की जानकारी देना रहा है। चिकित्सा अधीक्षक डा0 विनोद कुमार ने बताया कि हीट वेव (लू) के प्रभाव से व्यक्ति को तेज बुखार, चक्कर आना, कमजोरी, बेहोशी एवं झटके जैसी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। कई बार मरीज के शरीर का तापमान सामान्य थर्मामीटर की सीमा से भी अधिक पहुंच जाता है, जो हीट स्टोक की गंभीर स्थिति का संकेत हो सकता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेय एवं गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को भीषण गर्मी में अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। डा. ले.क. सीबीएस पटेल, डा. सरिता पाण्डेय, डा. अरविन्द पटेल, डा. चन्द्रभान, डा. आशुतोष सिंह, डॉ मुदित चौहान, डा बृजेश कन्नौजिया, डा. रेनू, डा. नाजिया, डा. जयन्त तथा डा. संदीप सिंह एवं मरीज एवं उनके तीमारदार उपस्थित रहें।

डीएम रविन्द्र कुमार बेस्ट परफॉर्मिंग जिलाधिकारियों में शामिल

आजमगढ़। देश की प्रतिष्ठित मैगजीन फेम इंडिया द्वारा किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण में जनपद आजमगढ़ के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को देश के 100 उत्कृष्ट एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिला मजिस्ट्रेटों में शामिल किया गया है। यह उपलब्धि न केवल जनपद आजमगढ़ बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। फेम इंडिया मैगजीन अपने आगामी विशेष संस्करण बेस्ट डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट 2026 में चयनित अधिकारियों के कार्यों, नवाचारों एवं जनसेवा में उनके योगदान को प्रमुखता से प्रकाशित करेगी। प्रारंभिक सूची में शामिल 100 अधिकारियों में से 25 सबसे विशिष्ट अधिकारियों को विशेष स्थान प्रदान किया जाएगा। यह व्यापक सर्वेक्षण देश के लगभग 800 जिलों में किया गया, जिसका उद्देश्य चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रशासनिक नेतृत्व देने वाले अधिकारियों की पहचान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। प्रबंध संपादक अनिल सिंह ने बताया कि इस प्रकार के सर्वेक्षण अधिकारियों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अधिक प्रभावी बनती है तथा इसका सीधा लाभ आम जनता को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में जनता की राय, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं विभिन्न पक्षों के विचारों को भी सम्मिलित किया गया। जनपद आजमगढ़ में प्रशासनिक सुधार, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार आधारित पहल, जनसुनवाई की सुदृढ़ व्यवस्था तथा विकास कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग के कारण जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की कार्यशैली को व्यापक सराहना मिल रही है। यह चयन जनपद प्रशासन की प्रतिबद्धता, पारदर्शिता एवं जनकेंद्रित कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण प्रमाण माना जा रहा है।

चौकी परिसर में युवक की पिटाई का वीडियो वायरल

आजमगढ़। पुलिस चौकी परिसर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि गंभीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाई की बाजार चौकी काहै हालांकि अभी इसकी पुष्टि होनी बाकी है। वायरल वीडियो में कुछ पुलिसकर्मी एक युवक के साथ मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है और मामले को लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा पकड़ा गया युवक किसी घटना के सिलसिले में हिरासत में लिया गया था। पुलिस उससे उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ कर रही थी। इसी दौरान युवक के साथ कथित तौर पर मारपीट की गई, जिसका किसी ने वीडियो बना लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक को पुलिस चैकी परिसर में बैठा हुआ देखा जा सकता है, जबकि कुछ पुलिसकर्मी उसके साथ सख्ती करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया यूजर्स में नाराजगी देखने को मिल रही है। लोग मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले को लेकर आजमगढ़ के एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह ने कहा कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। प्रथम दृष्टया वीडियो गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गोसाई की बाजार पुलिस चौकी का बताया जा रहा है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस विभाग वीडियो की सत्यता, घटना की परिस्थितियों और संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच में जुट गया है। अब सभी की नजर जांच रिपोर्ट और प्रशासन की आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई है।

दूल्हा हत्याकांड पर पीड़ित परिवार का प्रदर्शन

जौनपुर । खेतासराय थाना क्षेत्र में 1 मई को हुए दूल्हा हत्याकांड के 18 दिन बाद भी न्याय न मिलने से नाराज पीड़ित परिवार ने प्रदर्शन किया। इस दौरान भगवान निषादराज समाज पार्टी के साथ मिलकर ओमप्रकाश राजभर का पुतला फूंका गया।यह प्रदर्शन जोगियापुर से कलेक्ट्रेट परिसर तक पैदल मार्च के रूप में निकाला गया। प्रदर्शनकारियों ने ओमप्रकाश राजभर मुदार्बाद के नारे लगाए और उन पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।मृतक की बहन सौम्या ने पुलिस प्रशासन और सत्ताधारी प्रभावशाली लोगों पर आरोपियों को बचाने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सराय ख्वाजा और खेतासराय पुलिस केवल कुछ शगरीब और छोटेश लोगों को गिरफ्तार कर रही है, जबकि हत्या के असली मास्टरमाइंड खुलेआम घूम रहे हैं।सौम्या ने ओमप्रकाश राजभर और उनके समाज के नेताओं पर अपनी बिरादरी के अपराधियों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजभर का बयान निंदनीय है और शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण अब तक मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं।

पीएम की अपील का असर, महिलाओं ने बढ़ायी स्वर्ण खरीद से दूरी

लालगंज, मीरजापुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक वर्ष तक सोना न खरीदने के आह्वान का असर अब लालगंज तहसील मुख्यालय और ग्रामीण बाजारों में दिखाई देने लगा है। पढ़ी-लिखी युवतियां, कामकाजी महिलाएं और नवविवाहित बहुएं स्वर्ण खरीद से दूरी बनाकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे रही हैं। इसका असर अब सराफा कारोबार पर भी पड़ने लगा है। तहसील मुख्यालय और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच यह चर्चा बढ़ी है कि देश की आर्थिक मजबूती के लिए अनावश्यक स्वर्ण खरीद से बचना भी देशसेवा है। कारोबारियों का कहना है कि पहले जहां युवा महिलाओं में आभूषण खरीदने का उत्साह रहता था। वहीं अब उनमें सादगी और बचत की भावना अधिक दिखाई दे रही है।दिल्ली से घर आई शिप्रा ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तरह त्याग और सादगी अपनाना आज समय की जरूरत है।मध्य प्रदेश से विवाह कर आई महिमा और रूबी ने कहा कि छोटे-छोटे त्याग से ही देश मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की महिलाएं अब केवल दिखावे तक सीमित नहीं रहना चाहतीं।खुशी, आकांक्षा, ज्योति और तनु ने कहा कि देश के साथ खड़ा होना ही सबसे बड़ा सम्मान है। वहीं दीपांजलि

महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का जोरदार हल्लाबोल

पेट्रोल-डीजल और गैस कीमतों पर केंद्र सरकार को घेरा

मथुरा। महंगाई और पेट्रोल-डीजल, एलपीजी व सीएनजी के बढ़ते दामों के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकालकर जोरदार प्रदर्शन किया और मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग की।

उप्र कांग्रेस कमेटी के राज्यव्यापी आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला मुख्यालय पर पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और सीएनजी गैस के दामों में बढ़ोतरी व मंहगाई के विरोध में सैकड़ों कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और आर्थिक संकट का बोझ जनता पर लादे जाने की कड़ी भत्र्सना की गई। प्रदर्शन कारी कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस लाइन स्थित पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए और वहां से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर की अगुवाई में जुलूस की शक्ल में डीएम कार्यालय पर पहुंचे और सभा करके पेट्रोलियम पदार्थों में मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग की। जिला अध्यक्ष मुकेश धनकर ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा पेट्रोल डीजल सीएनजी पर लगातार दाम बढ़ाए जा रहे हैं, जिसका सीधा असर मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की जेब पर पड़ रहा है. रोजमर्रा की वस्तुएं व खाद्ध पदार्थ मंहगे होते जा रहे हैं, जिससे जनता त्राहि-त्राहि कर रही है. जो घरेलू गैस सिलेंडर 400 रु. में आता था उसे 1000 तक पहुंचा दिया कामर्शियल 3000 कर दिया. 2014 में अंतराष्ट्रीय कच्चा तेल मंहगा था, पेट्रोल लगभग 70 रुपए लीटर मिल रहा था 2014 के बाद जब दुनिया में कच्चा तेल सस्ता हुआ लेकिन मोदी सरकार ने टैक्स ठोककर जनता की जेब काटने का काम किया और जनता को लाभ न देकर अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाया। अमरीकी का तुष्टिकरण करने वाले के लिए रूस और ईरान से तेल आयात पर अंकुश लगाया जा रहा है, जिसने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा खतरे में डाल दी है। हम मोदी सरकार से मांग करते हैं तत्काल प्रभाव से पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में बढ़ोतरी को वापस ले अन्यथा कांग्रेस जनहित में सड़क से लेकर संसद तक जनांदोलन के लिए बाध्य होगी। जिला कांग्रेस महामंत्री वैद्य मनोज गौड़ ने कहा कि पीएम ने 12 साल में इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ पेट्रोल डीजल कम जलाओ, खाद और खानै का तेल कम प्रयोग करें जब एक लाख बत्तीस हजार करोड़ का कच्चा तेल विदेशों से आया तो भारतीय कंपनियों ने करीब 53 करोड़ का निर्यात क्यों किया।

हेमामालिनी ने किये ठाकुरजी के दर्शन

मथुरा। स्थानीय लोकप्रिय सांसद श्रीमती हेमामालिनी ने बीते शाम अपने परिजनों के साथ श्रीकृष्ण जन्मभूमि पहुंचकर ठाकुरजी के दर्शन-पूजन किए और ब्रज की सुख-समृद्धि की कामना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने जन्मस्थान परिसर में आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण लीलाओं के दैनिक लेजर शो का भी पूरा आनंद लिया। इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान की प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य और प्रमुख हिंदूवादी नेता गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने सांसद महोदया को परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति से विस्तार से अवगत कराया। सांसद हेमामालिनी ने परिसर में निमार्णाधीन श्केशव वाटिकाश की सुंदरीकरण योजना और संपूर्ण जन्मभूमि परिसर की उत्कृष्ट स्वच्छता की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि केशव वाटिका में प्रस्तावित वाटर स्क्रीन पर जब श्रीकृष्ण जन्मभूमि के गौरवशाली इतिहास से संबंधित कथानक का प्रदर्शन शुरू होगा, तो वह उसे देखने दोबारा अवश्य आएंगी। सांसद के इस गरिमामयी प्रवास के दौरान संस्थान के सचिव कपिल शर्मा और सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा सहित कई प्रमुख पदाधिकारी व गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी ने पटुका ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सांसद व उनके परिजनों का स्वागत किया।

ठीक नहीं प्रेमानंद महाराज का स्वास्थ्य, रोकी गयीं यात्रा

मथुरा। संत प्रेमानंद महाराज की फिलहाल तबियत ठीक नहीं है। जिस कारण भोर में निकलने वाली पदयात्रा अभी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। पदयात्रा के साथ साथ एकांतिक दर्शन और एकांतिक वातार्लाप भी फिलहाल स्थगित किया गया है। इस निर्णय के बाद देशभर से वृंदावन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में मायूसी छाई हुई है। भक्त लगातार संत महाराज के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य संबंधी कारणों से फिलहाल पदयात्रा के साथ-साथ एकांतिक दर्शन और एकांतिक वातार्लाप कार्यक्रम भी रोक दिए गए हैं। आश्रम प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं से संयम बनाए रखने और महाराज जी के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना करने की अपील की गई है। हर दिन तड़के होने वाली संत प्रेमानंद महाराज श्रीराधे हित केलिकुंज आश्रम से सौभरि वन जा रहे थे। आश्रम से कार से जाने के बाद सौभरि वन में पदयात्रा कर श्रद्धालुओं के बीच पहुंचते थे। उनका स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण पदयात्रा सहित एकांतिक दर्शन और वातार्लाप का स्थगित होने से भक्तों में चिंता का माहौल है। श्रद्धालुओं का कहना है कि महाराज जी की पदयात्रा और सत्संग से उन्हें आध्यात्मिक शांति मिलती है। मंगलावर को भी आश्रम के बाहर श्रद्धालु पहुंच गए थे। लेकिन परिकरों ने महाराज जी के न आने का समाचार दिया तो श्रद्धालु मायूस होकर लौटे। पूर्व में वह श्रीकृष्ण शरणम सोसाइटी स्थित अपने आवास से पदयात्रा करते हुए अपने आश्रम श्रीराधे हित केलिकुंज आश्रम तक पहुंचते थे लेकिन कुछ समय पहले ही उन्होंने सौभरि वन में पदयात्रा करना शुरू की थी। गौरतलब है कि संत प्रेमानंद महाराज किडनी की समस्या से पीड़ित है। वह ऑटोसोमल डोमिनेंट पॉलीसिस्टिक किडनी डिजीज से ग्रसित है। उनकी रोजाना डायलिसिस होती है।

भारत विकास परिषद 'युगल संस्कार' शाखा का अधिष्ठापन, रोमा बंसल बनीं अध्यक्ष

आगरा। समाज सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए भारत विकास परिषद की युगल संस्कार शाखा के नवीन सत्र 2026-27 का अधिष्ठापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह में नई कार्यकारिणी ने सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण का संकल्प लेते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। सोमवार को फतेहाबाद रोड स्थित होटल रेडिशन में अधिष्ठापना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. तरुण शर्मा, केशव दत्त गुप्ता, प्रमोद सिंघल, सीए प्रवीन गर्ग, गुंजन अग्रवाल, शाखा के संस्थापक एवं प्रांतीय अध्यक्ष उमेश बंसल, महासचिव सीए विवेक अग्रवाल, वित्तीय सचिव अमित गुप्ता तथा संयोजक अनुराग बंसल ने उपस्थित होकर नवगठित टीम को शुभकामनाएं दीं। समारोह में नवीन कार्यकारिणी का विधिवत अधिष्ठापन किया गया। इसमें रोमा बंसल ने अध्यक्ष, दिशा अग्रवाल ने सचिव तथा सांची गोयल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। साथ ही महिला संयोजिका के रूप में मिल्की अग्रवाल ने भी दायित्व संभाला।

दवा विक्रेताओं के अस्तित्व और जनस्वास्थ्य की रक्षा को 'राष्ट्रव्यापी बंद' का शंखनाद आज

आगरा। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ कैमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी), जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक कैमिस्ट एवं दवा वितरकों का शीर्ष संगठन है, ने सरकार की अनदेखी के खिलाफ 20 मई 2026, बुधवार को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेषित एक ज्ञापन में संगठन ने स्पष्ट किया है कि बार-बार के अनुरोधों के बावजूद, दवा व्यापार की गंभीर समस्याओं पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से से देशभर के विक्रेताओं में भारी रोष है। संगठन का आरोप है कि ई-फामेर्सी प्लेटफॉर्म्स नियमों की शिथिलता का लाभ उठा रहे है। बिना भौतिक सत्यापन के दवाओं की बिक्री से एक ही प्रिस्क्रिप्शन का बार-बार उपयोग हो रहा है।

अटेवा की बैठक में लिए गए कई निर्णय

शिकोहाबाद। अटेवा के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय कृष्णज कुंज मेला वाले बाग पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कृष्णज की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने निर्णय किया कि ब्लॉक की टीमों का पुनर्गठन कर लिया जाए, जिससे कार्य करने वाले साथियों को अग्रिम पंक्ति में ला कर संगठन को मजबूत किया जाए। साथ ही साथ मीटिंग में प्रतिभाग नहीं करने वाले, सदस्यता में सहयोग नहीं देने वाले पदाधिकारियों के स्थान पर नए लोगों का चयन किया जाए। अटेवा के पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन की एक बहुत ही पवित्र लड़ाई लड़ रहा है जिसमें अभी तक कुछ मुद्दों पर सफलता प्राप्त की है। जल्द से जल्द ओ पी एस सभी साथियों के लिए बहाल होगी। एका ब्लॉक पर ब्लॉक अध्यक्ष अभय दुबे एवं महामंत्री समसुद्दीन को बनाया गया। शेष टीम अध्यक्ष, मंत्री मिलकर चयन करेंगे। जय कुमार, अविनाश यादव, सुधीर यादव, विमल यादव, जय कुमार, अविनाश यादव, गौरी शंकर बिंद, विमल यादव, विकाश यादव, चंदन यादव, मुकेश कुमार, अभय दुबे, साजन कुमार, डॉ सहदेव सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

यमुना में नहा रहे चार युवकों की डूबने से मौत

मथुरा। जनपद में दो अलग-अलग घटनाओं में यमुना में नहाते समय चार युवकों की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार सोमवार को बलदेव के सेहत गांव के समीप यमुना में नीचे नहाते समय तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूब गए। उसने कहा सूचना मिलने पर राज्य आपदा मोचन बल का दल मौके पर पहुंचा तथा पुलिस एव स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार सोमवार देर शाम उनमें से एक युवक अहलेहसन (20) का शव बरामद हुआ तथा मंगलवार को आसू एवं डेविड के भी शव मिल गए। इन युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। वृन्दावन कोतवाली प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि एक अन्य घटना में जुगल घाट पर स्नान करने आए मथुरा कोतवाली क्षेत्र के विष्णु पुरी के नितिन (32) सोमवार को डूब गये।

आगरा की चांदी मंडी पर बड़ा संकट

आगरा। आगरा की विश्व प्रसिद्ध चांदी मंडी में सरकार द्वारा चांदी के आयात को प्रतिबंधित श्रेणी में डालने से कारोबारियों और कारीगरों में भारी चिंता है। इस फैसले से हजारों सराफ और लगभग 1.5 लाख कारीगरों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा होने की आशंका जताई जा रही है। विश्व प्रसिद्ध चांदी मंडी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार ने चांदी के आयात को प्रतिबंधित श्रेणी में कर दिया है। इस फैसले से जहां सराफा कारोबारी निराश हैं, वहीं पायल बनाने वाले हजारों कारीगर हताश हो गए हैं। उन्हें अब चांदी की मंडी उजड़ने का डर सता रहा है। जिले में रोज चार से पांच हजार किलो चांदी का कारोबार है। करीब 3000 सराफ हैं। 1.50 लाख कारीगर जुड़े हैं। जिनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है। आगरा से उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल सहित 20 राज्यों में पायलों की बिक्री होती है। विदेश तक लोग आगरा की पायलों के मुरीद हैं लेकिन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने अब चांदी आयात नियमों को अचानक सख्त करते हुए इसे प्रतिबंधित श्रेणी में डालने से अरबों रुपये का पायल उद्योग सकते में आ गया है। कारोबारियों को डर है कि अगर कच्ची चांदी ही नहीं मिलेगी और लालफीताशाही बढ़ेगी, तो यह ऐतिहासिक मंडी उजड़ जाएगी। यहां के कारीगरों के हाथों से बनी पायल पूरे देश के बाजारों की शान बढ़ाती हैं। लेकिन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के विदेश व्यापार महानिदेशालय की ओर से शनिवार को जारी अधिसूचना ने इस चमकते बाजार में मायूसी ला दी है। अधिसूचना के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सिल्वर बार और अन्य सिल्वर बार के आयात को तत्काल प्रभाव से मुक्त श्रेणी से हटाकर प्रतिबंधित श्रेणी में डाल दिया गया है। अब आयातकों को चैप्टर 71 की नीतिगत शर्त का पालन करते हुए सरकार से विशेष परमिट लेना होगा। वाणिज्य मंत्रालय के हालिया आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का चांदी आयात 150% की बेतहाशा वृद्धि के साथ 12.05 बिलियन डॉलर (करीब 7,334 टन) तक पहुंच गया था। वहीं, स्थानीय बाजार में चांदी का भाव 2.75 लाख रुपये प्रति किलो के स्तर के करीब है। आसमान छूते आयात बिल और अनियंत्रित कीमतों पर लगाम कसने के लिए ही सरकार ने आयात पर पाबंदी लगाई है। चांदी कारोबारी तरुण अग्रवाल ने बताया कि पहले कच्ची चांदी का आयात आरबीआई के सामान्य नियमों के तहत हो जाता था। अब नई परमिट व्यवस्था से कागजी कार्रवाई बढ़ेगी और माल आने में देरी होगी। सहालग के सीजन में कच्ची चांदी की किल्लत होना तय है। आगरा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश अग्रवाल का कहना है आगरा से पूरे देश में पायल की सप्लाई होती है। आयात पर पाबंदी से बाजार में माल घटेगा और मुनाफाखोरी बढ़ जाएगी।

- आयात पर रोक से 1.5 लाख कारीगरों की रोजी-रोटी पर खतरा, कारोबारियों के छूट रहे पसीने

आधा दर्जन स्थानों पर पालिका ने लगायी प्याऊ

शिकोहाबाद। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पालिका परिषद ने नगर के प्रमुख स्थानों पर प्याऊ को लगवाया गया है। जिससे राहगीरों को शीतल जल मिल सके। उसके लिए मंगलवार को पालिकाध्यक्ष रानी गुप्ता ने एटा चौराहे, स्टार गेस्ट हाउस के सामने मैनपुरी रोड, गुड़ मंडी, कटरा बाजार अतिन लॉज, एटा रोड धर्मशाला के बाहर लगाई गई प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाजसेवी राजीव गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए पालिका प्रशासन ने आधा दर्जन स्थान पर प्याऊ का शुभारंभ किया है। जहां पर राहगीरों को दिनभर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है। प्याऊ लगने से राहगीरों को पेयजल के लिए नहीं भटकना पड़ेगा। इस दौरान कई लोग मौजूद थे।

डीएम एसएसपी ने सर्राफा व्यापारियों संग की बैठक

फिरोजाबाद। देशहित में प्रधानमंत्री के आह्वान एवं मुख्यमंत्री के निदेर्शों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, यह बैठक डीएम संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, बैठक में एसएसपी आदित्य लांग्हे उपायुक्त राज्य कर ब्रजेश शेखर चौरसिया असित कुमार सहित अन्य प्रशासनिक और कर विभाग के अधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना तथा सोने के अत्यधिक आयात के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर आ रहे वैश्विक दबाव को कम करना रहा, डीएम की उपस्थिति में व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया, प्रशासन द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि सभी व्यापारी देशहित को सर्वोपरि रखते हुए स्वेच्छा से सोने व चांदी की बुलियन ईंट व

बिस्कुट की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। डीएम के इस आह्वान पर सराफा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की गई, व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वह देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे।

व्यापारियों ने डीएम को अवगत कराया कि फिरोजाबाद के स्थानीय बाजार में अधिकांश ग्राहक अपनी पुरानी ज्वेलरी देकर नई ज्वेलरी खरीदते हैं, यहां मुख्य रूप से बुलियन की खरीदारी का व्यापार नहीं किया जाता है। बैठक के दौरान डीएम ने फिरोजाबाद के समस्त नागरिकों, उपभोक्ताओं और प्रबुद्धजनों से राष्ट्र हित में अपील की की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध व अन्य कारणों से वैश्विक परिस्थितियों संवेदनशील है, सोने के अत्यधिक आयात के कारण देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी दबाव पड़ रहा है, जो सीधे तौर पर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। उन्होंने जनपद वासियों से आग्रह किया है कि जब तक अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां सामान्य नहीं हो जाती तब तक वह स्वेच्छा से सोने की अनावश्यक खरीदी और खपत को कम करें। उन्होंने नागरिकों से यह भी कहा कि यदि बहुत आवश्यक हो, तो नई खरीदारी करने के बजाय अपनी पुरानी ज्वेलरी को ही रीसायकल या रूटेशन में लाने का प्रयास करें, ताकि बाजार में सोने की नई मांग और आयात पर नियंत्रण लगाया जा सके। बैठक के अंत में डीएम-एसएसपी द्वारा सराफा व्यापारियों की स्थानीय समस्याओं व सुरक्षा संबंधी चिंताओं को भी सुना और त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया, सभी उपस्थित व्यापारियों ने राष्ट्रहित में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की अपील के अनुसार ही कार्य किए जाने पर सर्वसम्मति व्यक्त की।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया

Office of The Municipal Board, Deoria

अबुबकर नगर दक्षिणी, देवरिया, उ.प्र.-274001

Website - http://nppdeoria.in e-mail - eonppdeo@gmail.com

पत्रांक : 604/वि०वि०-2026-27/देवरिया — दिनांक : 19/05/2026

अति अल्पकालिक नीलामी सूचना

एतद् द्वारा ई-निविदा प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों/का समूह को सूचित किया जाता है कि न. पा. परि., देवरिया द्वारा नगर क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-2030, निविदा स्वीकृति तिथि से 31 मार्च, 2030 तक अपने स्वयं के व्यय से स्थापित कर संचालन किये जाने हेतु पेन्सिल यूनिपोल की निलामी ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up. nic.in के माध्यम से दिनांक 20/05/2026 से दिनांक 28/05/26 को 03 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ यथेष्ठ मूल्य की धरोहर धनराशि तथा निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि को UP e-tender online Account में नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर प्राप्ति रसीद निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई-निलामी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विज्ञापन अनुभाग नगर पालिका परिषद, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

1. ई-नीलामी डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय — 20/05/2026 11 बजे
2. ई-नीलामी डाउनलोड की अन्तिम तिथि व समय — 28/05/2026 03 बजे
3. ई-नीलामी बिड़ खोले जाने की तिथि व समय — 29/05/2026 10 बजे

क्र.सं.	कार्य का विवरण	न्यूनतम बोली	जमानत धनराशि	निविदा मूल्य
1	स्वयं के व्यय से स्थापित कर संचालन किये जाने हेतु 75 अद्द पेन्सिल यूनिपोल।	51,51,300=00	5,15,130=00	6579.00

1. नीलामी को स्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी न. पा. परि., देवरिया में निहित होगा।
2. निविदादाता को जी.एस.टी. नम्बर, आधार कार्ड, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. यह कि जमानत की धनराशि ठेका समाप्ति होने के अंतिम वर्ष के अंतिम किस्त में समयोजित किया जाएगा।
4. प्रशासनिक कारणों से यदि किसी यूनीपोल को हटवाए जाने की आवश्यकता होगी तो उसे बोलीदाता के स्वयं के खर्चों पर हटवाना/सीनान्तरित कराना होगा। इस कार्य हेतु किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति का दावा नही किया जा सकेगा।
5. समस्त यूनिपोल पर पीला बैकग्राउण्ड पर काले अक्षर में कोड अंकित करना अनिवार्य होगा। निश्चित कोड के अनुसार प्रत्येक यूनिपोल स्थल की सटीक स्थिति का उल्लेख करते हुए नगर पालिका को 15 दिन के अंदर सूचना दिया जाना अनिवार्य होगा।
6. निर्धारित अवधि में शुल्क का भुगतान न करने पर 10% सरचार्ज वसूल किया जाएगा। निर्धारित शुल्क का भुगतान 10% सरचार्ज के साथ निर्धारित तिथि से एक माह के अन्दर न जमा करने की स्थिति में न.पा.परि., देवरिया द्वारा दिए गए विज्ञापन ठेके का निरस्त करते हुए नगर पालिका द्वारा विज्ञापन के खंभे को जब्त कर लिया जाएगा।
7. यह कि ठेके के लिए अधिक दर (धनराशि) आने पर ठेकेदार के पक्ष में अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात ही मानी जायेगी। उच्चतम बोलीदाता की जमानत की धनराशि ठेके की धनराशि में समायोजित की जायेगी। उच्चतम बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण न करने पर प्रथम उच्चतम बोलीदाता की बोली निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
8. बोलीदाता को बोली में दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया को सम्बोधित करते हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
9. यह कि उक्त पेन्सिल यूनिपोल की वसूली पालिका द्वारा प्रदत उपविधि के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई शिकायत या अनियमितता पायी जाती है तो बिना कारण बताये ठेका जनहित में निरस्त कर दिया जायेगा।
10. बोलीदाता के पक्ष में आदेश होने के उपरान्त 04 किश्तों में बोली की धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उक्त ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। प्रथम किस्त बोली स्वीकृत होने के 15 दिवस के अन्दर, द्वितीय किस्त 31 मार्च, 2027 के पूर्व, तृतीय किस्त 31 मार्च, 2028 के पूर्व, चतुर्थ एवं अन्तिम किस्त 31 मार्च, 2029 के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति तें ठेका निरस्त कर दी जायेगी।
11. ठेकेदार को अवैध पेन्सिल यूनिपोल की सूचना पालिका को देना अनिवार्य होगा। संख्या से अधिक पेन्सिल यूनिपोल पर पालिका एक नोटिस के उपरान्त कार्यवाही करेगी।
12. सरकारी कार्यक्रमों हेतु पालिका अपनी सुविधानुसार अतिरिक्त पेन्सिल यूनिपोल लगवा सकेगी अथवा पूर्व से लगे पेन्सिल यूनिपोल का निःशुल्क इस्तेमाल कर सकती है।
13. जिलाधिकारी आवास एवं जिलाधिकारी कार्यालय के आसपास पेन्सिल यूनिपोल स्थापित नहीं करेगा। एवं ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि पेन्सिल यूनिपोल से ट्रैफिक का आवागमन अथवा अन्य सार्वजनिक सुविधाए बाधित न हो।
14. ठेकेदार का दायित्व होगा कि पेन्सिल यूनिपोल एकसमान आकार के रहे तथा सभी पेन्सिल यूनिपोल को एक कोड साथ लगे जिससे पेन्सिल यूनिपोल की पहचान किया जा सके।
15. किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

कोडिंग का प्रारूप

वार्ड संख्या	वार्ड का नाम	पेन्सिल यूनिपोल क्रमांक	कुल पेन्सिल यूनिपोल की संख्या
17	Raghav Nagar Purvi (RNP)	7	75
CODE : -17-RNP-7-75			

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
देवरिया

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
देवरिया

अर्थव्यवस्था की चुनौतियां

देश में कई साल बाद यह स्थिति आयी थी कि महंगाई की दर सतह पर थी और इस कारण सरकार और आरबीआई के सामने विकास को गति देने का स्वर्णिम अवसर था। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर बीते साल जून में घटकर 2.1 फीसदी रह गयी थी। यह दर भारतीय रिजर्व बैंक के 4 फीसदी के लक्षित दायरे से उल्लेखनीय रूप से नीचे थी। मुद्रास्फीति की दर में गिरावट का अनुमान लगाते हुए मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी ने अपनी जून बैठक में अग्रिम नीतिगत हस्तक्षेप करते हुए नीतिगत रेपो दर को 50 आधार अंक कम करके 5.5 फीसदी कर दिया था। तब कई अर्थशास्त्री मानते थे कि मुद्रास्फीति की दर आने वाले महीनों में नरम रहेगी। नीतिगत नजरिये से देखें तो यह जानना महत्वपूर्ण है कि अर्थशास्त्री और पेशेवर अनुमान लगाने वाले क्या सोचते हैं लेकिन केंद्रीय बैंकर घरेलू मुद्रास्फीति संबंधी अनुमानों को लेकर भी सचेत रहते हैं। दरअसल अब से चार-पांच महीना पहले जो

स्थितियां थीं वह पूरी तरह अब बदल गयी हैं। अब कच्चे तेल के बढ़ते दामों, रुपये का अवमूल्यन, विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव के बीच मुद्रास्फीति जटिल चुनौती बन गयी है। जिस तरह चार-पांच महीने पहले तक सब कुछ अर्थव्यवस्था में गुलाबी नजर आ रहा था, वह मध्य पूर्व संकट के कारण पूरी तरह संकट में पड़ गया है। अगर मुद्रास्फीति के अनुमानों का सही प्रबंधन नहीं किया गया तो मुद्रास्फीति की दर में इजाफा हो सकता है। इससे केंद्रीय बैंक का काम और कठिन हो जाएगा। उच्च नीतिगत दरों के कारण उत्पादन में गिरावट आ सकती है। ऐसे में अनुमानों का प्रबंधन कीमतों को टिकाऊ रखने की दृष्टि से अहम है। पेशेवर अनुमान लगाने वालों के उलट परिवारों की मुद्रा स्फीति की अपेक्षाएं अनुभव जनित होती हैं और उतार चढ़ाव की आशंका भी है। मुद्रास्फीति को लक्षित करने की लचीली व्यवस्था (एफआईटी), नीतिगत हस्तक्षेप और वैश्विक दबावों में कमी ने भी इसमें मदद की। मुद्रास्फीति संबंधी अपेक्षाओं में कमी संकेत देती है कि परिवारों के स्तर पर नियम आधारित नीतिगत प्रणाली को लेकर अधिक सहजता है। चूंकि लक्ष्य के बारे में सभी जानते हैं और अगर परिवारों के स्तर पर यह माना जाता है कि केंद्रीय बैंक मुद्रास्फीति के परिणामों के साथ सुसंगत बनाने के लिए काम करेगा तो इससे कीमतों को स्थिर बनाये रखने में मदद मिलेगी। अध्ययन यह भी दिखाता है कि पूवार्नुमान समग्र मुद्रास्फीति से अधिक सुसंगत है बजाय कि खाद्य मुद्रास्फीति के। हालांकि, व्यापक खाद्य मुद्रास्फीति के दौरान उम्मीदें ऊंची बनी रहती हैं। बहरहाल, सरकार की ओर से आपूर्ति क्षेत्र के हस्तक्षेप ने भी इसमें मदद की है। उदाहरण के लिए चीनी और कुछ अन्य निर्यात पर प्रतिबंध। हालांकि ऐसे कदमों ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद की है लेकिन उत्पादकों को इनकी कीमत भी चुकानी पड़ी है। इसके अलावा ऊंची मुद्रास्फीति के दौर में खाद्य मुद्रास्फीति में इजाफा भी अनुमानों को ऊंचे स्तर पर रख सकता है। यह भी दर्शाता है कि खपत बास्केट में खाद्य वस्तुओं की उच्च हिस्सेदारी है। कई अर्थशास्त्रियों का तर्क है कि चूंकि मौद्रिक नीति का खाद्य कीमतों पर सीमित प्रभाव होता है इसलिए रिजर्व बैंक को समग्र मुद्रास्फीति को लक्षित करना चाहिए। मुद्रा स्फीति पर प्रभावी नियंत्रण विकास को गति देने का मौका होता है। सरकार और आर बी आई निवेश और वित्तपोषण बढ़ाकर आर्थिक प्रगति की दर को जो फिलहाल संकट में पड़ती दिख रही है उसे कुछ हद तक संभाल सकते हैं। लेकिन फिर भी चुनौती बड़ी है। मध्य पूर्व संकट का कोई ओर-अंतर नजर नहीं आता। ट्रंप का अस्थिर व्यवहार, टैरिफ नीतियां और एक के बाद एक देशों को निशाना बनाने की ट्रंप की हरकतें ऐसी हैं जिनसे भारत की अर्थव्यवस्था के सामने फिलहाल बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इसलिए यह जरूरी है कि लोग आयातित चीजों का उपयोग सीमित करें, सरकार निर्यात बढ़ाये और रुपये को सहारा देने के साथ ही इस संकट में देश की अर्थव्यवस्था को बचाने की पहल भी करे।

विचार

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

-हिलार्ड.

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

-स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

-गीता.

इटली और भारत की रणनीतिक साझेदारी

नरेंद्र मोदी/ जॉर्जिया मेलोनी

भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमई सी) एक ऐसी दूरदर्शी योजना है, जिसका उद्देश्य आधुनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे, डिजिटल नेटवर्क, ऊर्जा प्रणालियों और मजबूत सप्लाई चेन के माध्यम से हमारे क्षेत्रों को जोड़ना है। भारत और इटली अन्य साझेदार देशों के साथ मिलकर इस दृष्टि को वास्तविकता में बदलने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नये और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है।

हमारा सहयोग इस साझा समझ को दर्शाता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें। इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया हैए ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकंप्यूटर तकनीक-जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है, को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा 2 लाख स्टार्टअप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोड़कर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं। यह केवल दो व्यवस्थाओं का साधारण मेल नहीं है, बल्कि ऐसा साझा मूल्य निर्माण है जिसमें दोनों देशों की औद्योगिक ताकतें एक दूसरे को और अधिक मजबूत बनाती हैं। यूरोपीय संघ और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता, एफटीए, दोनों दिशाओं में व्यापार और निवेश बढ़ाने का रास्ता खोलता है। हमारा लक्ष्य 2029 तक भारत और इटली के बीच व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाना है। इसमें रक्षा एवं एयरोस्पेस, स्वच्छ प्रौद्योगिकी, मशीनरी, ऑटो मोबाइल पुर्जे, रसायन, दवाइयां, वस्त्र, कृषि-खाद्य क्षेत्र और पर्यटन समेत कई क्षेत्रों पर विशेष ध्यान रहेगा। 'मेड इन इटली' हमेशा से दुनिया भर में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है और आज इसका स्वाभाविक तालमेल 'मेक इन इंडिया' पहल के उच्च गुणवत्ता वाले लक्ष्यों के साथ दिखाई देता है। इसी संदर्भ में, भारत के लिए उत्पादन में इतालवी कंपनियों की बढ़ती रुचि और इटली में भारतीय उद्योगों की बढ़ती मौजूदगी- जो अब दोनों पक्षों से मिलाकर 1000 से अधिक हो चुकी है।

भारत-इटली संबंध

तकनीकी नवाचार हमारी साझेदारी का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। आने वाले दशकों में दुनिया एक बड़े तकनीकी बदलाव के दौर से गुजरेगीए जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, उन्नत विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिज और डिजिटल बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में तेज प्रगति होगी। भारत का तेजी से बढ़ता नवाचार तंत्र और कुशल पेशेवरों की बड़ी संख्या, तथा इटली की उन्नत औद्योगिक क्षमता-इन क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग को स्वाभाविक और रणनीतिक बनाती है। दोनों देशों के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के बीच बढ़ती साझेदारी भी इसे मजबूती देगी। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से ही दुनिया के कई देशों, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों, के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई आज हमारे समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाल रही है। इटली और भारत लंबे समय से इस दिशा में सहयोग कर रहे हैं, ताकि आई का विकास जिम्मेदार और मानव केंद्रित हो। भारत और इटली एआई को समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी मानते हैं, खासकर ग्लोबल साउथ के देशों के लिए। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर और आसान, बहुभाषी तकनीकों के जरिए एआई सामाजिक और डिजिटल खाइयों को कम कर सकता है, न कि उन्हें और बढ़ा सकता। भारत के मानव विजन, यानी तकनीक के केंद्र में मानव को रखने की सोच और इटली की मानव केंद्रित ''एल्गोर-एथिक्स'' की अवधारणा, जो उसकी मानवतावादी परंपरा पर आधारित है, पर आगे बढ़ते हुए हमारी साझेदारी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता सामाजिक सशक्तिकरण का माध्यम बने। हमारा दृष्टिकोण भारत की विशाल डिजिटल क्षमता को इटली की नैतिक और औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ता है, ताकि तकनीक मानव गरिमा की सेवा कर सके। सुरक्षित डिजिटल सहयोग, क्षमता निर्माण और मजबूत साइबर ढांचे से जुड़ी श्रेष्ठ कार्य प्रणालियों को साझा करके, हम एक ऐसा खुला, भरोसेमंद और समान डिजिटल वातावरण बनाना चाहते हैं, जिसमें हर देश एआई का उपयोग कर सके और उससे लाभ उठा सके। यही सोच इटली की जी-7 अध्यक्षता और 2026 में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के निष्कर्षों का मुख्य आधार है। एआई को इंसानों की ओर से इंसानों के लिए बनाई गई तकनीक मानने का अर्थ है यह स्पष्ट करना कि तकनीक न तो मनुष्य की जगह ले सकती है और न ही उसके मूल अधिकारों को कमजोर कर सकती है। इसका उपयोग जनमत को प्रभावित करने या लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप करने के लिए भी नहीं होना चाहिए।

आज की तेजी से जुड़ी हुई दुनिया में स्वतंत्रता और मानव गरिमा की रक्षा का हमारा दृष्टिकोण इसी चुनौती पर आधारित है। हमारा सहयोग अंतरिक्ष क्षेत्र तक भी फैला हुआ है। अंतरिक्ष अनुसंधान और सैटेलाइट तकनीक में भारत की उल्लेखनीय प्रगति तथा इटली की एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में उत्कृष्टता, संयुक्त परियोजनाओं और नई पीढ़ी की तकनीकों के विकास के लिए बड़े अवसर प्रदान करती है। राष्ट्रों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और स्थिरता बेहद आवश्यक हैं। इटली और भारत रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीकों जैसे क्षेत्रों में अपने सहयोग को और मजबूत करना चाहते हैं। हमारा सहयोग महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आतंकवाद, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क, मादक पदार्थों की तस्करी, साइबर अपराध और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों के खिलाफ मजबूती बढ़ाने में मदद करेगा। ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्वपूर्ण आधार है। दुनिया में ऊर्जा के विविध स्रोतों की ओर बढ़ रहे बदलाव के लिए नवाचार, निवेश और सहयोग की आवश्यकता है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं। ग्रीन हाइड्रोजन निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने की भारत की पहल अपार संभावनाएं रखती है। यह इटली की नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना में उन्नत तकनीक और यूरोप के लिए ऊर्जा प्रवेश द्वार के रूप में उसकी रणनीतिक भूमिका के साथ पूरी तरह मेल खाती है। इस संदर्भ में भारत की अगुवाई वाली प्रमुख पहलों-अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन और ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस में अन्य देशों के साथ हमारा सहयोग भी बेहद महत्वपूर्ण है।

(नरेंद्र मोदी, भारत के प्रधानमंत्री और जॉर्जिया मेलोनी, इटली गणराज्य मंत्रिपरिषद की अध्यक्ष)

सोशल मीडिया

भाजपा के वरिष्ठ नेता व उत्तरखंड के पूर्व सीएम आ. मेजर जनरल भुवन चन्द्र खंडूरीजी के निधन का समाचवार अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है। केशव प्र. मौ.

वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश, देश के राज्यों में बॉटम थ्री इकोनॉमी में गिना जाता था, आज प्रदेश को देश के टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। सीएम योगी.

संसदीय क्षेत्र रायबरेली में अपनों के बीच आज का दिन बिताया। कुछ उनकी समस्याएं सुनीं, कुछ दिल की सुनाई। पूरे रायबरेली परिवार को उनके समर्थ के लिए सुक्रिया। राहुल गांधी.

मार्गदर्शन का महत्व

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर ईसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वैष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

अंतर्दृष्टि

हम नामी चोर रहे हैं...

व्यंग्यलोक

महोदय जी! हम आपके हलके के पल पल सीनियर होते चोर इस ज्ञापन के माध्यम से अपने नित बुरे होते हाल आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं। महोदय जी! आपने इस समज में गीदड़ों सियारों, गिरगिटों, कौवों, सापों को सामाजिक न्याय दिलाने के नेक इरादे से उनके लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रखी हैं। इसके लिए हम भी उनकी ओर से आपके तहेदिल से शुक्र गुजार हैं। हम खुले मन से स्वीकारते हैं कि एक जमाने के समाज में हम अपनी अपनी फील्ड के नामी चोर जाति के रहे हैं। अपनी जात खुलकर बताने में हमें कोई शर्म नहीं। हम जो हैं सो हैं। हम उनमें से नहीं जो गजब के देशद्रोही होने के बाद अपना चेहरा चौबीसों घंटे टीवी पर तो अपनी जात पग पग छिपाए फिरते हैं। हम उनमें से भी नहीं जो गजब के चोर होने के चलते अपना वे श खांटी ईमानदारों का बनाए फिरते हैं। इससे होता भी क्या मंत्री जी! हम अपनी जात छिपाए रहें तो छिपाए रहें। कौन किस जात का है, हम जानें या न, पब्लिक सब जानती है। परमादरणीय मंत्री जी! हम उस नामी गिरामी जात से ताल्लुक रखते हैं जिनके नाम कभी हजारों लाखों के इनाम रखे जाते रहे हैं पर हम तब पकड़ में नहीं आते थे तो नहीं आते थे। आते भी कैसे? हमें पकड़ने वाले ही हमें सूचना दे देते थे कि हम तुम्हें पकड़ने आ रहे हैं। प्लीज! हमारे लिए कहीं और चले जाओ। और आखिर में तब अपनी नाक बचाने को पुलिस किसी हमारे हमशक्ल को पकड़ जनता के समाने पेश कर देती थी। एक समय में समाज में हमारे नाम का डंका बजाता था। पांच बजते ही पुलिस स्टेशन के पास तक के दुकानदार भी तब अपने नौकरों को डरते हुए कहते थे- पांच बज गए। जल्दी से दुकान का शटर गिरा दें। नहीं तो चोर आ जाएंगे। पर सदा को तो किसी की जवानी और कहानी एक सी तो नहीं रहती नहीं न मंत्री जी! जो सूरज हर सुबह बड़े रौब से निकलता है, उसे शाम के वक्त लाख न चाहते हुए भी सिर झुकाए ढलना ही पड़ता है। मंत्री जी! अपनी जिंदगी में सब कहीं न कहीं चोर होते हैं। कुछ तन के चोर होते हैं, तो कुछ मन के। जो तन और मन के चोर नहीं होते, वे शर्तिया धन के चोर होते हैं। यहां जो अपने को साधु बने फिरते हैं, अकेले में अपने को साधु कहने से वे भी डरते हैं। यह समाज तरह तरह के प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष चोरों से भरा पड़ा है। हमारी शरीफी बस यही रही हमने प्रत्यक्ष चोरों वाला रास्ता चुना। यहां कोई टैक्स चोर है तो कोई स्नैक्स चोर! कोई पानी चोर है तो कोई जवानी चोर! कोई रोटी चोर है तो कोई धोती चोर! कोई चेन चोर है तो कोई चैन चोर! कुल मिलाकर, जमा घटाकर महोदय जी से निवेदन है कि अब शेष जीवन सम्मानपूर्वक जीने हेतु सरकार की ओर से सीनियर चोर पेंशन व्यवस्था करा दीजिए।

अशोक गौतम

भारत को भी चाहिए एक ताकतवर अंतरिक्ष फोर्स

सामयिक

उपग्रहों की उपस्थिति मजबूत अंतरिक्ष बल होने की बुनियादी जरूरत है और देश इस बुनियाद को जल्द पुख्ता करने में लगा है। पहले 50 के पार और अगले आठ वर्षों में 100 ऐसे उपग्रहों के प्रक्षेपण की योजना भी उजागर हो चुकी है जो सैन्य उपयोग के होंगे। नवीनतम अंतरिक्ष-आधारित तकनीकों के इस्तेमाल से सेना की क्षमताओं को मजबूत करने के लिये बीते नवंबर में सेना ने दूसरे अंतरिक्ष युद्ध अभ्यास किया। भले ही यह अभ्यास अंतरिक्ष में नहीं, बल्कि नई दिल्ली में एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय में आयोजित हुआ हो पर इसकी सफलता से महत्वपूर्ण संकेत मिला कि वायुसेना ने अब उपग्रहों और एयरोस्पेस के तमाम उपकरणों का रणनीतिक और युद्धक इस्तेमाल करने की अवसंरचनात्मक सैद्धांतिक खाका बना लिया है।

यही नहीं उसने स्पेस फोर्स की भूमिका तथा अंतरिक्ष युद्ध के सिद्धांत संबंधी स्पेस विजन 2032 तथा 2047 भी तैयार करने के साथ इसरो, डीआरडीओ, इन स्पेस तथा दूसरी निजी कंपनियों से मिलकर इस ओर तेजी से बढ़ भी चुका है। सेना अब पाकिस्तान, चीन की जमीनी चुनौतियों से ऊपर उठकर बेहतरीन 'वायु शक्ति' से 'मजबूत एयरोस्पेस पावर' बनने और अंतरिक्ष युद्ध की व्यापक और पुख्ता तैयारी की ओर तेजी से अग्रसर है। अंतरिक्ष की सैन्य चुनौतियों को देखते हुए यह सर्वथा उचित है और इस नई भूमिका में भारतीय वायु सेना का नया नाम 'इंडियन एयर एंड स्पेस फोर्स' कर देना भी। यह सर्वविदित और सर्वमान्य है कि भविष्य में जंग की जमीन आसमान होगा। अंतरिक्ष के करीब, 20 से 100 किलोमीटर की ऊंचाई पर धरती की निचली कक्षा में लड़े जाने वाले युद्ध में जो पक्ष स्पेस में शक्तिशाली होगा, जमीन पर वही जीतेगा। अच्छी बात यह है कि हमने इसे बहुत पहले समझ लिया था, दो दशक पहले भारतीय सेना ने इस बावत अपनी शुरूआत कर दी थी, यहां तक कि उसने अमेरिका से भी पहले डिफेंस स्पेस एजेंसी गठित कर ली थी, यह अलग तथ्य है कि अमेरिका अब अंतरिक्षीय सैन्य ताकत में बहुत आगे है।

बेशक हमें इस ओर अब तेज चाल से चलने की आवश्यकता है। सरकार भी इस बात को समझती है कि स्पेस में अपनी आक्रमण तथा बचाव दोनों ताकतों को समय रहते बढ़ाना होगा। भले ही उसने इंडियन एयर फोर्स का नाम अभी न बदला हो पर वायुसेना को मजबूत स्पेस फोर्स में बदलने के लिये वह सभी आवश्यक अवसंरचना मुहैय्या कराने के लिये सहयोग कर रही है ताकि सेना अंतरिक्ष युद्ध या इस क्षेत्र की होड़ में आगे निकल सके। अमेरिका, रूस और चीन अपनी-अपनी स्पेस फोर्स की तैयारियों में काफी आगे निकल चुके हैं। तीनों अंतरिक्ष में उच्च स्तर की एंटी सैटेलाइट क्षमताओं से लैस हैं।

अंतरिक्ष युद्ध में काम आने वाले हथियार प्रणाली भी वे बना रहे हैं। इनके पास अपलिंक और डाउनलिंक जैसी जमीन से चलाई जाने वाली अंतरिक्ष निरोधक व्यवस्थाओं को जाम करने की सुविधा भी है। 2015 में चीन ने तो, 2016 में रूस ने तथा 2018 की आखिर में अमेरिका ने अपनी एरोस्पेस फोर्स बना लिया था, ऑस्ट्रेलिया ने भी 2022 में रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स मुख्यालय के भीतर एक 'स्पेस डिविजन' बना लिया। ब्रिटेन भी अपनी स्पेस कमांड की स्थापना कर चुका है। फ्रांस के पास भी अपना एयरोस्पेस विंग है। जापान ने अपने सैटेलाइट को विरोधी गतिविधियों से बचाने के लिए अंतरिक्ष स्क्वॉड्रन बना ली है। ऐसे में भारत को भी अपनी इंडियन एयर फोर्स के नाम में स्पेस फोर्स जोड़ने में गुरेज क्यों? दरअसल, भारतीय वायुसेना को स्पेस फोर्स का नाम देने के साथ ही इसरो, डीएआरडीओ जैसे सरकारी तथा एयरोस्पेस से जुड़ी निजी कंपनियों को शामिल कर एक संयुक्त अंतरिक्ष कमान का गठन करना चाहिये, वहीं एयर और स्पेस के बीच में सहज तरीके से तालमेल बिठाते हुये काम करने के लिए निकायों को अपना काम चुस्ती से करना होगा। अपनी कारगुजारी को धार देने के लिये इस साल वायुसेना उपग्रहों के प्रक्षेपण लक्ष्य को अवश्य पूरा करना होगा। अंतरिक्ष के सैन्य उपयोग के प्रतिबंधित होने के चलते अधिकारियों को स्पेस संबंधी अंतर्राष्ट्रीय कानून की जानकारी और प्रशिक्षण देने के लिये हैदराबाद में सेंटर फॉर एयर वॉरियर्स के अलावा भी प्रशिक्षण केंद्र बनाने होंगे। **संजय श्रीवास्तव.**

आप की बात

आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस

आतंकवाद पर देश की नीति स्पष्ट है कि वह किसी भी सूरत में अब इसे बर्दास्त नहीं करेगा। देश जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है। आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-दूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.

किसानों की आय बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

जानलेवा हमले के मामले में दो गिरफ्तार

अयोध्या। नगर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली के वजीरगंज मोहल्ले में हुए जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया है। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि प्रकरण की विवेचना के दौरान वजीरगंज केवटहिया निवासी नितिश सोनकर उम्र 26वर्ष और रिंकू उर्फ टिंकू सोनकर उम्र 36 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

धोखाधड़ी के आरोपियों पर इनाम घोषित

अयोध्या। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तारून थाने में दर्ज एक धोखाधड़ी और गाली गलौच तथा धमकी के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय ने बताया कि तारून थाने में सगे भाइयों के खिलाफ गत वर्ष रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई थी। दर्ज मामले की विवेचना में जुटी पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है लेकिन आरोपी मिल नहीं रहे। जिसके कारण एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने नामजद आरोपियों महेश कुमार वर्मा व इसके भाई मुकेश कुमार वर्मा पुत्रगण स्व कल्लू प्रसाद वर्मा निवासी मकसूदनपुर थाना तारून की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए प्रत्येक पर 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है।

विवाहिता ने लगायी फांसी

अयोध्या। जनपद के तारुन थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते घर में ही फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। जिला अस्पताल लाए जाने पर डाक्टर ने विवाहिता की जान तो बचा ली लेकिन गर्भस्थ शिशुओं की मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन ने अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि मध्य रात्रि बाद तारुन थाना क्षेत्र के ककोली गांव निवासी विवाहिता कृष्णावती 31 वर्ष पत्नी दुर्गा प्रसाद को उसका जेठ रमेश कुमार गंभीर हाल में लेकर आया था। जेठ ने बताया कि विवाहिता के पहले से दो बच्चे हैं और वर्तमान में वह गर्भवती है। पारिवारिक कलह के कारण रात में उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मामले की जानकारी पर उसको फंदे से उतारकर तत्काल अस्पताल लेकर आया हूं।

लखनऊ मेमू ट्रेन के कोच में मिला युवक का शव

अयोध्या। लखनऊ से चलकर अयोध्या कैंट पहुंची मेमू ट्रेन के कोच में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया तो डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है। मृतक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। जिला अस्पताल के इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल के सहायक उपनिरीक्षक बृजेंद्र कुमार राय मध्य रात्रि बाद 2.40 बजे एक 22 वर्षीय युवक को गंभीर और लावारिश हाल में एंबुलेंस की मदद से लेकर आए थे। परीक्षण में पता चला कि उसकी पहले ही मौत हो चुकी है। मृतक के पहनावा आदि से आशंका है कि वह भिखारी रहा होगा। फिलहाल जांच और पोस्टमार्टम के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया गया है।

वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जा का आरोप

अयोध्या। नगर कोतवाली क्षेत्र के मकबरा क्षेत्र के एक स्थानीय निवासी ने जिला प्रशासन को शिकायत पत्र देकर वक्फ बोर्ड की जमीन पर अवैध कब्जे और उसकी बिक्री का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता अनूप कुमार ने जिलाधिकारी को लिखे संबोधित पत्र में आरोप लगाया है कि उनके पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने मकबरा वक्फ बोर्ड की जमीन पर दुकानें बना ली हैं और उनमें रोजी-रोटी चला रहे हैं। आरोप है कि इन लोगों ने वक्फ की कुछ जमीन को भू-माफिया तत्वों को लाखों रुपये में बेच दिया है। अब बची हुई वक्फ बोर्ड की जमीन को भी बेचकर मालामाल होने की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता ने इसे वक्फ संपत्ति के साथ बेहद अन्यायपूर्ण कार्य बताया। शिकायत में जिला अधिकारी से अपील की गई है कि मामले की तुरंत जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

ई-रिक्शा से कार्यालय पहुंचे कुलपति

मंगलवार घोषित हुआ नो व्हीकल डे

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण के आह्वान के बाद से आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में भी प्रत्येक मंगलवार को ह्न नो व्हीकल डे ह्न घोषित कर दिया गया है। कुलपति डा. पी.एस. प्रमाणिक माध्यम से विवि परिवार के सभी सदस्यों से यह अपील किया गया है कि विवि परिसर, बाह्य महाविद्यालयों एवं केंद्रों पर पेट्रोल, डीजल चालित वाहन का उपयोग यथासंभव नहीं करें। मंगलवार को कृषि विश्वविद्यालय में सुबह नौ बजे ही अपने आवास से ई-रिक्शा से प्रशासनिक भवन स्थित कुलपति कार्यालय पहुंचे।

कुलपति का सरकारी वाहन उनके आवास पर खड़ा रहा। कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह साइकिल से प्रशासनिक भवन पहुंचे। वहीं दूसरी तरफ कृषि अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह एवं वानिकी महाविद्यालय के सह अधिष्ठाता डा भानु प्रताप सहित कई विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रिक वाहनों से मंगलवार को आर.ए.सी की मीटिंग में पहुंचते देखे गए। छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी में छाता लेकर क्लास करने के लिए पहुंचे तो कई शिक्षक और कर्मचारियों ने ई-रिक्शा और साइकिल का प्रयोग किया। विवि परिसर में शिक्षक, वैज्ञानिक और कर्मचारी मिलाकर लगभग 1500 लोग निवास कर रहे हैं जो रोजाना कार्यालय आने-जाने में वाहनों का प्रयोग करते हैं। सुरक्षा अधिकारी डा. रमेश प्रताप सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में किसी को परेशानी नहीं हो इसके लिए छह अतिरक्त ई-रिक्शा चालकों को पास निर्गत किया गया है। ये छात्रों और विवि के शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों को कार्यस्थल तक पहुंचाने में मदद करेंगे।

के पहल पर निदेशक प्रशासन डॉ. सुशांत श्रीवास्तव की ओर से पत्र जारी कर प्रत्येक मंगलवार को ह्न वाहन मुक्त दिवस ह्न घोषित किया गया है। पत्र के इसका खासा असर देखने को मिला। सड़क पर पेट्रोल और डीजल चालित वाहन नहीं देखने को मिले।

कुलपति डा. पी. एस. प्रमाणिक

एसओजी टीम की मदद से ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, तीन गिरफ्तार

अयोध्या। जनपद के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के विट्ठलपुर गांव के पास 14 मई को मिले युवक की हत्या का मामला सुलझा लिया गया है। मृतक की पहचान अभिषेक दुबे उर्फ रिंकी मिश्रा के रूप में हुई, जो किन्नर के रूप में शादी-विवाह में नेग मांगने का काम करता था। हत्या उसके तीन साथियों अंशु मौर्य, नताशा किन्नर और विजय ढोलकिया ने की थी। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी अभिषेक के बढ़ते प्रभाव और कारोबार से जलन रखते थे। 10 मई को अभिषेक ने अपना जन्मदिन बड़े स्तर पर मनाया था जिसमें करीब 1000 लोग शामिल हुए थे। उसी रंजिश में तीनों ने अभिषेक के साथ मारपीट कर उसे गंभीर हालत में विट्ठलपुर के पास छोड़ दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। एसपी ग्रामीण डॉ. बलवंत चैधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामला ब्लाइंड मर्डर था, इसलिए बीकापुर पुलिस और एसओजी टीम को चार दिन तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, आला कत्ल, कैंची, एक कार, एक बाइक और 220 रुपये नगद बरामद हुए हैं। सफल खुलासे पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बीकापुर पुलिस और एसओजी टीम को इनाम देने की घोषणा की है।

ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को जगह-जगह भंडारे का हुआ आयोजन

अयोध्या। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को जनपद में विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। अधिकांश स्थानों पर सुबह सुंदरकांड और पूजा-पाठ के बाद भंडारे का शुभारम्भ किया गया। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे ह्यपवनह्न ने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी रिकाबगंज चैराहे पर भक्तों के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान अयोध्या से पधारे संत-महंतों का आशीर्वाद लेकर उन्होंने प्रदेश और अयोध्या की जनता के लिए सुख-समृद्धि व अमन-चैन की बजरंगबली से प्रार्थना की। भंडारे का शुभारंभ महंत जनमेजय शरण, महंत रमेश दास, महंत बाल योगी रामदास और पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे ह्यपवनह्न ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि बड़े मंगल का दिन बजरंगबली का दिन है। इस दिन भक्तों के बीच प्रसाद बांटकर आत्मिक सुख की अनुभूति होती है। उन्होंने आए हुए संतों-महंतों और अयोध्या की जनता का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, उपाध्यक्ष चैधरी श्रीचंद यादव, राम अचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू, संजय सिंह, राकेश पांडे, रियाज अहमद, एडवोकेट शावेज जाफरी, चैधरी बलराम यादव, जगन्नाथ यादव, पहलवान मनी रामदास, विशाल पाल, जगत नारायण यादव, वकार अहमद, सर्वजीत यादव, अर्जुन यादव, कमलेश सोलंकी, मुकेश कोरी, उमेश यादव, एडवोकेट लाल बहादुर शुक्ला, सनी यादव, सुमित तिवारी, सुरेंद्र यादव, पंकज शर्मा, राजनाथ यादव, सादमान खान, विनोद कनौजिया, जय सिंह राणा, अजय यादव, मनजीत यादव, अखिलेश पांडे, अजय रावत, नूर बाबू, एडवोकेट राकेश यादव, दीपक सिंह, अक्षत श्रीवास्तव, प्रदीप चैबे, टोनी सिंह, बाबूराम गौड़, भगवान दीन निषाद, माजीद खान बाबा, शशांक यादव, शमशेर यादव, शाहबाज लकी, अनस खान, अमन सागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु मौजूद रहे। नाका स्थित मरी माता मंदिर पर तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन बीकापुर विधायक डॉ अमित सिंह चैहान गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने किया इस दौरान उन्होंने भगवान बजरंगबली की आरती पूजा कर श्रद्धालुओं में शरबत प्रसाद वितरण किया भंडारे का आयोजन मंदिर के पुजारी चंचल दास द्वारा आयोजित किया गया। इस मौके पर कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह सुनील कृष्णा गौतम उग्रसेन मिश्रा सूर्यकुमार तिवारी रोहित पंडित प्रेम पांडे अशोक कनौजिया रोहिताश चंद्र राजू राजकुमार महेश सोनकर आदि ने शरबत प्रसाद वितरण किया।

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में जेठ मास के तीसरे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन श्रीराम शोधपीठ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन और आरती से किया गया।

लंदन में प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर नैना ने किया बहराइच का नाम रोशन

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले की 23 वर्षीय युवती नैना ने लंदन के प्रतिष्ठित रॉयल अल्बर्ट हॉल में आयोजित किंग्स ट्रस्ट समारोह में 'अमल क्लूनी महिला सशक्तिकरण पुरस्कार' प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। सम्मान मिलने के बाद मंगलवार को नैना ने बहराइच कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से शिष्टाचार भेंट की।

जिलाधिकारी ने नैना को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल नैना बल्कि पूरे बहराइच के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद बहराइच की बेटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने से जिले में महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी और अन्य युवतियां भी उनसे प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेंगी।

रिसिया विकास खंड के ग्राम पटेल नगर निवासी नैना को यह सम्मान किंग्स ट्रस्ट इंटरनेशनल द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार का प्रायोजन संस्था की वैश्विक राजदूत शार्लेट टिलबरी एमबीई ने किया। समारोह में हॉलीवुड अभिनेत्री अमल क्लूनी और अभिनेता जॉर्ज क्लूनी सहित कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां उपस्थित रहीं।

जिला अस्पताल में डॉक्टर पर हमला , केस दर्ज

हमीरपुर। जिला अस्पताल में मंगलवार को एक डॉक्टर और अस्पताल के कर्मचारियों पर हमला करके मेडिकल उपकरणों में तोड़फोड़ करने एवं चिकित्सक की सोने की अंगूठी तथा अन्य मूल्यवान सामान लूट ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बिंवार थानाक्षेत्र के अतरार गांव के जितेंद्र सिंह (18) को मंगलवार सुबह कथित तौर पर सल्फास की गोलियां खाने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया था। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर महेंद्र कुमार सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद मरीज को कानपुर रेफर कर दिया था।

सूत्रों ने बताया कि हालांकि परिवार के सदस्य जाने से पहले युवक को वापस इमरजेंसी वार्ड ले आए और दोबारा जांच करने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि इसके बाद जितेंद्र के साथ आये 1015 रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर के अंदर हंगामा किया तथा उस पर हमला किया। इन लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश करने पर अस्पताल के कर्मचारी विपिन तथा एक सुरक्षा गार्ड के साथ भी मारपीट की।

सूत्रों के मुताबिक डॉक्टर ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि हमलावर मौके से भागने से पहले उनकी सोने की चेन, अंगूठी और घड़ी लूट ले गये। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी कौशल और 10-15 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और उत्तर प्रदेश चिकित्सा परिचर्या सेवा कर्मी और चिकित्सा परिचर्या सेवा संस्था (हिंसा और सम्पत्ति की क्षति का निवारण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

डीएम पहुंचे उप निबन्धक कार्यालय, उपस्थिति रजिस्टर एवं कार्यप्रणाली की जांच

- कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों की संलिप्तता मिलने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी

बाराबंकी। कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच एंव कार्यप्रणाली की स्थिति का जायजा लेने जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने नवाबगंज सदर उपनिबन्धक कार्यालय मे पहुंच निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोई बाहरी व्यक्ति रजिस्ट्री कार्यालय में कार्य करते मिलने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर कठोर कार्रवाई किये जाने को लेकर निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रजिस्ट्रेशन की संख्या, कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, व्यवस्थाओं, प्रत्येक काउंटर पर पहुंच कार्यों की प्रगति एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। तथा कार्यालय में अनावश्यक भीड़ एवं अव्यवस्था न होने, कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं कार्यों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर देते हुये निर्देशित किया। उन्होने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यालय के सभी पटलों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से स्थापित तथा वे विधिवत एवं सतत रूप से क्रियाशील स्थिति में बनाए रखने को लेकर सम्बधितो को सख्त निर्देश दिये।

गूंज उठा बजरंग बली का जयकारा

ज्येष्ठ के तीसरे बड़े मंगल पर जगह-जगह चला भंडारा

बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर धनोखर चैराहा स्थित सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर समेत जनपद के मन्दिरो में सुन्दर काण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जगह-जगह हनुमान भक्तो द्वारा भण्डारा आयोजित किया गया। जंहा राहगीरो में पूडी-सब्जी, छोला-चावल, बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। तो वही सिविल कोर्ट परिसर में 50 अधिवक्ता चैबर के सामने विश्व हिन्दू परिषद विधि प्रकोष्ठ अवध प्रान्त जिला संयोजक/अधिवक्ता अमित कुमार गुप्ता, संह संयोजक आदर्श श्रीवास्तव, विवेक रघुवंशी, वेद प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा, सरदार जितेन्द्र सिंह मिन्दे, नीरज वर्मा ने संयुक्त रुप से विधिवत पूजा-अर्चना कर भण्डारे का शुभारम्भ किया। जंहा हनुमान भक्तो द्वारा चावल छोला, बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया गया। इसी क्रम में परिवहन विभाग द्वारा एआरटीओ कार्यालय गायत्री मंदिर के पास सुन्दरकाण्ड पाठ व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जंहा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व सम्भागीय निरीक्षक प्राधिविक बलवन्त सिंह यादव ने संयुक्त रुप से विधिवत हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर भण्डारे का शुभारम्भ किया। जिसमे हनुमान भक्तो द्वारा छोला-चावल, बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक प्रधान सहायक रामकिशोर मौर्या, श्यामल गांगुली, वरिष्ठ सहायक अमन वर्मा, आनन्द वर्मा, ममता यादव, कनिष्ठ सहायक अनिकेत सिंह, अपर्णा मौर्या, अंकिता शर्मा, डीबीए रितेश सिंह समेत कार्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इसी क्रम में पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने जगह जगह जाकर पूजा अर्चना के साथ प्रार्थना कर भण्डारे का शुभारम्भ किया। इस मौके पर विजयपाल गौतम, गोपी कनौजिया, अजय रावत, तरून चावला मौजूद रहे। इसी क्रम में नगर कोतवाली स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर सनातन भक्त दल पदाधिकारियों नीलू वर्मा, मनीष बैसवार, मयंक तिवारी, दिनेश सिंह द्वारा आयोजित भंडारे का शुभारम्भ पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा अदालत ने 50 हजार का लगाया अर्थदंड

बहराइच। जिले की पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में युवक को दोषसिद्ध करते हुए बीस साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने सजा के साथ ही उस पर अर्थदंड भी लगाया है। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अगस्त 2024 को स्थानीय थाने में तहरीर देते हुए इलाके के रहने वाले सुधीर वर्मा पर बाग में झूला झूलते हुए उसकी दस साल की नाबालिग बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद तत्कालीन क्षेत्राधिकारी हीरालाल कन्नौजिया में साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त 4 सितंबर 2024 को आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। मंगलवार को न्यायधीश अरविंद कुमार गौतम ने आरोपी सुधीर कुमार वर्मा को 20 साल की सजा सुनाई है। अदालत ने पचास हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जिसे अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

एंटी करप्शन टीम ने डिस्ट्रिक मैनेजर को किया गिरफ्तार

बहराइच। एन टी करप्शन टीम गोंडा ने आज सी एस सी कामन सेंटर व आधार सेवा केंद्र को दस हजार रुपए प्रतिमाह न देने पर उसे बंद कराने की धमकी देने के चलते डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए टीम आगे की विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है। देहात कोतवाली इलाके में स्थित बहादुर चक ग्राम के रहने वाले राजेंद्र कुमार ने एंटी करप्शन टीम गोंडा के निरीक्षक धनंजय सिंह को सूचना देते हुए बताया कि लखनऊ निवासी आशुतोष पांडे जो कि सी एस सी कामन सेंटर व आधार सेवा केंद्र के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के पद पर तैनात है। आधार सेंटर चलाने के नाम पर उससे दस हजार रुपए प्रतिमाह देने का दबाव बना रहे हैं। सूचना के बाद मंगलवार को टीम ने नगर पालिका के पास से आशुतोष को रंगे हाथ दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया है। निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नगर कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करवाते हुए आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। भेष बदलकर टीम ने किया गिरफ्तार आरोपी को पकड़ने के लिए टीम के सदस्यों ने अपनी वेषभूषा को बदल लिया था जिससे उसे शक न हो सके।

एसपी ने सुनी जन फरियाद

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

कांति कुबेर अस्पताल में निःशुल्क एचआईवी व सिफलिस जांच शिविर का आयोजन, 29 की हुई जांच

बहराइच। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको) भारत सरकार के 'प्रथम 95' लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को गोंडा रोड स्थित कांति कुबेर अस्पताल में निशुल्क एचआईवी व सिफलिस जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। टीआई शरणम्-संस्थान और आईसीटीसी टीम के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 29 लोगों की जांच की गई, राहत की बात यह रही कि सभी की रिपोर्ट सामान्य (नॉन-रिएक्टिव) आई। शिविर में टीआई शरणम्-संस्थान के परियोजना प्रबंधक संदीप कुमार सिंह ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि समय पर जांच और सही इलाज से संक्रमण को पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति भी नियमित दवाओं के सेवन और आवश्यक सावधानियों के साथ एक सामान्य व स्वस्थ जीवन जी सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बिना किसी डर या संकोच के अपनी जांच अवश्य कराएं। इस दौरान आईसीटीसी पयागपुर की परामर्शदात्री संगीता पाठक ने लाभार्थियों को पूरी गोपनीयता के साथ व्यक्तिगत परामर्श दिया। उन्होंने संक्रमण के लक्षण, कारण और सुरक्षित व्यवहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं, आईसीटीसी नानपारा की लैब टेक्नीशियन वैशाली मौर्या ने स्वास्थ्य विभाग के मानकों के अनुरूप पूरी गोपनीयता बरतते हुए मरीजों के रक्त के नमूने लिए। शिविर में आए लोगों को यह भी बताया गया कि सभी सरकारी अस्पतालों और आईसीटीसी केंद्रों पर एचआईवी व सिफलिस की जांच, परामर्श और उपचार की सुविधाएं पूरी तरह निशुल्क हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि नाको के निर्देशानुसार जिले में चिन्हित निजी हाई बर्डन हॉस्पिटल एवं सेक्स क्लीनिकों में एचआईवी/सिफलिस जांच व जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। जिले में कुल 18 निजी हाई बर्डन अस्पताल चिन्हित किए गए हैं, जिनमें 2 सेक्स क्लीनिक भी शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इसका माइक्रो प्लान तैयार कर लिया है, जिसके तहत 22 मई तक इन सभी संस्थानों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को समय पर जांच, परामर्श और उपचार से जोड़ना है।

23 व 24 मई को आयोजित महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के सम्बंध में सीडीओ ने की प्रेस वार्ता

बहराइच। महाराजा सुहेलदेव के विजय उत्सव के सम्बंध में विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल/परिसर में 23 व 24 मई 2026 को जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित प्रेस-वार्ता के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता ने विजय उत्सव को सम्पन्न कराने हेतु समिति का गठन करा लिया गया है। जिसमें सामिति के दायित्व, सम्मिलित अधिकारी व अन्य की ड्यूटी लगायी गयी है। उन्होनें बताया कि आयोजन के लिए 15 समिति का गठन किया गया है। समिति में मंच व्यवस्था एवं अन्य स्थलों पर सजावट व्यवस्था समिति, अल्पाहार एवं खानपान व्यवस्था समिति, कन्ट्रोल रूम समिति, यातायात सुरक्षा व्यवस्था, चिकित्सा सेवा समिति, सांस्कृतिक समिति, विभिन्न विभागों की प्रदर्षिनी/षिल्प/सरस मेला समिति व स्टॉल आवंटन समिति, प्रचार-प्रसार सूचना समिति, पेयजल स्वच्छता समिति, विद्युत आपूर्ति समिति व फूड जोन समिति का गठन कर लिया गया है। उन्होनें जानकारी दी कि भीषण गर्मी को देखते हुए बेहतर पीने का पानी व ओआरएस घोल, स्वच्छता, साफ-सफाई, फागिंग, आवष्यक सेवाएं, एम्बुलेंस, मीडिया गैलरी, यातायात व्यवस्था, प्रकाष इत्यादि की समुचित व्यवस्था करायी जायेगी। उन्होनें मीडिया बन्धुओं का आहवान करते हुए कहा कि इसका प्रचार-प्रसार भव्यता से हो जिससे महाराजा सुहेलदेव के जीवन पर आधारित विभिन्न गाथाओं की चर्चा हो सके।

संक्षेप

बस बुकिंग में 40 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान: रेडबस

नोएडा। रेडबस तीर्थ यात्रा के सीजन से पहले इंटरसिटी यात्रा में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देख रहा है। 25 मई को मनाए जाने वाले गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा नदी के पृथ्वी पर अवतरण का उत्सव पवित्र स्नान, आरती और उत्तर भारत के घाटों की तीर्थ यात्राओं के साथ मनाया जाता है। रेडबस प्लेटफॉर्म के आंकड़ों के अनुसार, इसी धार्मिक उत्साह के कारण 1 मई से 2 जून 2026 के बीच (पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में) इस क्षेत्र से बस बुकिंग में 40 प्रतिशत की भारी वृद्धि का अनुमान है। यह मांग गंगा दशहरा के दौरान वाराणसी, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों के प्रति यात्रियों के मजबूत आकर्षण को दर्शाती है, जहां ये धार्मिक केंद्र इस क्षेत्र से होने वाली बुकिंग में एक बड़ी हिस्सेदारी निभा रहे हैं। रेडबस ने कुछ विशेष तीर्थ यात्रा तिथियों के आसपास चुनिंदा रूटों पर बुकिंग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की है। कुल बुकिंग में 96 प्रतिशत हिस्सेदारी एसी बसों की रही।

मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी37 पावर स्मार्टफोन

नई दिल्ली । मोटोरोला ने आज अपना नया मोटो जी37 पावर, मोटो जी37 और मोटो बडस 2 को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह पावरफुल लाइनअप किफायती कीमत पर सेगमेंट की सबसे दमदार बैटरी फास्ट 5जी व बेहतरीन परफॉर्मेंस शानदार एंटरटेनमेंट और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी के साथ स्मार्टफोन के अनुभव को एक नया रूप देने के लिए तैयार किया गया है। अपने सेगमेंट में सबसे पावरफुल फोन के रूप में पेश किया गया मोटो जी37 पावर इस सेगमेंट की सबसे बेस्ट 7000 एमएएच बैटरीए मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6400 प्रोसेसर द्वारा संचालित जबरदस्त 5जी परफॉर्मेंस गोरिल्ला ग्लास 7 आई की सुरक्षा के साथ सबसे मजबूत ड्यूरेबिलिटी एक शानदार 120 हर्ट्ज डिस्प्ले 50 मेगापिक्सल का बेहतरीन एआई.पावर्ड क्वाड.पिक्सेल कैमरा सिस्टम और डॉल्बी एटमॉस स्टीरियो स्पीकर्स के साथ बेहतरीन ऑडियो एक्सपीरियंस को एक स्टाइलिश वीगन लेदर डिजाइन में समेटे हुए है।

टाटा प्ले स्मार्ट गेम्स+ और फन लर्न से बच्चे सीख रहे हैं बहुत कुछ

नई दिल्ली। गर्मियों की छुट्टियाँ आ गई हैं। बच्चे टीवी के सामने बैठकर ज्यादा समय बिताने लगे हैं। ऐसे में टाटा प्ले स्मार्ट गेम्स+ और फन लर्न उनके लिए लेकर आया है ऐसा मनोरंजन, जो उन्हें छोटे बच्चों के लिए तैयार किए गए सुरक्षित और विज्ञापन-रहित वातावरण में सीखने का अवसर प्रदान करता है। ये दोनों सेवाएं बच्चों के लिए गेम्स और मनोरंजक कार्यक्रमों का बेहतरीन मिश्रण पेश करती हैं। इनमें एक्शन है, रेसिंग है, पहेलियों पर आधारित गेम्स हैं, कविताएं, कार्टून और बच्चों के सीखने के लिए वीडियो हैं। इनके माध्यम से बच्चे इस मंच पर आसानी से खोज भी कर सकते हैं और खेल भी सकते हैं। साथ ही, माता-पिता भी आसानी से अपने बच्चों के लिए ऐसे दिलचस्प कार्यक्रम खोज सकते हैं, जो उन्हें बहुत पसंद भी आएं और उनके विकास में भी सहायक हों। इस पेशकश में बच्चों की परिचित और पसंदीदा श्रृंखलाएं हैं। स्मार्ट गेम्स+ पर छोटा भीम, रोल नं. 21, कुंभ करन, स्टीवन यूनिवर्स और रैगुलर शो 300 से अधिक गेम्स के साथ शानदार अनुभव प्रदान करेंगे।

नीव फाउंडेशन ने छह राज्यों में शुरू किया समर रिलीफ अभियान

नयी दिल्ली। देश के कई हिस्सों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने के बीच, नीव फाउंडेशन ने भीषण गर्मी से प्रभावित लोगों, बाहरी श्रमिकों, लावारिस पशुओं और पक्षियों के लिए बड़े स्तर पर समर रिलीफ अभियान इस गर्मी, फर्क नजर आएगा शुरू किया है। यह अभियान राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र सहित छह राज्यों में चलाया जा रहा है। भारत में गर्मियां लगातार ज्यादा कठिन होती जा रही हैं, खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर खुले में काम करते हैं। इस अभियान के जरिए हमारा उद्देश्य उन लोगों तक तुरंत और आसान राहत पहुंचाना है जो कठिन मौसम के बावजूद हमारे शहरों को चलाए रखते हैं। कई बार सबसे जरूरी मदद सबसे सरल होती है- चाहे वह एक गिलास पानी हो कुछ देर की छांव हो या मुश्किल समय में बुनियादी सहयोग। नीव की स्थापना इस सोच के साथ हुई थी कि सामाजिक जिम्मेदारी की शुरूआत तब होती है।

सेंसेक्स में 114 अंकों की गिरावट



मुंबई। कारोबार के अंतिम समय में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 114 अंक के नुकसान में रहा जबकि एनएसई निफ्टी में 32 अंक की गिरावट आई।

रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने को लेकर चिंताएं बढ़ने के साथ एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई। इसके साथ वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच कच्चे तेल की ऊंची कीमत ने भी बाजार धारणा को प्रभावित किया। बाजार शुरुआती तेजी को गंवाते हुए अंत में नुकसान में बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 114.19 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,200.85 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद कारोबार दौरान एक समय यह 431.23 अंक यानी 0.57 प्रतिशत बढ़कर 75,746.27 अंक पर पहुंच गया था। ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने कतर, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के अनुरोध पर ईरान पर नए हमले रोक दिए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के साथ चल रही गंभीर बातचीत जारी है, जिससे एक स्वीकार्य समझौते पर पहुंचने की उम्मीद है। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 31.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,618 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल और सन फार्मा प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में इन्फोसिस, एचसीएलटेक, टेक महिंद्रा, इटर्नल और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अबतक के सबसे निचले स्तर 96.60 तक फिसल गया। हालांकि, बाद में यह 96.52 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.80 प्रतिशत टूटकर 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 2,813.69 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियानों में अस्थायी रोक की उम्मीद से शुरुआती तेजी के बावजूद घरेलू शेयर बाजार अंत में गिरावट के साथ बंद हुए। आईटी शेयरों में तेजी देखने को मिली। रुपये की विनिमय दर में गिरावट और आकर्षक मूल्यांकन से संभावित सकारात्मक प्रभावों के कारण आईटी शेयरों में तेजी रही। अमेरिकी बाजार सोमवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे। बीएसई सेंसेक्स सोमवार 77.05 अंक के लाभ में रहा था जबकि निफ्टी में 6.45 अंक की मामूली तेजी रही थी।

रुपया 32 पैसे टूटकर 96.52 प्रति डॉलर के नये निचले स्तर पर

मुंबई। रुपया मंगलवार को कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 96.60 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक टूटने के बाद अंत में 96.52 (अस्थायी) पर बंद हुआ। यह इसका सबसे निचला बंद स्तर है। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक जोखिम से बचाव की प्रवृत्ति, मजबूत डॉलर से घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

रुपया 2026 में एशिया की सबसे कमजोर प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। इस महीने अबतक इसमें 1.5 प्रतिशत और इस साल सात प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से निर्यात और खाड़ी देशों से आयात में बाधा आने के कारण रुपये की स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.38 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 96.60 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक टूटने के बाद अंतः में यह 96.52 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से 32 पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को अब तक के सबसे निचले स्तर 96.20 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि मजबूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण रुपया गिरावट में रह सकता है...हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के किसी भी हस्तक्षेप और सोने-चांदी के आयात पर कुछ अंकुश रुपये को निचले स्तर पर सहारा दे सकते हैं। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 96 से 96.60 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.24 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 114.19 अंक टूटकर 75,200.85 अंक पर जबकि निफ्टी 31.95 अंक फिसलकर 23,618 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.95 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। विदेशी संस्थागत निवेशक सोमवार को लगातार तीसरे दिन शुद्ध लिवाल रहे थे।

सोना 800 रुपये चढ़ा व चांदी 5 हजार रुपये टूटी

नयी दिल्ली। अमेरिका-ईरान बातचीत में कामयाबी के संकेतों से महंगाई के दबाव की चिंता कम होने के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं।

स्थानीय सर्राफा बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत सोमवार के बंद स्तर।,62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 800 रुपये बढ़कर।,63,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई। हालांकि, कमजोर औद्योगिक मांग और वैश्विक बाजार में सुस्त रुख के कारण चांदी की कीमतें 5,000 रुपये घटकर 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गईं। अमेरिका-ईरान के बीच फिर से बातचीत की उम्मीद बढ़ने से मंगलवार को सोने की कीमतों में उछाल आया, जिससे लंबे समय से ऊर्जा संचालित महंगाई दबाव को लेकर कुछ चिंताएं कम हुईं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के बाद कारोबारी धारणा बेहतर हुई कि उन्होंने ईरान पर सैन्य हमले की योजना रोक दी है, जिससे यह संकेत मिलता है कि इस मामले का एक राजनयिक समाधान अभी भी हो सकता है। भू-राजनीतिक तनाव कम होने से कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी कमी आई।

देश का खाद्य तेल आयात तीन प्रतिशत बढ़ा



नयी दिल्ली। भारत का खाद्य तेल आयात वित्त वर्ष 2025-26 में तीन प्रतिशत बढ़कर 166.51 लाख टन हो गया। नेपाल से शुल्क-मुक्त आयात में तेज वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी। देश का खाद्य तेल आयात वित्त वर्ष 2024-25 में 161.82 लाख टन रहा था। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (एसएएफटीए) समझौते के तहत भारतीय बाजारों में शून्य-शुल्क पहुंच का लाभ उठाने वाले नेपाल ने इस दौरान भारत को 7.36 लाख टन खाद्य तेल निर्यात किया, जो 2024-25 वर्ष के 3.45 लाख टन की तुलना में 113 प्रतिशत अधिक है। नेपाल से भारत को निर्यात में परिष्कृत सोयाबीन तेल का सबसे बड़ा हिस्सा रहा जबकि सूरजमुखी तेल, आरबीडी पामोलीन और सरसों तेल कम मात्रा में भेजा गया। एसईए ने बयान में कहा कि नेपाल से परिष्कृत तेलों के शुल्क-मुक्त आयात में वृद्धि ने वित्त वर्ष के दौरान भारत के कुल खाद्य तेल आयात में बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसएएफटीए व्यवस्था के बिना, घरेलू मांग बढ़ने के बावजूद कुल आयात संभवतः पिछले वर्ष के स्तर से कम रहता। साथ ही अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि और डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी ने आयात लागत बढ़ाई है। भारत अब भी विदेशी आपूर्ति पर काफी निर्भर है जहां घरेलू उत्पादन कुल खाद्य तेल आवश्यकता का केवल लगभग 40 प्रतिशत ही पूरा कर पाता है। एसईए ने कहा कि तिलहन की कम पैदावार, खंडित भूमि जोत, सीमित सिंचाई और गेहूं तथा चावल की खेती की ओर झुकाव वाली नीति ने घरेलू उत्पादन वृद्धि को बाधित किया है। संघ ने दीर्घकालिक आयात निर्भरता घटाने के लिए तिलहन उत्पादकता बढ़ाने और घरेलू मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित करने के उपायों की मांग की।

ट्रांसपोर्टर निकाय एआईएमटीसी का दिल्ली-एनसीआर में 21 मई से तीन-दिवसीय हड़ताल का ऐलान

नयी दिल्ली। ट्रांसपोर्टर निकाय एआईएमटीसी ने दिल्ली-एनसीआर में 21 मई से तीन दिन की हड़ताल का आह्वान किया है। यह हड़ताल वाणिज्यिक वाहनों पर बढ़ाए गए पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिभार (ईसीसी) और बीएस-4 या उससे पुराने वाहनों पर प्रस्तावित प्रतिबंध के विरोध में की जा रही है।

अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके बैनर तले दिल्ली-एनसीआर के 68 से अधिक ट्रांसपोर्ट संगठन तीन दिनों तक अपने परिचालन बंद रखेंगे। यह निकाय देशभर में 95 लाख ट्रक चालकों और 26 लाख निजी बस, टैक्सी और मैक्सी कैब संचालकों के साथ विभिन्न राज्य स्तरीय परिवहन संगठनों के प्रतिनिधित्व का भी दावा करता है। एआईएमटीसी ने आरोप लगाया कि यह हड़ताल वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), अदालतों और दिल्ली सरकार की अनुचित नीतियों के विरोध में बुलाई जा रही है। उसने कहा कि परिवहन संबंधी नीतियों में वैज्ञानिक एवं कानूनी आधार का अभाव है। केंद्र सरकार के प्रदूषण नियामक सीएक्यूएम ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए एक नवंबर से बीएस-4 और उससे पुराने वाणिज्यिक वाहनों के दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है।

भारत-यूरोपीय संघ के बीच एफटीए से घरेलू वाहन विनिर्माण को मिलेगी मदद : अधिकारी

नयी दिल्ली। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारत में अधिक निवेश आकर्षित करने और देश में वाहन विनिर्माण को बढ़ावा देने में मददगार होगा। वाणिज्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह बात कही।

दोनों पक्षों ने 27 जनवरी को व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की। यह समझौता अगले वर्ष से लागू होने की संभावना है। वाणिज्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन ने कहा कि समझौते पर बातचीत के दौरान वाहन क्षेत्र एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र के रूप में सामने आया। इसकी वजह यह है कि भारत में आयात शुल्क अधिक है, लेकिन देश ने इस समझौते के माध्यम से उन चुनौतियों को अवसरों में बदल दिया है। जैन ने कहा कि भारत ने इस क्षेत्र में कोटा-आधारित, दीर्घकालिक समाधान प्रदान किए हैं ताकि यूरोपीय संघ को भी रियायतें मिलें और भारतीय उद्योग को पर्याप्त संरक्षण भी प्राप्त हो। उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते पर उद्योग मंडल फिक्की के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, इससे भारत में अधिक निवेश होगा...। भारत में अधिक वाहनों का विनिर्माण होगा और तीसरे देशों को निर्यात बढ़ेगा। इस प्रकार भारत यूरोपीय संघ की मूल्य श्रृंखला में एकीकृत हो जाएगा। भारत द्वारा यूरोपीय संघ के साथ एफटीए के तहत आयातित यूरोपीय कारों पर शुल्क को 110 प्रतिशत से धीरे-धीरे घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति जताने के बाद, आयातित यूरोपीय कारों की कीमतों में व्यापक रूप से गिरावट आने का अनुमान है। यह शुल्क प्रति वर्ष 2.5 लाख वाहनों पर लागू होगा, जो ब्रिटेन को दिए जाने वाले शुल्क से छह गुना अधिक है। जैन ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों पर कहा कि भारत का पहले से ही समूह के 27 सदस्य देशों में से 14 देशों के साथ यह समझौता है।

इक्रा ने 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.2 प्रतिशत किया

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने पहले इसके 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को देखते हुए वृद्धि दर के अनुमान घटाया गया है। इक्रा ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7.5 प्रतिशत लगाया है, जो राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के दूसरे अग्रिम अनुमान 7.6 प्रतिशत से मामूली कम है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, पश्चिम एशिया में जारी गतिरोध के कारण कीमतों में अस्थिरता को देखते हुए, अब वित्त वर्ष 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान है, जबकि हमारा पिछला अनुमान 85 डॉलर प्रति बैरल था। परिणामस्वरूप, हमने वित्त वर्ष 2026-27 के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के अपने अनुमान (2022-23 की स्थिर कीमतों पर) को घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

जीई एयरोस्पेस ने पुणे संयंत्र में 100 करोड़ के निवेश के साथ मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ को दी तेजी

पुणे। जीई एयरोस्पेस ने आज अपने पुणे मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र में 100 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इससे भारत में कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग मौजूदगी और मजबूत होगी तथा देश के प्रति उसकी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और पुख्ता होगी। यह निवेश नई वेल्डिंग तकनीकों, एडवांस जांच उपकरणों, प्रिसीजन टूल्स, गेजेस, फिक्स्चर्स और अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर सुधारों का समर्थन करेगा। इनकी मदद से उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, प्रक्रिया की सटीकता बेहतर होगी और दुनिया भर के ग्राहकों तक उच्च गुणवत्ता वाले कंपोनेंट्स की डिलीवरी को समर्थन मिलेगा। यह नया निवेश पिछले दो वर्षों में घोषित 410 करोड़ रुपये के निवेश की अगली कड़ी है, जिससे पुणे संयंत्र में तीन वर्षों के दौरान जीई एयरोस्पेस का कुल निवेश 510 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। पिछले निवेशों का मुख्य फोकस मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रियाओं को उन्नत करना, ऑटोमेशन बढ़ाना और क्षमताओं का विस्तार करना था, ताकि अगली पीढ़ी के इंजन कंपोनेंट्स का उत्पादन किया जा सके। यह लगातार किया जा रहा निवेश भारत के प्रति जीई एयरोस्पेस की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और हमारे वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क में पुणे संयंत्र की भूमिका के प्रति हमारे भरोसे को दर्शाता है। हमारी लगातार बढ़त हमारे ग्राहकों और व्यापक समुदाय, दोनों के लिए फायदेमंद है। इससे जीई एयरोस्पेस और हमारे सप्लायर पार्टनर्स के लिए अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे।

टोयोटा ने की 3 लाख हाइब्रिड वाहन की बिक्री

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आज अपनी इलेक्ट्रिफिकेशन/ मल्टी-पाथवे यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन हासिल करने की घोषणा की। कंपनी ने भारत में कुल 3 लाख हाइब्रिड वाहनों की बिक्री पूरी की है, जो सतत मोबिलिटी को आगे बढ़ाने और हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह माइलस्टोन भारतीय ग्राहकों के बीच सेल्फ-चार्जिंग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल तकनीक की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। बेहतर फ्यूल एफिशिएंसी, कम उत्सर्जन, बेहतर ड्राइविंग परफॉर्मेंस और आसान ओनरशिप के प्रति बढ़ती जागरूकता ने इस स्वीकार्यता को और मजबूत किया है। यह उपलब्धि टोयोटा ब्रांड में ग्राहकों के गहरे भरोसे को दोहराती है और कंपनी की मल्टी-पाथवे अप्रोच के जरिए ग्रीन मोबिलिटी समाधान देने की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। 30 वर्षों से अधिक के वैश्विक हाइब्रिड अनुभव के साथ, टोयोटा प्रैक्टिकल इलेक्ट्रिफिकेशन में अग्रणी बनी हुई है।

पेज एक का शेष

प्रदेश में

हमीरपुर में भी भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। बुंदेलखंड के बांदा में तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने सूबे के ज्यादातर शहरों में दो दिन भीषण तपिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में गर्म पछुआ हवाओं के सक्रिय होने से मौसम पूरी तरह शुष्क हो गया है। इसके चलते विकिरणीय उष्मन (रेडिएशन) बढ़ने से प्रदेश के 21 प्रमुख शहरों में पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के दक्षिणी भाग के लिए रेड वार्निंग और राज्य के अधिकांश हिस्सों के लिए ऑरेंज वार्निंग जारी की है। राजधानी लखनऊ में भी मंगलवार को अधिकतम तापमान 40.9 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के 11 शहरों में सूरज आग उगल रहा है और यहां पारा 43 डिग्री के पार चला गया है। इनमें सबसे ऊपर बांदा (48.2 डिग्री) रहा। इसके बाद आगरा ताज (46.5 डिग्री), झांसी (46.5 डिग्री), प्रयागराज (45.8 डिग्री), उरई (45.2 डिग्री), कानपुर आईएएफ (44.8 डिग्री), कानपुर शहर (44.0 डिग्री), मुजफ्फरनगर (43.6 डिग्री), अलीगढ़ (43.4 डिग्री), चुर्क (43.2 डिग्री) और इटावा (43.0 डिग्री) शामिल हैं। इसके अलावा फतेहगढ़, वाराणसी बीएचयू, हरदोई और फुर्सतगंज में पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में समूचे उत्तर प्रदेश में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म पछुआ हवाएं चल रही हैं। 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चले हवा के झोंकों ने परेशान किया। दिन के साथ अब रातें भी झुलसाने लगी हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों जैसे शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा और फिरोजाबाद में वार्म नाइट यानी उष्ण रात्रि का अलर्ट जारी किया गया है।

लू व गर्मी

के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ने कहा कि अस्पतालों में संभावित मरीजों की संख्या को देखते हुए अतिरिक्त बेडों की व्यवस्था की जाए। जीवनरक्षक दवाइयों सहित आवश्यक औषधियों का पर्याप्त भंडारण रखने के लिए कहा गया है। आकस्मिक स्थिति में मरीजों को समय पर सटीक इलाज मिल सके। स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को भी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लू, तेज धूप और गर्मी के कारण अचानक बीमार होने वाले मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी चिकित्सालय परिसरों में पर्याप्त पेयजल, छाया, पंखे, कूलर तथा गर्मी से बचाव की अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी जिले में लू और गर्मी से प्रभावित मरीजों की संख्या अचानक बढ़ती है तो उसकी सूचना तत्काल राज्य मुख्यालय और शासन को उपलब्ध कराई जाए। जिससे समय रहते अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें।

गृहमंत्री ने

में रखा जा सकता है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 17 मई (रविवार) को तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए थे। छत्तीसगढ़ को 31 मार्च को नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बाद शाह पहली बार वहां आए हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शाह ने बस्तर में स्थित अमर वाटिका में माओवाद के खिलाफ लड़ाई में प्राणों की आहुति देने वाले 1,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित दी।

अमित शाह ने कहा- बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए हमारे जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं कि स्थायी शांति और विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

खतरनाक कुत्तों

ने आवारा कुत्तों के पुनर्वास और बंध्याकरण पर सात नवंबर के अपने आदेश में बदलाव के अनुरोध वाली याचिकाओं पर अपना फैसला 29 जनवरी को सुरक्षित रख लिया था और इस संबंध में पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश तथा तमिलनाडु के प्रयासों पर असंतोष व्यक्त किया था।

पिछले साल सात नवंबर को शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि का संज्ञान लेते हुए शीर्ष अदालत ने आवारा कुत्तों को बंध्याकरण के बाद तत्काल निर्धारित आश्रय स्थलों में भेजने का निर्देश दिया था। अदालत ने यह भी कहा था कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को उनके मूल स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा। साथ ही अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा पशुओं को हटाने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत मीडिया की उस खबर पर स्वतः संज्ञान लेते हुए 28 जुलाई से सुनवाई कर रही है जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में, खासकर बच्चों में आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज फैलने की जानकारी दी गई थी।

शीर्ष न्यायालय

से व्यावहारिक नहीं था। मेनका की यह टिप्पणी शीर्ष अदालत द्वारा आवारा कुत्तों को स्थानांतरित करने और उनकी नसबंदी करने से जुड़े अपने नवंबर 2025 के आदेश को वापस लेने से इनकार करने के बाद आई। शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया था कि सम्मान के साथ जीने के अधिकार में किसी कुत्ते के हमले के डर के बिना स्वतंत्र रूप से घूमने का अधिकार भी शामिल है। अदालत के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए गांधी ने कहा न्यायालय ने कुछ नहीं किया है, उसने बस जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है और कहा है कि यदि आप चाहें तो उच्च न्यायालय जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने पिछले छह महीनों में आदेश के क्रियान्वयन की व्यापक विफलता पर ध्यान दिए बिना, केवल अपने पिछले निर्देशों को ही दोहराया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसने (न्यायालय ने) केवल इतना कहा है कि हमने नवंबर में जो कहा था, उसे किया जाना चाहिए था। नवंबर से लेकर अब तक किसी ने कुछ नहीं किया। छह महीने बीत चुके हैं। एक भी पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) केंद्र नहीं बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा, एक भी आश्रय स्थल नहीं बनाया गया है। न किसी अस्पताल, न बस पड़ाव, न किसी विद्यालय, न महाविद्यालय, किसी ने भी कुत्तों को नहीं हटाया है, क्योंकि वे ऐसा कर ही नहीं सकते.... यह तकनीकी रूप से व्यावहारिक नहीं है।

पेट्रोल, डीजल

राजनीतिक मकसद से दाम नहीं बढ़ाए क्योंकि कई महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव हो रहे थे। बीते शुक्रवार को तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि चुनावों के बाद और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल सहित पांच में से तीन राज्यों में जीत हासिल करने के बाद हुई। कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद ईंधन खुदरा विक्रेताओं को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को कहा था कि 15 मई को हुई बढ़ोतरी से नुकसान में लगभग एक चौथाई की कमी आई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां अब भी प्रतिदिन लगभग 750 करोड़ रुपये का नुकसान झेल रही हैं। विभिन्न राज्यों में मूल्य वर्धित कर (वैट) में अंतर के कारण ईंधन की कीमतें अलग-अलग हैं। इस वृद्धि के बाद मुंबई में पेट्रोल की कीमत 107.59 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 94.08 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 109.70 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 96.07 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन

राजस्थान ने लखनऊ को 7 विकेट से हराया

आईपीएल : वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल की अर्धशतकीय पारी ने दिलायी जीत

एजेंसी

जयपुर। वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल की अर्धशतकीय पारी के दम पर राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को सात विकेट से हराया। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 220 रन बनाए। जवाब में वैभव ने धुआंधार बल्लेबाजी की और उनके आउट होने के बाद जुरेल ने दम दिखाया जिससे राजस्थान ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 225 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। राजस्थान ने इस तरह प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। जुरेल 38 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि डोनोवान फरेरा 10 गेंदों पर एक चौका और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल ने 43 और लुहान ड्रि प्रिटोरियस ने सात रनों का योगदान दिया। लखनऊ के लिए आकाश और मोहसिन को एक-एक विकेट मिला।

आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को 221 रन का टारगेट दिया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 220 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 2 ओवर के बाद बिना किसी नुकसान के 25 रन बना लिए हैं। यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर हैं। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए और 57 गेंदों में 96 रन बनाकर रन आउट हुए। उनकी पारी में 11 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। जोश इंग्लिस ने 29 गेंदों में 60 रन ठोके। उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के लगाए। इंग्लिस और मार्श के बीच पहले विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी हुई। निकोलस पूरन ने 11 गेंदों में 16 रन बनाए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 23 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली।

आखिरी ओवरों में लगातार रन आउट के कारण लखनऊ की टीम 230 के पार नहीं पहुंच सकी। राजस्थान की ओर से यश राज पुंजा सबसे

सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर को एक विकेट मिला। वहीं, लखनऊ के दो बल्लेबाज रन आउट हुए। राजस्थान रॉयल्स से पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल ने आकाश सिंह पर जमकर हमला बोला और ओवर से कुल 23 रन बटोरे गए। ओवर की पहली गेंद पर जायसवाल ने डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर चौका लगाया। इसके बाद लगातार दो और चौके जड़कर उन्होंने हैट्रिक पूरी की। आकाश सिंह की लाइन-लेंथ पूरी तरह बिगड़ी हुई नजर आई। उन्होंने एक वाइड और फिर 5 वाइड भी दे दिए। आखिरी गेंद पर जायसवाल ने पॉइंट की दिशा में जोरदार कट लगाया, जहां मयंक से आसान फील्डिंग मिस हो गई और गेंद चौके के लिए चली गई। इस तरह राजस्थान ने पहले ही ओवर में 23 रन बनाकर मैच में तूफानी शुरूआत कर दी। आखिरी ओवर में राजस्थान रॉयल्स ने शानदार वापसी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार झटके दिए। ओवर की पहली गेंद पर ऋषभ पंत रन आउट हो गए। पंत स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे, लेकिन मिचेल मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया। ध्रुव जुरेल के थ्रो पर जोफ्रा आर्चर ने सीधे स्टंप पर निशाना साधा और पंत 23 गेंदों में 35 रन बनाकर लौटे। इसके बाद मार्श ने 19.2 और 19.4 पर दो बार रिव्यू लिए, लेकिन दोनों में असफल रहे। 19.4 पर फुल टॉस गेंद पर उनका बाहरी किनारा लगा और गेंद थर्ड मैन की दिशा में चौके के लिए चली गई। वह शतक के करीब पहुंच गए थे। 19.5 पर मार्श ने लॉन्ग ऑफ की तरफ शॉट खेलकर दूसरा रन लेने की कोशिश की, लेकिन यशस्वी जायसवाल ने शानदार डायरेक्ट हिट कर उन्हें रन आउट कर दिया। मार्श 57 गेंदों में 96 रन बनाकर लौटे और शतक से सिर्फ 4 रन दूर रह गए। आउट होने के बाद जायसवाल ने शाहिद अफरीदी स्टाइल में जश्न मनाया। आखिरी गेंद पर जोफ्रा आर्चर ने आयुष बदोनी को तेज यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया। बदोनी स्कूप खेलने की कोशिश में चूक गए और ऑफ स्टंप उड़ गया। इस तरह आर्चर ने अंतिम ओवर में शानदार वापसी करते हुए लखनऊ को 220 रन पर रोक दिया। 19वें ओवर की पहली ही गेंद पर लखनऊ को तीसरा झटका लगा। जोफ्रा आर्चर की शॉर्ट गेंद पर मिचेल मार्श शॉट लगाने से चूक गए और गेंद विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के पास चली गई। इस बीच ऋषभ पंत स्ट्राइक अपने पास रखने के लिए रन लेने दौड़ पड़े, लेकिन मार्श ने उन्हें वापस भेज दिया। जुरेल ने तुरंत गेंद आर्चर की तरफ उछाली और आर्चर ने सीधे स्टंप पर थ्रो मारकर पंत को रन आउट कर दिया। पंत ने 23 गेंदों में 35 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। 17वें ओवर में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 12 रन बटोरे और स्कोर 194/2 तक पहुंचा दिया।

ओवर की शुरूआत में ऋषभ पंत ने संदीप शर्मा की धीमी गेंद को लॉन्ग ऑफ की ओर खेलकर एक रन लिया। इसके बाद मिचेल मार्श ने फुल लेंथ गेंद पर शानदार छक्का जड़ते हुए गेंद को लॉन्ग ऑन के पार पहुंचा दिया। संदीप ने

केकेआर के लिए करो या मरो का मुकाबला रंग में भंग डालने की कोशिश करेगा मुंबई

कोलकाता। टूर्नामेंट की खराब शुरुआत के कारण अगर मगर की कठिन डगर में फंसी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे मुंबई इंडियंस के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले मैच में किसी भी तरह की कसर नहीं छोड़नी होगी। मुंबई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है लेकिन वह केकेआर के समीकरण बिगाड़ने के लिए प्रतिबद्ध होगी। अगर इस मैच में केकेआर हार जाती है, तो अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में लगातार दूसरे सत्र में उसकी टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रहेगी। श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में खिताब जीतने के एक साल बाद 2025 में केकेआर आठवें स्थान पर रहा था।

मुंबई के खिलाफ जीत से भी केकेआर का काम पूरा नहीं होगा। उसका भाग्य अभी भी शनिवार को लखनऊसुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले मैच पर निर्भर करेगा। अगर पंजाब वह मैच जीत जाता है, तो रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ केकेआर का आखिरी लीग मैच महज औपचारिकता रह जाएगा। मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस प्रतियोगिता से बाहर हो चुके हैं। इससे पांच टीम पंजाब किंग्स (13 अंक), राजस्थान रॉयल्स (12), चेन्नई सुपर किंग्स (12), दिल्ली कैपिटल्स (12) और कोलकाता नाइट राइडर्स (11) बाकी बचे एक प्लेऑफ स्थान हासिल करने की दौड़ में हैं। इनमें से केवल राजस्थान रॉयल्स और केकेआर के ही दो मैच बचे हैं। राजस्थान के लिए सबसे सरल समीकरण है। लखनऊऔर मुंबई के खिलाफ अपने बचे हुए दोनों मैच जीतकर 16 अंक हासिल करके क्वालीफाई करना। दूसरी ओर केकेआर को न केवल अपने दोनों मैच जीतने होंगे, बल्कि यह भी उम्मीद करनी होगी कि पंजाब की टीम लखनऊसे हार जाए। पंजाब का नेट रन रेट केकेआर से बेहतर है। केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच में जीत हासिल की है लेकिन टूर्नामेंट के शुरू में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था जिससे टीम को काफी नुकसान हुआ। कप्तान रहाणे और कोच अभिषेक नायर को विजयी संयोजन तय करने में लगभग सात मैच लग गए। फिन एलन ने शीर्ष क्रम में अपनी फॉर्म को फिर से हासिल कर लिया है।

उन्होंने अपनी पिछली तीन पारियों में एक शतक और 93 रन की तूफानी पारी खेली है, जबकि युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और कैमरन ग्रीन का आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है। शीर्ष क्रम में रहाणे एकमात्र कमजोर कड़ी रहे हैं, लेकिन उप-कप्तान रिंकू सिंह ने मध्य क्रम में फिनिशर की अपनी भूमिका को बखूबी निभाया है। केकेआर के लिए गेंदबाजी विभाग में मथीशा पथिराना और वरुण चक्रवर्ती की चोट चिंता का विषय है। मुंबई इंडियंस अब अपने निराशाजनक सत्र का अंत जीत के साथ करना चाहेगा। उसके कप्तान हार्दिक पंड्या इस मैच में वापसी कर सकते हैं। वह चोट के कारण पिछले तीन मैच नहीं खेल पाए थे, लेकिन उन्होंने सोमवार को जमकर अभ्यास किया। हार्दिक का प्रदर्शन हालांकि अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने आठ पारियों में 20.85 के औसत से 146 रन बनाए हैं।

संक्षेप

केरला ब्लास्टर्स ने एफसी गोवा को हराया

कोच्चि। केरला ब्लास्टर्स ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के मैच में सोमवार को एफसी गोवा को 2 . 1 से हराया। केरला के लिये केविन योके (48वां मिनट) और फालोउ एन (81वां) ने गोल किये। एफसी गोवा के लिये मुहम्मद नेमिल (62वां) ने गोल दागा। इस जीत के बाद केरला ब्लास्टर्स पिछले छह मैचों में अपराजेय रहकर 13 मैच में 17 अंक के साथ आठवें स्थान पर रही। एफसी गोवा 20 अंक लेकर सातवें स्थान पर रही।

भारत में प्रतिभा की कमी नही : व्हाइट

भोपाल। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच टिम व्हाइट ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां चल रही अंडर-18 श्रृंखला के लिए अपने दौरे के दौरान देश में आयु वर्ग में अपार प्रतिभा की सराहना की। व्हाइट ने छह सप्ताह पहले बेंगलुरु में अंडर-21 राष्ट्रीय टीम का कार्यभार संभाला था। उन्होंने युवा स्तर और सीनियर राष्ट्रीय टीम के बीच मजबूत संबंध बनाने के महत्व पर जोर दिया। व्हाइट ने कहा, मैं भोपाल आकर अंडर-18 टीम का मूल्यांकन करने के लिए बेहद उत्सुक था क्योंकि यही हमारी प्रतिभा का मुख्य स्रोत है। रानी (रामपाल) के साथ मेरी बहुत अच्छी बातचीत हुई, जो इस युवा टीम के साथ बहुत अच्छा काम कर रही हैं। रानी अंडर-18 महिला टीम की कोच हैं। उन्होंने कहा, यह युवा टीम है जिसमें 15 और 16 साल के कई खिलाड़ी हैं जिनमें शारीरिक और रणनीतिक रूप से परिपक्व होने की अपार संभावनाएं हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले और दूसरे मैच के बीच उन्होंने जो प्रगति की, वह बेहद उत्साहजनक है।

बेल्लारी में एएफसी फिटनेस कोर्स लेवल 1ए आयोजित किया गया

बेल्लारी (कर्नाटक)। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 14 से 18 मई तक यहां इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट में एएफसी फिटनेस कोर्स (लेवल ए) का आयोजन किया। यह कोर्स जापान के एएफसी प्रशिक्षक मिकिनोबू यासुमात्सु और अत्सुशी कानो की देखरेख में संचालित किया गया था। इसमें भारत के 19 कोच ने भाग लिया।

रुतुराज को संपूर्ण कप्तान बनने में अभी समय लगेगा : स्टीफन फ्लेमिंग

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि कप्तान के रूप में रुतुराज गायकवाड़ को अब भी काफी सुधार करने की जरूरत है।

सीएसके की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को सनराइजर्स हैदराबाद से पांच विकेट की हार के कारण करारा झटका लगा है। उसकी टीम अब अगर मगर की कठिन डगर में फंस गई है। सीएसके को अब गुरुवार को न सिर्फ गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपना अंतिम लीग मैच जीतना होगा बल्कि अन्य मैचों के परिणाम पर भी निर्भर रहना होगा। फ्लेमिंग ने पिछले तीन सत्र से सीएसके के कप्तान 29 वर्षीय गायकवाड़ के बारे में कहा, रुतुराज बदलाव के दौर से गुजर रहे हैं।

उन्होंने क्रिकेट जगत के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक (महेंद्र सिंह धोनी) से कमान संभाली है। इसलिए इसमें थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा, वह अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभा रहा है और खिलाड़ियों की बीच भी उसके लिए काफी सम्मान है। वह लगातार सीख रहा है और उस पर अच्छी तरह से अमल भी कर रहा है।

पंत ने टेस्ट उपकप्तानी गंवाई, स्पिन विभाग में भविष्य के विकल्प चुने

एजेंसी

गुवाहाटी। पिछले छह महीने से खराब फॉर्म से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अफगानिस्तान के खिलाफ आगामी एक टेस्ट के लिये भारतीय टीम की उपकप्तानी से हटा दिया गया है और तीन मैच की वनडे श्रृंखला के लिये वह टीम में भी नहीं हैं क्योंकि राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने मंगलवार को यहां कुछ कड़े फैसले किए।

भारत जून में एकमात्र टेस्ट के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा

जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा नहीं है। यह टेस्ट मैच छह जून से मुल्लांपुर में खेला जाएगा जिसके बाद 14 जून से धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में तीन एकदिवसीय मैच भी खेले जाएंगे। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति ने यहां हुई बैठक के बाद टेस्ट टीम में बांए हाथ के स्पिनर मानव सुतार और हर्ष दुबे को शामिल करने का भी फैसला किया।

इनके साथ ही छह फीट छह इंच लंबे पंजाब के तेज गेंदबाज गुरनूर बरार को भी टीम में जगह दी गई है जिन्होंने इस सत्र में सिर्फ दो रणजी ट्रॉफी मैच खेले हैं। जैसा कि 17 मई को पीटीआई की एक खबर में बताया गया था पंत को चयनकर्ताओं ने टेस्ट उप कप्तान के पद से हटाकर उनकी जगह अनुभवी खिलाड़ी केएल राहुल को नियुक्त किया है।

चालिहा मुख्य ड्रॉ में, अम्साकरुणन अर्जुन ने पोपोव बंधुओं को हराया

कुआलालम्पुर। भारत की अष्मिता चालिहा ने चीनी ताइपै की पाइ यू पो को तीन गेम के मुकाबले में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। चालिहा ने यू पो पर 21 . 23, 21 . 16, 21 . 16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की टी रामाधानी वीर्यावान से होगा।

आकर्षि कश्यप को कोरिया की पार्क गा युन के हाथों 21-15 20-22 7-21 से पराजय झेलनी पड़ी। पुरूष युगल में हरिहरन अम्साकारुणन और एम आर अर्जुन ने सातवीं वरीयता प्राप्त किस्टो पोपोव और फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 21 . 19, 21 . 15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

अब उनका सामना इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन तथा चीन के हू की युआन और लिन शियांग यि के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा की भारतीय जोड़ी ने भी दातु अनीफ इसाक दातु असराह और क्लारिसा सान की मलेशिया की जोड़ी को मिश्रित युगल क्वालीफायर में 21-15, 21-17 से हराया।

धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद सीएसके बदलाव के दौर से गुजर रहा है : अश्विन

चेन्नई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का समर्थन करते हुए कहा कि महेंद्र सिंह धोनी के कप्तानी छोड़ने के बाद आईपीएल की यह टीम स्पष्ट रूप से बदलाव के दौर से गुजर रही है। गायकवाड़ ने 2024 में सीएसके की कप्तानी संभाली थी और अश्विन ने कहा कि आईपीएल जैसे दबाव वाले टूर्नामेंट में किसी टीम का नेतृत्व करना आसान नहीं है। उन्होंने गायकवाड की कप्तानी को लेकर धैर्य बनाए रखने की भी अपील की। अश्विन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी का असर रुतुराज गायकवाड़ की बल्लेबाजी पर पड़ा है। टी20 क्रिकेट पहले से ही चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी की उम्मीदों का बोझ उठाना किसी भी खिलाड़ी पर काफी असर डाल सकता है।

सीएसके को मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद से पांच विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे प्लेऑफ में पहुंचने की उसकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं। अश्विन ने कहा, धोनी का युग समाप्त होने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स स्पष्ट रूप से बदलाव के दौर से गुजर रही है।

फ्रेंचाइजी से जुड़े सभी लोगों, प्रशंसकों, हितधारकों और टीम के लिए यह जानना जरूरी है कि नए सिरे से टीम को तैयार करने में समय लगता है। उन्होंने पांच बार की चैंपियन सीएसके की विरासत का हवाला देते हुए कहा, सीएसके की विरासत शानदार रही है जिसके कारण उससे काफी अपेक्षा की जाती है लेकिन वर्तमान टीम को आगे बढ़ने के लिए समय देना जरूरी है।

आईपीएल की कमाई आरामदायक स्थिति दे सकती है, लंबे करियर के लिए समर्पण जरूरी : कोहली

एजेंसी

बेंगलुरु। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों से आईपीएल में मिलने वाली तात्कालिक प्रसिद्धि के आकर्षण से ऊपर उठकर लंबे समय तक खेल के प्रति समर्पित रहने और व्यापक क्रिकेट जगत का सम्मान अर्जित करने का आग्रह किया। कोहली अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल 50 ओवर के प्रारूप में खेलते हैं। उन्होंने उभरते हुए क्रिकेटरों से कहा कि वे सभी प्रारूपों में खेलने वाले खिलाड़ी बनने के लिए खुद को प्रेरित करने की कोशिश करें। कोहली ने आरसीबी इनोवेशन लैब के इंडियन स्पोर्ट्स समिट के तीसरे सत्र के दौरान कहा, यह जुनून की बात है। आजकल बहुत से लोग जुनून को पैसे से जोड़ते हैं। जी हां, यह एक बड़ा कारक है क्योंकि जब कोई ऐसा प्रारूप आपको प्रसिद्धि, पहचान और 20 गेंदों में 40-50 रन बनाकर मिलने वाली शोहरत देता है और आईपीएल में आज लोग जिस तरह की कमाई कर सकते हैं, तो यह आपको बहुत आरामदायक स्थिति में पहुंचा सकता है। कोहली ने टेस्ट प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के बाद संन्यास ले लिया। उन्होंने उभरते हुए क्रिकेटरों से इस कठिन लेकिन बेहद फलदायी कदम को उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा, वे कह सकते हैं, देखो, यह (टी20 क्रिकेट) शानदार है। मुझे ज्यादा देर तक दबाव झेलने की जरूरत नहीं है। मैं बस मैदान पर उतरकर गेंद को जोर से मार सकता हूं। या फिर वे कह सकते हैं, मैं 1520 साल खेलना चाहता हूं। मैं क्रिकेट जगत में अपने नायकों की तरह पहचान और सम्मान पाना चाहता हूं और इस अवसर को भुनाना चाहता हूं। उन्होंने कहा, यह एक बिल्कुल अलग क्षेत्र है। आपको बहुत दृढ़ संकल्पित होना होगा तभी आप कह पाएंगे कि मैं अगले 1015 वर्षों तक इस खेल के प्रति समर्पित रहूंगा। यह बहुत कठिन होगा, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। कोहली ने आधुनिक क्रिकेटरों के कौशल, विशेष रूप से लगातार छक्के लगाने की उनकी क्षमता को हालांकि कम नहीं आंका। उन्होंने कहा, यह रोमांचक है, कई ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी आते हैं और उस तरह से खेलते हैं जिस तरह से मैंने खेलते हुए नहीं सीखा। सच कहूं तो, ये खिलाड़ी पावर हिटिंग और विस्फोटक क्रिकेट के मामले में कहीं अधिक उन्नत हैं।

यूपी शीर्ष पर, सेमीफाइनल में बनायी जगह

खेल संवाददाता

गोरखपुर। मेजबान उत्तर प्रदेश ने 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में हीट्स मुकाबलों के पहले दिन दो वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ शीर्ष पर रहते हुए शीर्ष स्थान के साथ सेमीफाइनल में जगह बना ली। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के तत्वावधान में

- 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप

उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश खेल विभाग के बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग से चैंपियनशिप का आयोजन रामगढ़ताल पर किया जा रहा है। मंगलवार को हीट्स मुकाबलों में पहले व दूसरे स्थान पर रही टीमों ने अगले राउंड में स्थान सुरक्षित किया जबकि अन्य स्थानों पर रही टीमों के खिलाड़ियों को रेपचेज राउंड के जरिए एक और मौका मिलेगा। आज स्पधाओं के पहले दिन अतिथिगण विधायक एमपी सिंह, विधायक प्रदीप शुक्ला, विधायक विमलेश पासवान ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर आरएफआई अध्यक्ष बालाजी मरपाड़ा व फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन नवाबुद्दीन, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन की अध्यक्ष रानी पक्षालिका सिंह (भाजपा विधायक), उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा (उपाध्यक्ष, रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया), आयोजन सचिव राजेश यादव, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राणा राहुल सिंह, गोरखपुर रोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे। पहले दिन बालक सिंगल स्कल में यूपी के मोहन महेश ने 8:51.3 के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस वर्ग में चंडीगढ़ के उदय दूसरे व तमिलनाडु के कृष कार्तिक कुमार तीसरे स्थान पर रहे। वहीं बालक क्वाड्रुपल स्कल में यूपी के दीपक कुमार, यश कुमार यादव, हरिनाथ यादव व प्रवीण कुमार की चौकड़ी 06:41.0 के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में पहुंची जबकि ओडिशा ने भी दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

- बालक सिंगल स्कल में यूपी के मोहन महेश सेमीफाइनल में
- बालक क्वाड्रुपल स्कल में मेजबान चौकड़ी अंतिम चार में

दूसरी ओर हीट्स में आर्मी ब्वायज स्पोर्ट्स कंपनी और मध्य प्रदेश में कड़ी होड़ देखने को मिली। दोनों ही टीमों ने 6-6 वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ अगले दौर में जगह बनाई। हरियाणा ने पांच व केरल ने तीन वर्गों के अगले दौर में जगह बनाई। पहले दिन विभिन्न वर्गों की स्पधाओं में हीट राउंड के कुल 29 मुकाबले हुए।

बोपन्ना एआईटीए में प्रशासनिक भूमिका निभाने को तैयार

मुंबई। दिग्गज खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने मंगलवार को अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) में कोई प्रशासनिक भूमिका निभाने की इच्छा जाहिर की। बोपन्ना ने कहा कि वह वास्तव में बदलाव लाना पसंद करेंगे। एआईटीए के जल्द ही चुनाव होने वाले हैं। पिछले महीने दिल्ली उच्च न्यायालय ने सितंबर 2024 के चुनाव नतीजों को बरकरार रखने की अनुमति दे दी थी लेकिन चुनी हुई संस्था को केवल एक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर काम करने का निर्देश दिया था। चुने हुए लोगों को अदालत द्वारा नियुक्त प्रशासक पूर्व मुख्य न्यायाधीश गीता मित्तल की देखरेख में काम करना था। अदालत ने न्यायमूर्ति मित्तल को यह भी निर्देश दिया था कि वे संविधान को खेल अधिनियम 2025 और खेल प्रशासन नियम 2026 के अनुरूप बनाने के बाद तीन महीने के भीतर नए चुनाव करवाएं। बोपन्ना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, चुनाव आने वाले हैं और हां, अगर भारतीय खेल को बदलने का कोई मौका मिलता है और मैं उसका हिस्सा बन पाता हूं तो मुझे इससे जुड़कर बहुत खुशी होगी।

देश से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त

सुरक्षा बलों की वीरता के कारण देश से नक्सलवाद 31 मार्च की समय सीमा से पहले खत्म हुआ: शाह

जगदलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि सुरक्षा बलों की वीरता, साहस और सर्वोच्च बलिदान के कारण 31 मार्च की समय सीमा से पहले ही देश से नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया।

शाह ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि नक्सल मुक्त भारत अभियानै में कुछ तारीखों का ऐतिहासिक महत्व है - 13 दिसंबर, 2023, जब छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने शपथ ली, तब नक्सलवाद के पूर्ण उन्मूलन के लिए दृढ़ अभियान शुरू हुआ। शाह ने कहा कि 24 अगस्त, 2024 को सभी राज्यों के पुलिस महानिदेशकों (डीजी) की एक बैठक बुलाई गई थी, जिसमें 31 मार्च, 2026 तक देश को नक्सल मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया था। शाह ने कहा, तीसरी तारीख, जिसके बारे में आप सभी जानते हैं - 31 मार्च 2026 (देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए केंद्र द्वारा निर्धारित समय सीमा)। सुरक्षा बलों के शौर्य, साहस और सर्वोच्च बलिदान के कारण, निर्धारित समय सीमा से पहले ही देश से नक्सलवाद का पूर्णतः उन्मूलन हो चुका है। उन्होंने कहा, केंद्र में (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी की सरकार पहले से थी, लेकिन यहां पर कांग्रेस की सरकार थी। मैं बगैर संकोच के कहना चाहता हूं कि ढेर सारी गैर भाजपा सरकारों ने नक्सलवाद को खत्म करने में केंद्र सरकार का समर्थन



किया है, लेकिन (छत्तीसगढ की) पिछली कांग्रेस सरकार ने नक्सल उन्मूलन अभियान में हमारा सहयोग नहीं किया था। दिसंबर 2023 में भाजपा सरकार बनने के तुरंत बाद हमने बस्तर में नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए फिर से कवायद की। जब से नक्सलवाद नक्सलबाड़ी से फैलना शुरू हुआ उसके पक्षधर लोग और बुद्धिजीवी यह बता रहे थे कि नक्सलवाद इसलिए अस्तित्व में आया है कि कुछ क्षेत्र में विकास नहीं पहुंचा, जबकि यह वास्तविकता नहीं थी, विकास नहीं पहुंचने का कारण ही नक्सलवाद है। देश में कई सारे हिस्से ऐसे थे जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र से भी ज्यादा पिछड़े हुए थे लेकिन वहां पर नक्सलवाद नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र धीरे-धीरे आगे बढ़ गए, लेकिन हमारा बस्तर और कई सारे ऐसे क्षेत्र जो नक्सलवाद प्रभावित थे जस की तरह रहे। शाह ने कहा कि मौजूदा स्थिति यह है कि 19 मई, 2026 तक, जो क्षेत्र कभी नक्सलवाद की गिरफ्त में थे, वहां अब विकास का एक नया स्वरूप आकार लेता हुआ दिखाई देगा। कल ही मैंने वीर शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा का उद्घाटन किया है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा यहां करीब दो सौ सुरक्षा कैंप बनाए गए। उस कैंप में सुरक्षाबल के जवान रहकर क्षेत्र की सुरक्षा की चिंता करते थे। अब बस्तर नक्सल मुक्त हो गया है। हमने तय किया है कि प्रथम चरण में 200 कैंपों में से 70 कैंप को वीर शहीद गुंडाधुर सेवा डेरा में तब्दील करेंगे। इसका उद्देश्य सरकार को गांवों में लोगों के घर तक ले जाना है। सरकारी सुविधाओं को बस्तर के हर आदिवासी भाई-बहन के घर तक ले जाना है। शाह ने बताया कि बस्तर वासियों को एक ही जगह पर सभी सुविधाएं मिलेंगी और इस कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से राज्य और केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिलेगा तथा वहां आंगनबाड़ी और स्कूल भी होंगे।

ट्रांसपोर्टरों की मांगों पर दिल्ली की मुख्यमंत्री से चर्चा, जल्द समाधान की उम्मीद: गडकरी

नयी दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में 21 मई से ट्रांसपोर्टर हड़ताल की घोषणा के बीच केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से चर्चा की है और इसका जल्द समाधान निकलने की उम्मीद है।

ट्रांसपोर्टर संगठन एआईएमटीसी ने दिल्ली में वाणिज्यिक वाहनों पर बढ़ाए गए पर्यावरण क्षतिपूर्ति अधिभार (ईसीसी) और बीएस-4 या उससे पुराने वाहनों पर प्रस्तावित प्रतिबंध के विरोध में तीन दिन के लिए हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआईएमटीसी) के बैनर तले दिल्ली-एनसीआर के 68 से अधिक ट्रांसपोर्ट संगठन तीन दिन तक अपने परिचालन बंद रखेंगे। यह निकाय देशभर में 95 लाख ट्रक चालकों और 26 लाख निजी बस, टैक्सी और मैक्सी कैब संचालकों के प्रतिनिधित्व का दावा करता है। गडकरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इस हड़ताल के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से चर्चा की है। हम जल्द ही इस मुद्दे का समाधान निकाल लेंगे। एआईएमटीसी ने इस हड़ताल के आह्वान के लिए केंद्र सरकार के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और दिल्ली सरकार की अन्यायपूर्ण और मनमानी नीतियों को जिम्मेदार बताया है। दिल्ली सरकार ने पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों पर ईसीसी में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ हर साल पांच प्रतिशत शुल्क वृद्धि का भी निर्णय लिया था। हल्के वाणिज्यिक वाहनों एवं दो-एक्सल ट्रक पर 19 अप्रैल से शुल्क को 1,400 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये और तीन-एक्सल एवं भारी वाहनों पर 2,600 रुपये से बढ़ाकर 4,000 रुपये कर दिया गया है। ट्रांसपोर्टर निकाय का कहना है कि इन उपायों से परिवहन क्षेत्र और उससे जुड़े लोगों की आजीविका पर गंभीर असर पड़ा है। संस्था ने आरोप लगाया कि ईसीसी दिल्ली आने वाले सभी मालवाहक वाहनों पर लगाया जा रहा है।

संक्षेप

मंगलवार को बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

धार (मध्यप्रदेश)। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा धार जिले में स्थित भोजशाला को देवी सरस्वती का मंदिर करार दिए जाने और फिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की ओर से हिंदू समुदाय को धार्मिक गतिविधियों के लिए उसमें निर्बाध प्रवेश की अनुमति दिए जाने के बाद पहले मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पूजा-अर्चना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सरस्वती वंदना की, हनुमान चालीसा का पाठ किया, मिठाइयां बांटी, पटाखे छोड़े, शंख बजाए और हवन कीर्तन भी किया। कुछ ही देर बाद जिले के प्रमुख हिंदू संगठन और पिछले कई दशकों से भोजशाला को पूर्ण रूप से हिंदुओं को सौंपने एवं वहां नियमित पूजा-अर्चना के अधिकार के लिए संघर्षरत रही भोज उत्सव समिति ने आगामी शुक्रवार को जुमे के नमाज के दिन मंदिर में महाआरती के आयोजन की घोषणा की और कहा कि हिन्दू समाज उत्साह एवं भक्ति के साथ भोजशाला में वाग्देवी की पूजा-अर्चना करेगा। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भोजशाला को देवी सरस्वती का मंदिर करार दिया था, जिसके अगले ही दिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को हिंदू समुदाय को पूजा-अर्चना और अन्य गतिविधियों के लिए स्मारक में निर्बाध प्रवेश की अनुमति दे दी।

जैविक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत

भुवनेश्वर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार से उर्वरक खरीदने में आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया तथा राज्यों और किसानों से जैविक खेती को एक विकल्प के तौर पर तेजी से अपनाने की अपील की।

भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्र कृषि सम्मेलन को संबोधित करते हुए, चौहान ने कहा कि केंद्र वैश्विक आपूर्ति की दिक्कतों के बावजूद किसानों के लिए उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर मुमकिन कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरक आसानी से नहीं मिलते। भारत सरकार हमारे किसानों के लिए जहां भी उपलब्ध हैं, वहां से उर्वरकों को खरीदने की पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने मौजूदा आपूर्ति की कमी के दौरान सब्सिडी वाले उर्वरक के गलत और बेजा इस्तेमाल को रोकने की जरूरत पर जोर दिया। चौहान ने कहा कि हमें यह पक्का करना होगा कि सब्सिडी वाले उर्वरक किसी दूसरे क्षेत्र में न जाएं। साथ ही, नकली और खराब गुणवत्ता वाले उर्वरक, जो फसलों और किसानों पर बुरा असर डालते हैं, उन्हें भी रोकना होगा। जहां भी ऐसी गड़बड़ियां पाई जाएं, राज्यों को सख्त कार्वाई करनी चाहिए।

जब तक मौजूदा सरकार नहीं बदलती, महंगाई बढ़ती रहेगी : राहुल

रायबरेली (उप्र)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक मौजूदा सरकार नहीं बदलती, महंगाई बढ़ती रहेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह कभी नॉर्वे का दौरा करते हैं, कभी जापान का, जबकि लोगों से विदेश यात्राओं से बचने का आग्रह करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक मौजूदा सरकार नहीं बदलती, महंगाई बढ़ती रहेगी।

राहुल गांधी रायबरेली जिले के बछरावां में एक बारात घरै के उद्घाटन के बाद आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। पश्चिम एशियाई संकट का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध छिड़ गया। इस संघर्ष के दौरान, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा कर लिया - जो एक रणनीतिक स्थान है। वहां से दुनिया के तेल का एक बड़ा हिस्सा गुजरता है। ईरान ने घोषणा की कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी पकड़ नहीं छोड़ेगा। परिणामस्वरूप, पूरी दुनिया अब तेजी से तेल, उर्वरक और डीजल की गंभीर कमी का सामना करने लगी है।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी देश से सोना न खरीदने, इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल करने और विदेश यात्रा से बचने का आग्रह करते हैं, लेकिन इसके तुरंत बाद ही वह विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं। उन्होंने कहा, दुख की बात यह है कि एक भयंकर आर्थिक तूफान आ रहा है, जिसे कोई नहीं रोक सकता, ऐसा तूफान हमने अपने जीवन में कभी नहीं देखा। दर्शकों से सवाल करते हुए उन्होंने पूछा कि नुकसान किसका होगा? और उन्होंने जवाब दिया, न तो अंबानी का होगा और न ही अदाणी का। वे अपने महलों में बैठे रहेंगे, जिनकी चारों तरफ से सुरक्षा है। नुकसान भारत के किसानों, मजदूरों, युवाओं, छोटे व्यापारियों और रोजगार पैदा करने वाले छोटे उद्योगों का होगा। गांधी ने कहा मैं महीनों से कहता आ रहा हूं कि एक आर्थिक तूफान आने वाला है। मैंने सरकार से तैयारी करने का आग्रह किया है, क्योंकि जनता को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। पेट्रोल की कीमतें बढ़ने वाली हैं और महंगाई आसमान छूएगी। फिर भी, वे कहते हैं कि राहुल गांधी को कुछ समझ नहीं है। आज भी हम उनसे कहते रहते हैं- कार्वाई कीजिए। जनता की रक्षा कीजिए। किसानों की रक्षा कीजिए। लेकिन वे कुछ नहीं करते। कभी वह (मोदी) नॉर्वे चले जाते हैं, कभी जापान, और फिर कहीं और। क्यों? विपक्ष के नेता ने एक बार फिर दोहराया कि एक ऐसा तूफान आ रहा है, जिसका सामना भारत ने पहले कभी नहीं किया।

ईपीएफओ सदस्यों को जल्द मिलेगी यूपीआई से पैसा निकालने की सुविधा

नयी दिल्ली। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अंशधारक जल्द ही यूपीआई के जरिये कर्मचारी भविष्य निधि से पैसा निकाल कर सीधे अपने बैंक खातों में अंतरित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यूपीआई भुगतान गेटवे के जरिये कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से पैसा निकालने के लिए परीक्षण का काम पूरा हो चुका है।

मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि ईपीएफओ सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न पहल कर रहा है। मांडविया ने कहा, हमने यूपीआई भुगतान गेटवे का उपयोग करके ईपीएफ से पैसा निकालने की सुविधा देने को लेकर परीक्षण कार्य पूरा कर लिया है। इस सुविधा के तहत निकाली गई राशि सीधे सदस्य के बैंक खाते में अंतरित कर दी जाएगी। श्रम मंत्रालय एक ऐसी परियोजना पर काम कर रहा है जिसके तहत ईपीएफ के एक निश्चित हिस्से पर रोक रहेगी और एक बड़ा हिस्सा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करके उनके बैंक खाते के माध्यम से निकाला जा सकेगा। सदस्य अपने लिंक किए गए बैंक खातों में पैसा अंतरित करने के लिए उपलब्ध पात्र ईपीएफ राशि देख सकेंगे। वे अपने बैंक खातों में सुरक्षित रूप से धन अंतरण सुनिश्चित करने के लिए लेनदेन पूरा करने को लिंक किए गए यूपीआई पिन का उपयोग कर सकेंगे। एक बार बैंक खातों में धनराशि स्थानांतरित हो जाने के बाद, सदस्य एटीएम से निकासी समेत अपनी इच्छानुसार इसका उपयोग कर सकते हैं। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन इस प्रणाली के सुचारू कार्यान्वयन के लिए सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याओं को दूर करने का प्रयास कर रहा है। इससे सात करोड़ से अधिक अंशधारकों को लाभ होगा। वर्तमान में, ईपीएफओ सदस्यों को अपने ईपीएफ खाते तक पहुंचने के लिए निकासी दावों के लिए आवेदन करना पड़ता है, जिसमें समय लगता है।

उद्योग जगत को मौजूदा हालात में घबराने की जरूरत नहीं

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को उद्योग जगत से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को अवसर में बदलने का आह्वान करते हुए कहा कि मौजूदा हालात में घबराने की जरूरत नहीं है। गोयल ने यहां इंडिया बिजनेस रिफॉर्म समिट 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों को भारत के लिए कारोबारी प्रक्रियाओं को मजबूत करने, सुधारों को तेज करने और आपूर्ति शृंखलाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी किसी संकट को यूं ही नहीं जाने दिया है मौजूदा वैश्विक स्थिति भी एक अवसर है, जिसमें हमें अपने व्यवसायिक ढांचे को और मजबूत करने के तरीके खोजने होंगे। गोयल ने कहा कि कोविड-19 काल के अनुभवों ने डिजिटल माध्यमों और दूरस्थ कार्य प्रणाली की उपयोगिता को साबित किया है। साथ ही

पश्चिम एशिया संकट और कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी नई प्रौद्योगिकी भी उद्योग के लिए नए अवसर लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के हालात में हमें घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने उद्योग जगत से दक्षता बढ़ाने और अपव्यय घटाने का आह्वान करते हुए कहा कि कंपनियों को जापान की विनिर्माण प्रणालियों समेत वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेनी चाहिए। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, भारत का निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 863 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जिसमें वस्तुओं एवं सेवाओं दोनों का योगदान रहा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के कारण भारतीय उत्पादों के लिए नए बाजार खुल रहे हैं और इनका लाभ निवेश आकर्षित करने एवं निर्यात बढ़ाने के लिए उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार औद्योगिक पार्कों में सभी मंजूरियों के लिए एकल खिड़की प्रणाली स्थापित करने की संभावना पर विचार कर रही है। गोयल ने उद्योग से सरकार के साथ मिलकर कारोबारी सुगमता बढ़ाने और समस्याओं की पहचान करने में सहयोग करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत अब 1,000 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है।

इंटरटेनमेंट...

'हनु-मैन' 25 जून को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

मुंबई। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की थी और भारतीय सुपरहीरो फिल्मों के लिए नई शुरूआत मानी गई थी। तेलुगु सुपरहीरो फिल्म 'हनु-मैन' एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करने जा रही है। इस बार फिल्म को 3डी फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा, जिससे दर्शकों को पहले से ज्यादा भव्य और

अगले भाग में ऋषभ शेट्टी की एंट्री से बढ़ा फैंस का रोमांच

रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलने वाला है। निमार्ताओं ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि 'हनु-मैन 3डी' 25 जून 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह फिल्म पहले दर्शकों के दिलों पर राज कर चुकी है और अब नए अंदाज में लौट रही है। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की थी और भारतीय सुपरहीरो फिल्मों के लिए नई शुरूआत मानी गई थी। फिल्म की कहानी काल्पनिक गांव अंजनाद्री पर आधारित है, जहां हनुमंथु नाम का एक साधारण युवक भगवान हनुमान की दिव्य शक्तियां प्राप्त करने के बाद लोगों की रक्षा करता है। इसमें तेजा के अलावा अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथकुमार, समुद्रकानी और विनय राय ने भी अहम किरदार निभाए थे।

निर्देशक प्रशांत वर्मा की यह फिल्म उनके सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली कड़ी मानी जाती है। फिल्म की सफलता के बाद अब इसके अगले भाग 'जय हनुमान' को लेकर भी दर्शकों में काफी उत्साह है। खबरों के मुताबिक, आगामी फिल्म में ऋषभ शेट्टी भी नजर आ सकते हैं। जिनका पहला लुक भी मेकर्स ने बाते साल ही रिवील कर दिया था। ऐसे में अब 'हनु-मैन 3डी' की दोबारा रिलीज को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्सुकता देखने को मिल रही है और माना जा रहा है कि फिल्म एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर बड़ा रिकॉर्ड बना सकती है।

भोपाल सुसाइड केस के बाद कंगना रनोट की सलाह

मुंबई। एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद कंगना रनोट ने देश में सामने आ रहे दहेज उत्पीड़न और सुसाइड के मामलों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। भोपाल में एक 33 साल की महिला की संदिग्ध मौत के बाद कंगना ने सोशल मीडिया पर महिलाओं के लिए एक लंबा पोस्ट लिखा। कंगना ने युवा महिलाओं को सलाह दी है कि वे शादी से पहले अपने करियर और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता दें। उन्होंने समाज पर भी निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय समाज शादी के बाद बेटियों को उनके हाल पर छोड़ देता है। सोशल मीडिया पर दी करियर बनाने की सलाह कंगना रनोट ने मंगलवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा कि हर दिन शादीशुदा युवा महिलाओं से संबंधित दुखद खबरें सामने आ रही हैं।

'खतरों के खिलाड़ी 15' में दिखेंगी शगुन शर्मा

मुंबई। टीवी एक्ट्रेस शगुन शर्मा अब रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आने वाली हैं। दैनिक भास्कर से खास बातचीत में शगुन ने अपने सबसे बड़े डर, मुंबई आने के संघर्ष, मानसिक मजबूती और 'खतरों के खिलाड़ी' को लेकर अपनी तैयारी पर बात की। मुझे सबसे ज्यादा डर हाइट्स से लगता है। जब भी मैं बहुत ऊंचाई पर जाती हूं, तो मैं कांपने लगती हूं। कई बार तो फ्रीज भी हो जाती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह शो उस डर को हराने का बहुत अच्छा प्लेटफॉर्म है। मैं खुद को यही समझाऊंगी कि मैं सुरक्षित हूं। शो के दौरान पूरी सेफ्टी होती है। असली डर यही होता है कि कहीं गिर न जाएं या कुछ हो न जाए।

राष्ट्रपति भवन में 'आखिरी सवाल' की स्क्रीनिंग

मुंबई। राष्ट्रपति भवन जैसे प्रतिष्ठित स्थल पर फिल्म की स्क्रीनिंग होने से फिल्म को लेकर इंडस्ट्री और राजनीतिक गलियारों में चचाएं तेज हो गई हैं। संजय दत्त स्टारर 'आखिरी सवाल' इन दिनों लगातार विवादों में बनी हुई है। यूएई में फिल्म पर कथित प्रतिबंध और भारत में दायर पीआईएल की खबरों के बीच अब इस फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार (17 मई) को राष्ट्रपति भवन में फिल्म की एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी गई. यह स्क्रीनिंग ऐसे समय में की गई, जब फिल्म अपनी रिलीज से जुड़े विवादों के कारण पहले से ही सुर्खियां बटोर रही है। 'आखिरी सवाल' अपनी बेबाक कहानी और

ऐतिहासिक संदर्भों को लेकर चर्चा का विषय बनी हुई है। यह फि ल्म 15 मई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई और तब से लेकर अब तक यह दर्शकों और समीक्षकों, दोनों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। राष्ट्रपति भवन जैसे प्रतिष्ठित स्थल पर फिल्म की स्क्रीनिंग होने से फिल्म को लेकर इंडस्ट्री और राजनीतिक गलियारों में चचाएं तेज हो गई हैं। 'आखिरी सवाल' को एक गंभीर सामाजिक मुद्दे पर आधारित फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म अपने विषय और उससे जुड़े राजनीतिक विमर्श की वजह से पहले ही सुर्खियों में थी। अब राष्ट्रपति भवन में स्क्रीनिंग ने इसे और ज्यादा चर्चा में ला दिया है। इस फिल्म का निर्देशन अभिजीत मोहन वारंग ने किया है और इसे उत्कर्ष नैथानी ने लिखा है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com